डाक पंजीयन क्र. ई-2/ओ.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 12.10.2020 से 18.10.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-41 ▶ मूल्य ₹10.00

अभ्यर्थियों के चुनाव खर्च पर सख्ती से रखी जाएगी नजर - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

"भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा की अध्यक्षता में विधानसभा उप निर्वाचन-2020 में निर्वाचन व्यय निगरानी के नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर सख्ती से नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संदेहास्पद लेन-देन पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। प्रदेश के उप निर्वाचन वाले 19 जिलों में सघन जांच करें। स्टार प्रचारकों की सभाओं एवं कार्यक्रमों के खर्च पर निगरानी रखी जाये। सभी विभागों के नोडल अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें।"

मध्यप्रदेश की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा विधानसभा उपचुनाव-2020 के तहत निर्वाचन व्यय निगरानी के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करती हुईं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा ने बैठक में बैंकों को चेकबुक की व्यवस्था, संदेहास्पद लेन-देन की जानकारी, सीआईएसएफ को एयरपोर्ट/एयर स्ट्रिप/हेलीपेड पर चेकिंग की व्यवस्था करने एवं एयर इंटेलिजेंस यूनिट के साथ समन्वय बनाने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग को अवैध वाहनों की सघन चेकिंग तथा स्टार प्रचारकों के वाहनों के परमिट जारी करते समय दस्तावेजों की जांच तथा वाहनों पर अनाधिकृत हूटर और सायरन को हटाने के निर्देश दिये। दूरसंचार विभाग को वाहनों में लगे जीपीएस सिस्टम को ट्रैक करने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये एक मजबूत नेटवर्क की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। रेलवे के नोडल अधिकारी को स्टेशनों पर अवैध सामग्री, मदिरा, धन, अवैध हथियार की रोकथाम के लिये कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरूण कुमार तोमर ने कहा कि अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय निगरानी के लिये पुलिस विभाग की टीमों द्वारा तेजी से कार्यवाही प्रारंभ की जाये। उन्होंने आयकर विभाग को संदेहास्पद लेन-देन वाले खातों की जांच करने एवं आवकारी के उड़नदस्ते द्वारा छापे की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में पुलिस, आयकर, आवकारी, नारकोटिक्स, एयरपोर्ट अथॉरिटी, बैंक, परिवहन, रेलवे एवं सीआईएसएफ के अधिकारी उपस्थित थे।

एमबीए/एमसीए

पूर्व वर्षों के परिणामों के आधार पर होगा प्रवेश

भोपाल, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एमबीए तथा एमसीए पाठ्यक्रम की ऑनलाइन ऑफ कैम्पस काउंसलिंग में स्नातक पाठ्यक्रमों के पूर्व वर्षों के परीक्षा परिणामों के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। यह व्यवस्था केवल शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिए ही लागू होगी। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत लिया गया है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के कारण स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सके हैं। ऐसे में उन सभी विद्यार्थियों के स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के पूर्व वर्षों के परीक्षा परिणामों के आधार पर प्रावधिक प्रवेश दिया जायेगा।

श्रमोदय आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 18 अक्टूबर को

भोपाल, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा स्थापित श्रमोदय आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिये परीक्षा वर्ष 2020 का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा भोपाल, इन्दौर, जबलपुर तथा ग्वालियर जिला मुख्यालयों पर 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी।

भारत निर्वाचन आयोग

प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावों के लिये स्क्रीनिंग कमेटी गठित

भोपाल, विधानसभा उपनिर्वाचन-2020 की आचार संहिता प्रभावशील होने से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किये जाने वाले प्रस्ताव का परीक्षण/अनुशंसा करने के लिये राज्य शासन द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है। इस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग तथा जिस विभाग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जावेगा, उसके अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव भी कमेटी के सदस्य होंगे।

जारी आदेश के मुताबिक अब कोई भी विभाग विधानसभा उपनिर्वाचन के संदर्भ में जारी आचार संहिता के दौरान अपना प्रस्ताव स्क्रीनिंग कमेटी के परीक्षण/अनुशंसा के पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के माध्यम से अथवा सीधे भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित नहीं करेगा। स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पूर्व प्रशासकीय विभाग भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों/स्पष्टीकरण का पर्याप्त अध्ययन और उसके अनुसार परीक्षण करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के सुसंगत निर्देशों/आदेशों का हवाला देते हुए उसे संदर्भित करेगा। प्रशासकीय विभाग को अपने प्रस्ताव में यह औचित्य भी दर्शाना होगा कि प्रस्ताव अत्यंत महत्वपूर्ण क्यों है और निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक इसे क्यों नहीं रोका जा सकता है।

भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाने वाला प्रस्ताव स्वयं स्पष्ट टीप के रूप में भेजा जायेगा न कि नस्ती के रूप में। प्रस्ताव भेजने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय में लगने वाले संभावित समय का विशेष ध्यान रखना होगा। प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे।

कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए स्टार प्रचारकों के संबंध में आयोग के निर्देश

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग ने स्टार प्रचारकों के संबंध में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी किये हैं। इसके तहत् आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के लिये स्टार प्रचारकों की संख्या 40 से घटाकर 30 कर दी गई है और पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के लिये यह संख्या 20 से घटाकर 15 कर दी गई है।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि सभी दल नामांकन की अधिसूचना दिनांक से अब 7 दिवस की बजाय 10 दिवस तक स्टार प्रचारकों की सूची प्रस्तुत कर सकेंगे। स्टार प्रचारकों की सभा या कार्यक्रम की अनुमति के लिये 48 घंटे पहले संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कोरोनाकाल को देखते हुये चुनावों के लिये दिशा-निर्देश पहले ही जारी किये गये हैं।

ऑब्जर्वर ब्रीफिंग

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के साथ-साथ सुरक्षित मतदान करायें

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस मुख्यालय भोपाल में ऑब्जर्वर ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री सुनील अरोरा ने कहा कि प्रदेश में चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सुरक्षित मतदान सम्पन्न कराये जायें। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि के रूप में ऑब्जर्वर का कार्य आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन का सूक्ष्मता से दृष्टि रखना है तथा निर्वाचन से जुड़ी अहम जानकारियां समय-समय पर आयोग के संज्ञान में लाना है। ऑब्जर्वर्स ब्रीफिंग में भोपाल से 39 अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष से, ग्वालियर और इंदौर से 3-3 तथा मुरैना और रीवा से एक-एक अधिकारी ने आब्जर्वर के रूप में स्थानीय एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से हिस्सा लिया। प्रदेश की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वीरा राणा द्वारा ब्रीफिंग के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गईं।

ऑब्जर्वर्स के मोबाइल नंबर की जानकारी समाचार पत्रों में होगी प्रकाशित

ब्रीफिंग में बताया गया कि ऑब्जर्वर्स को जिले में पहुंचने पर तत्काल अपने मोबाइल नम्बर की जानकारी समाचार-पत्रों में प्रकाशित कराना होगी। उन्हें मतदान केन्द्रों की व्यवस्था का निरीक्षण करना होगा तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का जिला प्रशासन द्वारा पालन सुनिश्चित कराना होगा।

मतदाताओं को सुरक्षित रूप से मतदान करने की दृष्टि से आयोग द्वारा ग्लव्स, मास्क एवं सेनेटाइजर की मतदान केन्द्रों पर व्यवस्था के संबंध में भी ऑब्जर्वर्स को जानकारी दी गई।

पोस्टल बैलेट के संबंध में 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं एवं कोविड-19 के मरीजों तथा इसके संदिग्ध मरीजों के संबंध में पोस्टल बैलेट का उपयोग किये जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विभिन्न राज्यों में पूर्व चुनावों में जब्त की गई नगदी के बारे में ऑब्जर्वर्स को अवगत कराया गया। ऑब्जर्वर्स को राजनैतिक दलों एवं नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा गया। कोविड-19 की गाइडलाइन एवं आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में भी सचेत रहने को कहा गया।

ऑब्जर्वर्स के लिये नियुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के नोडल अधिकारी श्री प्रमोद शुक्ला ने बताया कि ब्रीफिंग में प्रदेश से 35 आईएएस, 5 आईपीएस और 7 आईआरएस अधिकारियों ने भाग लिया।

सी-विजिल एप

ब्रीफिंग में आयोग द्वारा सी-विजिल एप पर जोर दिया गया जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में फोटो खींचकर सी-विजिल एप पर अपलोड कर सकता है। आयोग द्वारा बताया गया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप पर नागरिकों द्वारा भेजी गई 80 प्रतिशत शिकायतें सत्य पाई गयी थीं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जैव-विविधता क्विज-2020 की जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

भोपाल, वन्य-प्राणी सप्ताह के दौरान मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता क्विज-2020 की ऑनलाइन प्रतियोगिता जिला-स्तर पर आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के 52 जिलों के 4 हजार 352 विद्यालयों की टीमों के 13 हजार 176 छात्र-छात्राओं ने लेवल-1 (बहु-वैकल्पिक प्रश्न) में भाग लिया। इसमें सागर जिले में सर्वाधिक 94 प्रतिशत टीमों द्वारा सहभागिता की गई।

मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव श्री जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रत्येक जिले की जिला-स्तरीय प्रतियोगिता के लेवल-1 की विजेता प्रथम 7 टीमों को लेवल-2 (मल्टी मीडिया) की प्रतियोगिता के लिये चयनित किया गया। इसमें कुल 364 टीमों के एक हजार 52 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। लेवल-2 मल्टी मीडिया क्विज परिणाम के आधार पर जिले की प्रथम तीन टीमों को जिला-स्तरीय क्विज विजेता घोषित किया गया।

विजेताओं की सूची वेबसाइट पर

श्री चौहान ने बताया कि जिला-स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य ऑनलाइन जैव-विविधता क्विज-2020 के जिलावार क्विज विजेताओं के नाम बोर्ड की वेबसाइट www.facebook.com पर उपलब्ध हैं। प्रथम विजेता टीम को 3 हजार, द्वितीय विजेता टीम को 2100 रुपये और तृतीय विजेता टीम को डेढ़ हजार की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

3 अक्टूबर

रेलवे 200 से अधिक विशेष ट्रेनें चलायेगा

● भारतीय रेलवे त्योहारी सीजन को देखते हुये यात्रियों को बड़ी राहत देने जा रहा है।

रेलवे ने तय किया है कि त्योहारी सीजन में 200 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जायेंगी। ये ट्रेनें 15 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक चलाई जायेंगी। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ विनोद कुमार यादव ने बताया कि त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिये यह निर्णय लिया गया है। जरूरत पड़ी तो इन ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि दो या तीन दिन से अधिक वेटिंग होने पर क्लोन ट्रेन चलाई जायेंगी।

● सुप्रीम कोर्ट ने हवाई यात्रियों को बड़ी राहत देते हुये उनके टिकट रिफंड से जुड़ी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की सिफारिशों को मंजूरी दे दी है। डीजीसीए ने इस सिफारिश में कहा था कि लॉकडाउन अवधि के दौरान रद्द की गई फ्लाइट की टिकटों का रिफंड क्रेडिट शेल के जरिये होगा। सुप्रीम कोर्ट ने विमानन कंपनियों से कहा कि अगर लॉकडाउन अवधि के दौरान यात्रा का टिकट था तो उसका पैसा तत्काल यात्रियों को वापस करें। वहीं अगर लॉकडाउन के बाद की यात्रा के लिये टिकट रद्द कराया गया था, तो भी कंपनियों को उसका पैसा तीन सप्ताह के भीतर वापस करना होगा।

● इराक में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले बढ़ने लगे हैं। इराक के इरबिल इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाकर 6 मिसाइलें दागी गईं। इन मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया है। इराकी गृह मंत्रालय ने बताया कि ये मिसाइलें निनेवेह प्रांत स्थित बारटेला से दागी गई थीं। बताया जाता है कि इरबिल एयरपोर्ट पर अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के सैनिक मौजूद हैं। अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ बढ़ते रॉकेट हमलों से इराक और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है।

4 अक्टूबर

कोरोना के हालात सुधरने के बाद ही खुलेगा करतारपुर कॉरिडोर

● करतारपुर साहिब कॉरिडोर को श्रद्धालुओं के लिये खोलने पर फैसला

कोरोना के हालात सुधरने तथा प्रतिबंधों में ढील के बाद लिया जायेगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता श्री अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि हम गृह और स्वास्थ्य मंत्रालय सहित सभी संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। भारत की तरफ से करतारपुर कॉरिडोर को खोलने का निर्णय कोरोना प्रोटोकॉल के अनुसार लिया जायेगा और उसी के अनुसार प्रतिबंधों में ढील दी जायेगी। विदेश मंत्रालय का यह बयान पाकिस्तान द्वारा उसकी तरफ करतारपुर कॉरिडोर को यात्रा के लिये खोलने के बाद आया है। उल्लेखनीय है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर 4.7 किलोमीटर लंबा है, जो भारत के गुरुदासपुर स्थित डेरा बाबा नानक साहिब और पाकिस्तान के करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब को जोड़ता है।

● चिली में सामाजिक अधिकारों की मांग और आर्थिक समानता को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन एक बार फिर तेज हो गये हैं। चिली की राजधानी सैंटियागो में हजारों लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन में शामिल हुये। प्रदर्शन के दौरान एक युवक की पुल से नीचे गिरकर मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटा दिया और कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। चिली में यह प्रदर्शन अक्टूबर 2019 से शुरू हुआ था। इस प्रदर्शन से अब तक लगभग 30 लोगों की जान जा चुकी है।

● ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच फिर व्यापारिक संबंध बहाल हो सकते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लिएन के बीच दोनों पक्षों में व्यापार समझौते को लेकर टेलीफोन पर बातचीत के दौरान सहमति बनी है। यूरोपीय संघ ने कहा कि व्यापार समझौता इस माह के अंत तक हो जायेगा। उसके बाद इस समझौते को वर्ष 2021 से लागू करने का पर्याप्त समय होगा। यह समझौता दोनों पक्षों के भविष्य में बनने वाले मजबूत रणनीतिक संबंधों की बुनियाद बनेगा।

5 अक्टूबर

रेलवे स्टेशनों पर खाने की बिक्री को मिली अनुमति

● भारतीय रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत देते हुये रेलवे स्टेशनों पर अपनी खान-पान और विक्रय इकाइयों को तैयार खाने (कुक्ड फूड) की बिक्री की अनुमति प्रदान की है। इस संबंध में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा जारी आदेश में कहा है कि सभी जोन को सलाह दी जाती है कि फूड प्लाजा, फास्ट फूड यूनिट, जन आहार, सेल किचन और रिफ्रेशमेंट रूम के जरिये कुक्ड फूड बेचा जा सकता है। लेकिन इन परिसरों में बैठकर खाना खाने की अनुमति नहीं होगी। यहां से यात्री सिर्फ खाना पार्सल कराकर ले जा सकेंगे। यह सुविधा केवल 31 अक्टूबर तक के लिये लागू होगी।

● आर्मेनिया के साथ जारी लड़ाई के दौरान अजरबेजान ने आर्मेनिया पर आरोप लगाया है कि वह अजरबेजान के नागरिकों पर हमले कर रहा है। अजरबेजान ने चेतावनी दी है कि अगर नागरिक ठिकानों पर हमले बंद नहीं हुये तो वह आर्मेनिया के सैन्य ठिकानों पर हमले कर उन्हें बर्बाद कर देगा। अजरबेजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा कि उनकी सेना के नागोरनो-करबाख इलाके के जवरैल कस्बे पर कब्जा कर लिया है।

6 अक्टूबर

रक्षा मंत्रालय ने पारिवारिक पेंशन के लिये न्यूनतम अर्हता सेवा की अनिवार्यता की समाप्त

● रक्षा मंत्रालय ने रक्षा बलों के कर्मियों के निकट संबंधियों को बढ़ी हुई दर पर साधारण पारिवारिक पेंशन देने के लिये सात वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बढ़ी हुई परिवार पेंशन रक्षाकर्मियों के अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होगी और सर्विस के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने की तारीख से 10 वर्षों के लिये दी जायेगी। इस पेंशन के लिये सात वर्ष तक लगातार सेवा की आवश्यक शर्त को अक्टूबर 2019 से हटा दिया गया है।

● उत्तर कोरिया की एक इंटर कॉन्टिनेंटल

बैलिस्टिक मिसाइल को प्योंगयांग के बाहरी इलाकों में देखा गया है। दक्षिण कोरिया की सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने इन मिसाइलों को 4-4 मोबाइल लॉन्चर्स के साथ शहर की बाहरी सीमा में रखा है। इन मिसाइलों को देखे जाने के बाद से दक्षिण कोरिया में चिंता बढ़ गई है। दक्षिण कोरिया ने कहा कि ये मिसाइल वर्ष 2017 में टेस्ट की गई मिसाइल की तुलना में बड़ी है। रक्षा विशेषज्ञों ने अटकलें लगाई हैं कि उन्नत और शक्तिशाली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने में किसी अन्य देश ने उत्तर कोरिया की मदद की है।

● जर्मनी में जलवायु कार्यकर्ताओं ने जंगलों की सुरक्षा के लिये विरोध सप्ताह की शुरुआत की है। प्रदर्शनकारियों ने बर्लिन स्थित परिवहन मंत्रालय के बाहर रास्ता जामकर सभी मोटर-वे और फेडरल-हाइवे प्रोजेक्ट रोकने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमारे बुनियादी संसाधनों के विनाश को रोका जाये। उन्होंने डेननेरोएडर जंगल में सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ों की कटाई रोकने की मांग की है।

7 अक्टूबर

विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिये अब होगा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट

● देश में सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक के गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये अब एक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट होगा। यह टेस्ट इंजीनियरिंग और मेडिकल पाठ्यक्रम के प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली जेईई और नीट परीक्षा की तर्ज पर होगा। इस टेस्ट की शुरुआत वर्ष 2021-22 शैक्षणिक सत्र से होगी। शुरुआत में इस टेस्ट में सिर्फ केंद्रीय विश्वविद्यालयों को शामिल किया जायेगा, लेकिन आगामी वर्षों में इसमें सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को शामिल किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन का जिम्मा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को सौंपा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिये कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की सिफारिश की गई थी।

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस वर्ष अपने नये रॉकेट 'स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल' (एसएसएलवी) को लॉन्च करने जा रहा है। यह जानकारी इसरो के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर के निदेशक श्री एस. सोमनाथ ने दी। इसरो के अनुसार नये रॉकेट की सबसे बड़ी मोटर ठोस ईंधन वाली बूस्टर मोटर है। इस मोटर की टेस्टिंग नवंबर माह में की जायेगी। इस रॉकेट को श्री हरिकोटा के पहले लॉन्च पैड से लॉन्च किया जायेगा। इसरो के अनुसार, ठोस ईंधन से चलने वाला एसएसएलवी तीन स्टेज/इंजन रॉकेट है। 34 मीटर लंबे इस रॉकेट में 120 टन का भार उठाने की क्षमता है। साथ ही यह एक साथ कई कक्षाओं में सैटेलाइट्स को लॉन्च करने में भी सक्षम है। इस रॉकेट को डेवलप करने में लगभग 120 करोड़ रुपये की लागत आई है।

● केंद्र सरकार ने एन-95 मास्क के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एन-95 मास्क और इससे संबंधित वस्तुओं की निर्यात नीति को संशोधित करते हुये इसे प्रतिबंध से मुक्त श्रेणी में शामिल किया है। इससे अब सभी तरह के मास्क का निर्यात हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने अगस्त 2020 में मास्क निर्यात के लिये हर महीने 50 लाख यूनिट की सीमा निर्धारित की थी।

8 अक्टूबर

इसरो करेगा देसी स्पेस शटल का ब्राउंड लैंडिंग परीक्षण

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस वर्ष नवंबर या दिसम्बर माह में रियूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) को

इसरो ISRO

जमीन पर उतरने का परीक्षण करेगा। इसरो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसरो अमेरिकी स्पेस शटल के समान ही एक देसी स्पेस शटल बनाने का प्रयास कर रहा है, जो पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों को भेजने तथा उन्हें वापस पृथ्वी पर लाने का काम करेगा। इस शटल का परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर में किया जायेगा। परीक्षण में आरएलवी को हेलीकॉप्टर से उठाकर चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा जायेगा। आरएलवी के बनने से इसरो की उपग्रह प्रक्षेपण लागत घट जायेगी।

● सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (सीबीडीटी) ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में लगभग 36 लाख करदाताओं को 1.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक का टैक्स रिफंड किया है। सीबीडीटी ने एक ट्वीट में कहा कि इस वर्ष रिफंड देने की गति बढ़ाई गई है। कोरोना महामारी के मद्देनजर सभी तरह के रिफंड को शीघ्रता से जारी करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीडीटी ने पहले ही आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 30 नवंबर 2020 तक कर दी है।

● भारत और जापान साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक सहयोग समझौते एमओसी पर हस्ताक्षर करने के लिये अपनी मंजूरी दे दी है। समझौते के तहत् दोनों देश साइबर स्पेस के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी में सहयोग, साइबर सुरक्षा आदि क्षेत्र में काम करने के लिये संयुक्त तंत्र विकसित करेंगे।

9 अक्टूबर

दिव्यांग कर्मचारियों और उनके आश्रितों को हर महीने मिलेगा भत्ता

● कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपने सभी क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय कार्यालयों को प्रत्येक महीने बीमाकृत व्यक्तियों और उनके आश्रितों को स्थायी विकलांगता लाभ और आश्रित लाभ वितरित करने के निर्देश दिये हैं। श्रम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय देश में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुये लिया गया है। श्रम मंत्रालय ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सभी क्षेत्रों और उप क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों और उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की जांच नियमित रूप से होना चाहिये।

● रेलवे बोर्ड में सुधार तथा इसे व्यवस्थित बनाने के लिये शीर्ष रेल इकाई में 10 संगठित सेवाओं के सदस्यों की संख्या में लगभग 15 प्रतिशत की कटौती की जायेगी। 24 पदों की कटौती के साथ शीर्ष रेल इकाई में सदस्यों की संख्या 160 से घटकर 136 हो जायेगी। भारतीय रेलवे ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश के अनुसार इन पदों पर नियुक्त वरिष्ठ और मध्यम स्तर के अधिकारियों को उत्तर रेलवे में स्थानांतरित किया जायेगा। आदेश के अनुसार इस कदम का उद्देश्य रेलवे बोर्ड के कार्यालय में संगठित रेल सेवाओं के पदों को युक्तिसंगत बनाना है।

● भारत ने रूस की कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-वी को परखने के लिये देश में व्यापक पैमाने पर परीक्षण करने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) के विशेषज्ञों के एक पैनल ने कहा कि स्पूतनिक-वी परीक्षण के जो आंकड़े आये हैं, वे बहुत कम आबादी पर आधारित हैं, इसमें भारतीय प्रतिभागियों का कोई इनपुट नहीं है। रूसी कंपनी के भारत में परीक्षण एवं वितरण भागीदार कंपनी डॉ. रेड्डीज लैब ने वैक्सीन के ट्रायल के लिये सीडीएससीओ में अर्जी दी थी। सीडीएससीओ ने इन कंपनियों से कहा कि वे पहले छोटे स्तर पर इस वैक्सीन का ट्रायल करें।

सौ से अधिक जनसमूह के कार्यक्रम प्रशासन की अनुमति से आयोजित हो सकेंगे

भोपाल, कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु विधानसभा उप चुनाव के विधानसभा क्षेत्रों में राजनैतिक कार्यक्रमों में जनसमूह के संबंध में गृह विभाग द्वारा भारत सरकार की नवीन गाइडलाइन अनुसार दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि जिला प्रशासन की अनुमति से खुले मैदान में 100 से अधिक संख्या में जनसमूह के राजनैतिक कार्यक्रम फेस मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाइजेशन और थर्मल स्क्रेनिंग की व्यवस्थाओं के पालन की शर्तों के साथ आयोजित हो सकेंगे।

डॉ. राजौरा ने बताया कि आयोजकों को जिला प्रशासन के समक्ष लिखित आवेदन प्रस्तुत करना होगा, जिसमें कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थान एवं संभावित जनसमूह की संख्या का उल्लेख करना जरूरी होगा। जनसमूह की संख्या एवं शर्तों का पालन कराने की जिम्मेदारी आयोजकों की रहेगी। जिला कलेक्टरों द्वारा आवेदन पर विचार करने के बाद कार्यक्रम की लिखित अनुमति प्रदान की जायेगी। किसी भी हालत में उक्त कार्यक्रम कंटेन्मेंट जोन में आयोजित नहीं हो सकेंगे।

कार्यक्रम की वीडियोग्राफी आयोजकों को कार्यक्रम समाप्ति के 48 घंटे में प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 37, अंक 41 12.10.2020 से 18.10.2020

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश विधानसभा उपचुनाव

मध्यप्रदेश में 28 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव सम्पन्न होने जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने इन उपचुनावों के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नामांकन प्रक्रिया के लिये निर्वाचन आयोग ने इस प्रकार व्यवस्था की है। सीईओ/डीईओ की वेबसाइट पर भी नामांकन फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। इच्छुक प्रत्याशी इसे ऑनलाइन भरकर इसका प्रिंट लेकर उसे रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रपत्र-I में निर्दिष्ठानुसार जमा कर सकेगा। सीईओ/डीईओ की वेबसाइट पर ही शपथ पत्र ऑनलाइन भरा जाकर उसका प्रिंट लेकर, उसका नोटरीकरण करवाकर उसे रिटर्निंग अधिकारी के पास नामांकन फॉर्म के साथ जमा किया जा सकेगा। प्रत्याशी सुरक्षा निधि को भी ऑनलाइन तरीके से निर्धारित प्लेटफॉर्म पर जमा कर सकता है। यद्यपि प्रत्याशी के पास ट्रेजरी में नगद जमा करने का विकल्प भी रहेगा। प्रत्याशी के पास यह विकल्प रहेगा कि वह निर्वाचक प्रमाणन पाने के लिये ऑनलाइन नामांकन का उपयोग करे। आगे आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि नामांकन जमा करने के लिये प्रत्याशी के रूप में अधिकतम दो व्यक्ति ही जा सकते हैं। नामांकन के लिये जाने वाले वाहनों की संख्या भी अधिकतम दो तक ही सीमित रहेगी। रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में पर्याप्त जगह होनी चाहिये, जिससे नामांकन जांच एवं चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य सामाजिक दूरी का पालन करते हुये किया जा सके। रिटर्निंग अधिकारी को प्रत्याशियों को पूर्व से ही निर्धारित समय आवंटित करना चाहिये। प्रत्याशियों को प्रतीक्षा करने के लिये भी बड़े स्थान की व्यवस्था होना चाहिये। नामांकन फॉर्म एवं शपथ-पत्र जमा करने के लिये समस्त उपाय किये जायेंगे। चुनाव सामग्री और किट एक विशाल एवं पर्याप्त आकार के हॉल में तैयार की जायेगी, जिससे सुरक्षा, सफाई और सामाजिक दूरी के उपायों का परिपालन हो सके। आयोग ने कहा है कि चुनाव सामग्री वितरण एवं संग्रहण के लिये बड़े हॉल/स्थान का चयन करना चाहिये। यथासंभव इस काम को विकेंद्रीयकृत तरीके से आयोजित किया जाये। मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरण/संग्रहण पूर्व निर्धारित समय पर ही किया जाना चाहिये। चुनाव स्टाफ के लिये तृतीय रेण्डमाइजेशन का समय 24 घंटे से बढ़ाकर 72 घंटे कर दिया जाये, ताकि प्रेषण केंद्रों पर भारी भीड़ से बचा जा सके। किसी एक मतदान केंद्र पर 1500 निर्वाचकों के स्थान पर अधिकतम एक हजार निर्वाचक ही रहेंगे। आयोग ने प्रत्येक केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं के लिये विस्तृत निर्देश जारी किये हैं। अब कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुये निम्न अतिरिक्त सुविधाएं/उपाय किये जाने चाहिये। मतदान से एक दिन पहले मतदान केंद्र का अनिवार्य सेनेटाइजेशन किया जाना चाहिये। प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर तापमान मापने के लिये थर्मल स्कैनर होना चाहिये। मतदान केंद्र स्थल/मतदान केंद्र के प्रवेश स्थल पर निर्वाचकों की थर्मल जांच पैरामेडिकल स्टाफ अथवा आशा कार्यकर्ता द्वारा की जाये। प्रथम बार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तय मानकों से ज्यादा तापमान आने पर द्वितीय बार जांच की जायेगी। फिर भी तापमान अधिक रहता है, तो ऐसे मतदाता को टोकन/प्रमाण-पत्र दिया जायेगा तथा उसे कहा जायेगा कि वह मतदान के अंतिम दौर में आये। अंतिम दौर में कोविड-19 के प्रतिरोधक उपायों का अनिवार्यतः पालन कराते हुये ऐसे वोटर से मतदान कराया जायेगा। मध्यप्रदेश में विधानसभा उपचुनाव का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उसी के अनुरूप पूरी तैयारियां की जा रही हैं। कोविड-19 को ध्यान में रखकर मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगे लोगों की सुरक्षा के पूरे उपाय के साथ निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- जलमंडल-2- महासागर पृथ्वी के कुल धरातलीय क्षेत्रफल के 70.8 प्रतिशत भाग को आच्छादित किये हुये हैं। सौर ताप महासागर के जल को गतिशील रखता है। भूमध्य रेखीय क्षेत्र में सूर्य पानी को गर्म कर देता है, जिससे यह फैलकर कुछेक इंच ऊपर उठ जाता है। भूमध्य रेखा में यह अतिरिक्त उठाव पानी को नीचे उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों की ओर बहने के लिये प्रेरित करता है। चूंकि भूमध्य रेखा का गर्म पानी उत्तर और दक्षिण की ओर बहता है, अतः ध्रुवीय क्षेत्रों में भारी ठंडा पानी (क्योंकि पानी में अत्यधिक संघनन होता है।) गर्म जल के नीचे चला जाता है और तल के साथ-साथ धीरे-धीरे भूमध्य रेखीय क्षेत्रों तक फैल जाता है। इस अंतः प्रवाह में पृथ्वी की घूमने की शक्ति के कारण उलझाव हो जाता है। चूंकि पृथ्वी पूर्व की ओर चक्कर लगाती है, इसलिये समुद्र का पानी पश्चिम की ओर आने के लिये प्रेरित होता है और वह उत्तरी गोलार्द्ध में थोड़ा दाहिनी और दक्षिणी गोलार्द्ध में थोड़ा सा बाईं ओर मुड़ जाता है। यह फ्रांसीसी गणितज्ञ के नाम पर कोरिऑलिस प्रभाव के रूप में जाना जाता है, जिसने यह खोज बहुत पहले की थी।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर

लोगों को संतुलित भोजन मिले इसके लिये खाद्य का पर्याप्त उत्पादन जरूरी

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

विश्व की समग्र आबादी में खाद्यान्न की महत्ता को पुनर्प्रतिष्ठापित करने और खाद्य सामग्री की बर्बादी को रोकने के लिये 'विश्व खाद्य दिवस' पर विशेष अभियान चलाये जाते हैं। विश्व की जनसंख्या में हो रही वृद्धि और खाद्य पदार्थों के सीमित भंडार को देखते हुए अब खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र ने 16 अक्टूबर, 1945 को रोम में 'खाद्य एवं कृषि संगठन' (फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन) की स्थापना की थी। विश्व में व्याप्त भुखमरी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने व इसके समापन के लिए वर्ष 1980 में प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था। विश्व समाज के संतुलित विकास के लिए यह आवश्यक है कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास हो। विश्व में लोगों को संतुलित भोजन की इतनी मात्रा मिले कि वे कुपोषण के दायरे से बाहर निकल कर एक स्वस्थ जीवन जी सकें। लोगों को संतुलित भोजन मिल सके, इसके लिए आवश्यक है कि विश्व में खाद्यान्न का उत्पादन भी पर्याप्त मात्रा में हो। भारत में विश्व खाद्य दिवस पर भारतीय संस्कृति के अनुरूप खाद्य पदार्थ को दिव्य स्वरूप में स्वीकार किया जाता है और इस दिन खाद्यान्न के अनुशासित उपभोग और संरक्षण का संकल्प लिया जाता है। इस दिन खाद्यान्न सुरक्षा के पारम्परिक उपायों को अपनाने और नई पीढ़ी को खाद्यान्न के दुरुपयोग को रोकने की सीख दी जाती है।

वैश्विक स्तर पर ऐसे प्रयास हों कि भुखमरी से किसी को न जूझना पड़े

इस दिवस को मनाते हुए कई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन दुनियाभर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में अभी भी अपेक्षित कमी नहीं आई है। इस दिवस के आयोजन का लक्ष्य वैश्विक स्तर पर ऐसे प्रयास करने का है कि विश्व में भुखमरी की स्थिति में भारी गिरावट आये और विश्व के किसी भी हिस्से में साधनहीन और विपन्न आबादी को भुखमरी से न जूझना पड़े। इस मामले में विकासशील या विकसित देशों में किसी तरह का कोई फर्क नहीं है। विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया जा रहा है और इसमें करीब 80 फीसदी लोग विकासशील देशों में रहेंगे। ऐसे में किस तरह खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, यह एक बड़ा प्रश्न है। एक ओर तो ऐसे सम्पन्न लोग हैं जो प्रतिदिन काफी पका हुआ भोजन फेंक देते हैं, तो दूसरी ओर ऐसे विपन्न लोग हैं, जिन्हें एक समय भी भरपेट भोजन नहीं मिलता है। खाद्यान्न की इसी असमान उपलब्धता और संवितरण की समस्या को देखते हुए '16 अक्टूबर' को हर साल 'विश्व खाद्य दिवस' मनाने की घोषणा की गई थी। विश्व में खाद्यान्न के उत्पादन में बढ़ोत्तरी के बावजूद उसके असमान वितरण के कारण भुखमरी की समस्या का प्रसार हो रहा है। भारत में सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के कारण मिल-बांट कर खाने और किसी को भी भूखा न रखने का जो जीवन दर्शन है उसका इस दिन व्यापक प्रचार किया जाता है। हमारे देश में सिक्ख सम्प्रदाय की 'लंगर' परम्परा इसी का एक प्रचलित स्वरूप है।

खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिये भी इस एक अवसर पर विचार-विमर्श होता है

विश्व खाद्य दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य विश्व में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिये व्यापक विचार-विमर्श होता है। इसके लिए विकासशील देशों के मध्य तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग बढ़ाने और विकसित देशों से आधुनिक तकनीकी मदद उपलब्ध कराने के भी प्रयास होते हैं। संयुक्त राष्ट्र और खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार विश्व में खाद्यान्न की कीमतों में जब गैर आनुपातिक बढ़ोत्तरी होती है और विश्व का एक बड़ा भू-भाग खाद्यान्न संकट का सामना करता है, तब विश्व खाद्य दिवस पर सभी प्रभावशाली देश इस संकट से उबरने की तजवीज़ भी करते हैं। जननांकिकीय अनुमान के अनुसार विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया जा रहा है और इस बड़ी आबादी के लिये खाद्यान्न जरूरत भी व्यापक होगी। इस दिशा में विश्व खाद्य दिवस पर उत्पादन की मात्रा में बढ़ोत्तरी की तजवीज़ भी की जाती है। इसके साथ ही खाद्यान्न के असमान वितरण के कारणों का भी विश्लेषण किया जाता है। खाद्यान के उत्पादन में मात्रिक (क्वांटिटेटव) और गुणात्मक (क्वालिटेटिव) बढ़ोत्तरी के लिये भी अनुसंधान पर भी इस दिन विमर्श होता है। विश्व के सकल खाद्यान उत्पादन की यदि हम बात करें तो वो समुचित ही माना जायेगा मगर विभिन्न देशों की जरूरत के मुताबिक खाद्यान का असमान वितरण परेशानी का कारण है और विश्व खाद्य दिवस पर इस परेशानी का समाधान खोजने का यत्न भी किया जाता है।

कोरोना संक्रमण काल में खाद्य आपूर्ति के बड़े कदम

कोरोना संक्रमण काल में खासकर लॉकडाउन में जब देश के असंगठित कामगार और अपने मूल निवास से बाहर काम करने गये कामगार वहां फंस गये थे, तब उन्हें भुखमरी, बेरोज़गारी और परिस्थितिजन्य पलायन के कठिन दौर से गुजरना पड़ा था। ऐसे समय में सरकार, जनकल्याणकारी संस्थाओं और सामान्यजन ने अपनी क्षमता से बढ़कर काम किया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत के कुल कार्यबल का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, इनमें एक तिहाई कैजुअल मजदूर हैं। आरम्भ में लॉकडाउन के कड़े प्रावधानों के कारण इनको संकट का सामना करना पड़ा जल्दी ही केंद्र सरकार ने इस वर्ग को जो जहां है वहीं उन्हें अनाज मुहैया करवाकर उन्हें भुखमरी से बचाया। साथ ही कामगारों को जनता ने खाद्यान और दीगर उपभोक्ता सामग्री मुहैया करवाई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (नेशनल फूड सिक्यूरिटी एक्ट) भारत में लागू होने के बाद से भारतीय जनसंख्या की गरीब आबादी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) में शामिल हुई और इसका लाभ इस वर्ग को कुछ औपचारिकताओं से छूट देकर दिलवाया गया। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों ने विभिन्न प्रचलित योजनाओं और नये पैकेज में कोरोना काल के पीड़ितों को व्यापक खाद्यान्न सहायता दी है।

कुपोषण से मुक्ति के लिये भी इस दिन संकल्प लिया जाता है

विश्व खाद्य दिवस पर विश्व से भुखमरी की समाप्ति के साथ ही कुपोषण से मुक्ति का संकल्प भी लिया जाता है। विकासशील और अविकसित देशों में कुपोषण की समस्या कुछ ज्यादा है और इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में सितम्बर माह को 'राष्ट्रीय पोषण माह' के रूप में मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्ति और एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पोषण अभियान के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना था। भारत में मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में कुपोषण एक मुख्य कारण है। भारत में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा नीति आयोग द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2017-2018 में राष्ट्रीय पोषण अभियान शुरू किया था। इस मिशन का लक्ष्य कुपोषण और जन्म के समय बच्चों का वजन कम होने संबंधी समस्याओं को प्रत्येक वर्ष 2 प्रतिशत तक कम करना है। इसके साथ ही कुपोषण के उन्मूलन से संबंधित सभी मौजूदा योजनाओं एवं कार्यक्रमों को एकजुट कर एक बेहतर और समन्वित मंच प्रदान करना है। इससे देश में कुपोषण की समस्या से छुटकारा पाया जा सकेगा। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि कुपोषण से सर्वाधिक प्रभावित बच्चे ही होते हैं।

सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है

विश्व में विकास के डेढ़ दशक के जो सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों की रीति-नीति बनाई गई थी। उन लक्ष्यों की प्राप्ति में भी कृषि को प्राथमिक लक्ष्यों में रखा गया था। अब जबकि विश्व के अन्य देशों के साथ ही भारत में भी सतत् विकास लक्ष्य-2030 (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-2030) के अनुसार विकास की योजनाएं बनाई गई हैं, उसमें भी कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। भारत सहित सभी विकासशील देश इस बात को महसूस करते हैं कि यदि सतत विकास लक्ष्य-2030 को प्राप्त करना है तो कृषि पर ही फोकस करने की जरूरत होगी। कृषि क्षेत्र में अधिक निवेश, कृषि के लिये अनिवार्य अधोसंरचना के विकास यथा- कोल्ड स्टोरेज (प्रशीतन गृहों) के निर्माण, कृषि उपज मंडियों तक सड़कों के निर्माण और राष्ट्रीय कृषि बाजार और कृषि उपज मंडियों के बीच सतत सम्पर्क स्थापित करने के प्रयत्न होंगे। कृषि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये कोल्ड स्टोरेज और सप्लाई चेन में निवेश बढ़ाने के लिये निजी कम्पनियों को भी आगे लाना होगा। सतत् विकास लक्ष्यों की इन प्राथमिकता के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये वस्तुतः सार्वजनिक क्षेत्रों और निजी क्षेत्रों दोनों को समन्वित प्रयास करने होंगे तभी वांछित लक्ष्य प्राप्त होंगे।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि., वि./यां. संभाग रीवा

क्रमांक/2449/कार्य/निविदा/2020-21 रीवा, दिनांक 26.09.2020
निविदा क्र. D-29/2020-21 रीवा, दिनांक 26.09.2020

निविदा आमंत्रण - सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदा का संक्षिप्त विवरण।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जिला चिकित्सालय अनूपपुर, सीधी, उमरिया में 33 के.व्ही. लाइन एच.टी. विद्युत कनेक्शन का कार्य।

टेंडर आई.डी. क्रमांक	आमंत्रण क्र.	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की अनुमानित राशि	अमानती राशि	भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने का कार्यालय
2020_PWDRB_109767_1	तृतीय आमंत्रण	छः माह सुपरवीजन आर्डर उपरान्त	'अ' श्रेणी या उच्च विद्युत ठेकेदार	24503978/-	245040/-	कार्यालय मुख्य अभियंता लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र रीवा दिनांक 13.10.2020 तक समय शाम 5.30 बजे तक

निविदा फार्म online भुगतान कर 12.10.2020 को शाम 5.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। भौतिक दस्तावेज जमा करने की **अंतिम तिथि 13.10.2020** को शाम 5.30 तक होगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिसे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।

नोट :- प्रत्येक टेण्डर अलग-अलग लिफाफे में अलग-अलग स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें अन्यथा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-14676/44488/2020 लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग रीवा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परियोजना खण्ड कटनी
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 51-53/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptender.gov.in** पर कटनी जिले के कटनी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन के अंतर्गत 100 कि.ली. 12 मीटर स्टेजिंग आर.सी.सी. ओवर हेड टैंक निर्माण, मोटर पंप स्थापना, पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य, घर-घर कनेक्शन एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन एवं संधारण कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
51/20_21	2020_PHED_109979	कटनी	03	205.13	205130	15000	6 माह	Registered Under M.P. PWD New centralized registration Scheme
52/20_21	2020_PHED_109980	कटनी	02	150.58	150580	12500	6 माह	
53/20_21	2020_PHED_109981	कटनी	02	189.93	189930	12500	6 माह	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 26.10.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 26.10.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 28.10.2020 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-14655/44487/2020 परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. - 07622-225752

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष - 07642-252443, ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in, फैक्स - 07642-253622
निविदा क्र. 73 से 80/2020-21/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2020 मण्डला, दिनांक 25.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 12.10.2020** सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 14.10.2020 सायं 15.00 बजे के पश्चात है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

Name Of Work :- Retrofitting of Pipe Water Supply Scheme of FHTC and RCC overhead Tank and Sumpwell at various Villages of different Blocks of District Mandla Including Cost of All Matarial and Labour with 90 Days Trail Run/Commissioning period of Successful Entire Scheme.

NIT No.	Tender ID No.	Name of Villages	Name of Block	Probable Amount	EMD	Tender Doc. Fee	Time
73-2020-21	2020_PHED_108929_1	Pindrai Padariya, Chicholi, Dhatura, Subhewada.	Nainpur	155.84	155840	12500	9 माह वर्षाकाल सहित
74-2020-21	2020_PHED_108932_1	Khursipar (B), Ramdeori, Ballamdungariya, Kokiwada, Alipur	Nainpur	141.28	141280	12500	9 माह वर्षाकाल सहित
75-2020-21	2020_PHED_108936_1	Medhatal and Barkheda	Bichhiya	56.54	56540	10000	6 माह वर्षाकाल सहित
76-2020-21	2020_PHED_108941_1	Bhanpur, Gorakhpur, Khamtara, Pippardon	Ghughari	115.84	115840	12500	9 माह वर्षाकाल सहित
77-2020-21	2020_PHED_108942_1	Keregaon, Saliwada, Munu, Andiya Jar, Chubhawal, Bhanpur Kala, Raigaon	Mohgaon	196.94	196940	12500	6 माह वर्षाकाल सहित
78-2020-21	2020_PHED_108988_1	Tikra Githori, Sakri, Nidhani, Rampuri, Malpahari, Mohgaon Ryt, Githar, Kumharra, Daldala	Mohgaon	168.68	168680	12500	6 माह वर्षाकाल सहित
79-2020-21	2020_PHED_109028_1	Malpathar, Jarga, Khari, Bamhorijar, Sagar, Pondi Ryt Chargaon, Mungli	Mandla	187.05	187050	12500	9 माह वर्षाकाल सहित
80-2020-21	2020_PHED_109037_1	Purwa, Sakwah, Badhar, Kindri, Imligohan, Ghagha	Mandla	198.28	198280	12500	9 माह वर्षाकाल सहित

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है। निविदा संबंधित आवश्यक दस्तावेज, रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते इस कार्यालय में दिनांक 12.10.2020 तक प्रस्तुत किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
जी-14683/44489/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मण्डला (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग उज्जैन
रेल्वे ओव्हर ब्रिज के पास फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)

Email : eephwdelecujn@mp.nic.in
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 05/(2)/टी.सी./2020-21 उज्जैन, दिनांक 23.09.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्य का नाम :- मावता-कालूखेड़ा-ढोदर-कलालीयाफण्टा-रिंगनोद-हाटपिपल्या-खजुरिया-वड़ावदा, जिला रतलाम मार्ग पाल/लाइन शिफ्टिंग का विद्युतीकरण कार्य।

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय)
1.	2020_PWDRB_108631_1	रतलाम	प्लान	प्रथम	191.00	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन दि. 15.10.2020 समय सायं 5:30 बजे तक

कार्य का नाम :- रेल्वे ओव्हर ब्रिज शामगढ़, जिला मंदसौर में विद्युतीकरण व्यवस्था का कार्य।

2.	2020_PWDRB_108632_1	मंदसौर	प्लान	प्रथम	67.87	कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन दि. 15.10.2020 समय सायं 5:30 बजे तक

कुल योग 258.87

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 14.10.2020 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 15.10.2020 सायं 17:30 बजे तक** दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-14710/44495/2020 लो.नि.वि. (वि/यां.) संभाग उज्जैन, फोन : 0734-2561560

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

एनआईटी नं. : 25/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./4081 रीवा, दिनांक 28.09.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

कार्य का नाम :- श्यामशाह मेडिकल कॉलेज (संजय गांधी अस्पताल) रीवा, जिला रीवा में एकेडमिक ब्लॉक-01, एकेडमिक ब्लॉक-02, 100 सीटर इनटर्न बालक एवं 100 सीटर इनटर्न बालिका छात्रावास और 250 सीटेड यू.जी. छात्रावास का निर्माण कार्य (शेष कार्य) (द्वितीय आमंत्रण)

स. क्र.	पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_110254_1	रीवा	314588000.00	1572940.00	50000.00	12 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.09.2020 समय 09:00 AM से **दिनांक 14.10.2020 समय 6:00 PM** तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सभागीय परियोजना यंत्री
जी-14686/44490/2020 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., रीवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड विदिशा (म.प्र.)

Mail I.D. : eephvid@mp.nic.in, Fax No. : 07592-250663
Telephone No. : 07592-250663 VIDISHA 464001 (M.P.)
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/नि.प्र./खण्ड विदिशा/लो.स्वा.यां.वि./2020-21 विदिशा, दिनांक 03.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

विदिशा जिले के विकासखण्ड गंजबासौदा के 276 ग्रामों में स्थापित लगभग 1880 हैण्डपम्पों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल नमूनों का संकलन एवं अन्य संबंधित संधारण कार्य 02 वर्ष की अवधि हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.10.2020 को सायं 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है :-

स. क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	विकासखण्ड	अनु. लागत (PAC) (रु. में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	2020_PHED_110224_1	गंजबासौदा	4512000.00	50000.00	5000.00	02 वर्ष वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार

कार्यपालन यंत्री
जी-14689/44491/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड खरगोन

फोन नं. 07282-231402, eephedkhr@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक 44/2020-21

कार्य का विवरण - खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शत-प्रतिशत घरेलु नल कनेक्शन प्रदाय हेतु प्रस्तावित योजनाओं के सर्वे कर डी.पी.आर. बनाने के कार्य हेतु निविदाएं कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरों पर, निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेंडर नं. (2020_PHED)	विकास खण्ड	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी नवीन पंजीयन अंतर्गत
110008	खरगोन	31	3.80 लाख	7600	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
110009	सेगांव	35	4.85 लाख	9700	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	
110010	गोगांवा	48	6.45 लाख	12900	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	
110011	भगवानपुरा	77	11.10 लाख	22200	2000	12 माह वर्षाकाल सहित	
110012	कसरावद	98	14.00 लाख	28000	2000	12 माह वर्षाकाल सहित	
110013	महेश्वर	57	7.40 लाख	14800	2000	12 माह वर्षाकाल सहित	
110014	बड़वाह	110	17.85 लाख	35700	2000	12 माह वर्षाकाल सहित	
110015	भीकनगांव	122	17.75 लाख	35500	2000	06 माह वर्षाकाल सहित	
110016	झिरन्या	114	17.80 लाख	35600	2000	12 माह वर्षाकाल सहित	

1. ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि - 13.10.2020**, समय - 17.30 बजे
2. ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 15.10.2020
3. निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (ऑनलाइन सिस्टम) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-14695/44494/2020 लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, फैक्स - 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** बैतूल जिले के विकासखण्ड मुलताई के ग्राम हथनापुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलु नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन एवं 75 कि.ली. 12 मीटर स्टेजिंग आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा आमंत्रण
84/ 20-21/ Dt. 03.10.2020	110280	मुलताई	हथनापुर	35.75	50000	5000	06 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली	द्वितीय

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि 05.10.2020 11.00 बजे
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **16.10.2020** 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 16.10.2020 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर-खोलने की तिथि 19.10.2020 15.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दशाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-14690/44492/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह (म.प्र.)

क्रमांक/एन.एच.एम./2020/18440 दमोह, दिनांक 01.10.2020

विज्ञप्ति

कोरोना वायरस कोविड-19 महामारी नियंत्रण हेतु जिले में मानव संसाधन सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल म.प्र. के पत्र क्रमांक 11866 दिनांक 11.09.2020 संविदा चिकित्सा अधिकारियों के विरुद्ध आयुष चिकित्सा अधिकारियों के अस्थाई पद पूर्ति मासिक मानदेय 25000/- पर सेवायें लेने हेतु अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति एवं कलेक्टर दमोह को कोविड-19 के नियंत्रण हेतु अस्थाई चयन के अधिकार प्रत्यायोजित कर 20 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु स्वीकृति दी गई जो निम्नानुसार है :-

क्र.	पदनाम	योग्यता	मासिक मानदेय	रिक्त पद
1	आयुष चिकित्सा अधिकारी, (आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी)	बी.ए.एम.एस/बी.यू.एम.एस./बी.एच.एम.एस. (मान्यता प्राप्त वि.वि. एवं आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड में जीवित पंजीयन/म.प्र. होम्योपैथी परिषद् में जीवित पंजीयन)	25000/-	20

उक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन हेतु शर्तें :-

1. उक्त सेवायें एक माह तक या स्वास्थ्य विभाग के आगामी आदेश तक ली जा सकेंगी। नियमित किये जाने संबंधी कोई भी दावे स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
2. उपरोक्त वर्णित पद पर आवेदन **विज्ञापन प्रकाशन होने के दिनांक से 07 दिवस तक** ही मान्य किये जायेंगे।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला चिकित्सालय कैम्पस दमोह में (कार्यालयीन समय सुबह 10:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक) स्वीकार किये जावेंगे।
4. अभ्यर्थी का चयन मेरिट के आधार पर उक्त दर्शित योग्यता अनुसार किया जावेगा। जिसके उपरांत मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
5. चयन संबंधी अंतिम निर्णय अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति एवं कलेक्टर जिला दमोह का होगा।

जी-14745/44501/2020 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह (म.प्र.)

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन
सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004

निःशक्तजन विद्यार्थियों से जीवन निर्वाह/परिवहन भत्ता के आवेदन आमंत्रित

मध्यप्रदेश के ऐसे निःशक्तजन विद्यार्थी जो शासकीय महाविद्यालयों में कम्प्यूटर एवं प्रबंधन में शिक्षा प्राप्त करने के लिये जीवन निर्वाह एवं परिवहन भत्ता दिया जाता है। शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के लिये निःशक्तजन छात्र-छात्राओं से **दिनांक 31.10.2020 तक** आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। छात्रवृत्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट **www.highereducation.mp.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त
जी-14751/44504/2020 उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष - 07642-252443, ई-मेल - eephedmal@mp.nic.in, फैक्स - 07642-253622

निविदा क्र. 81 से 86/2020-21/नि.शाखा/लो.स्वा.यां./2020 मण्डला, दिनांक 26.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत किये जाने की **अंतिम तिथि 14.10.2020** सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 16.10.2020 सायं 15.00 बजे के पश्चात है। निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

- कोविड-19 (कोरोना) महामारी के कारण शासन के निर्णय अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में एम.बी.ए. पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे अभ्यर्थियों को भी प्रवेश का अवसर प्रदान किया जावेगा जिनके फाइनल सेमिस्टर/वर्ष की परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं ऐसे अभ्यर्थियों को त्रि-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पिछले दो वर्षों अथवा चार सेमिस्टर, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पिछले तीन वर्षों अथवा छः सेमिस्टर, पाँच वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए पिछले चार वर्षों अथवा आठ सेमिस्टर के परीक्षा परिणामों के अंकों की मेरिट के आधार पर काउंसलिंग में सम्मिलित कर आवंटन जारी किया जावेगा, किन्तु उन्हें स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष के पूर्व के सभी सेमिस्टर/वर्ष में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- जिन अभ्यर्थियों के स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम उपलब्ध नहीं होने पर आवंटन जारी किया जावेगा, उनके प्रवेश पूर्णतः प्रावधिक होंगे।
- प्रावधिक रूप से प्रवेशित अभ्यर्थियों को संबंधित विश्वविद्यालय में पंजीयन **(Enrolment)** से पूर्व अर्हकारी परीक्षा के उत्तीर्ण परिणाम की अंक सूची प्रस्तुत कर एआईसीटीई द्वारा एम.सी.ए. पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित पात्रता सुनिश्चित करवाना होगी अन्यथा उनका प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।

(कोविड-19 के कारण, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को जाने की आवश्यकता नहीं)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/98659/44521/2020

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, मोबाइल : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com

क्र.-मप्रपुआअविनि/535/पर्य/भोपाल-03/तशा/2020 भोपाल, दिनांक : 09.10.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला विदिशा, होशंगाबाद बैतूल एवं सीहोर के विभिन्न आवासों में मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक- 06/2020-21 (टेण्डर क्र. 110754, 110759, 110764, 110777, 110782, 110785, 110791, 110793) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **ऑनलाइन दिनांक 19.10.2020 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/98664/44523/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित
मुख्यालय, भोपाल (म.प्र.)

क्र. म.प्र. (मुख्या)/3/कार्मिक प्रशासन/प्रसं/3181 दिनांक : 08.10.2020

अधिकारियों की भर्ती हेतु जारी विज्ञापन-निरस्ती सूचना

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्या. मुख्यालय, भोपाल में अधिकारी श्रेणी के अंतर्गत कुल 22 रिक्त पदों (प्रबंधक/उप प्रबंधक/सहायक प्रबंधक) की पूर्ति आई.बी.पी.एस., मुंबई के माध्यम से करने हेतु समाचार पत्रों में **दिनांक 11-12 अप्रैल 2018** को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। भर्ती हेतु आरक्षण के नवीन प्रावधानों को लागू किये जाने से अधिकारी श्रेणी के पदों की पूर्ति हेतु जारी उक्त विज्ञापन निरस्त किया जाता है।

म.प्र. माध्यम/98661/44522/2020 **प्रभारी प्रबंध संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department Government of Madhya Pradesh)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills Bhopal (M.P.)-462011

No./15776/22/D-12/DPR-Cons./WB/MPRRDA/20 Bhopal, Date : 09.10.2020

NOTICE INVITING BIDs FOR DPR PREPARATION
(E-Procurement Notice)

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR undertake construction of Rural Roads under World Bank financed M.P. Rural Connectivity Project as per details given below :

- **District : Betul-1, Betul-2, Bhopal, Harda, Hoshangabad-1, Hoshangabad-2, Sehore, Vidisha-1, Vidisha-2, Gwalior, Sheopur, Alirajpur, Indore, Jhabua, Khandwa, Khargone-1, Khargone-2, Dewas-1, Dewas-2, Neemuch, Ratlam, Shajapur, Ujjain-1, Balaghat-1, Balaghat-2, Chhindwara-1, Chhindwara-2, Dindori, Jabalpur, katni, Mandla, Narsinghpur-1, Narsinghpur-2, Seoni-2, Rewa-1, Rewa-2, Satna-1, Satna-2, Sidhi, Umaria, Damoh-1, Damoh-2, Panna-1, Panna-2, Sagar-1, Sagar-2.**
No. of District- 46
Total - Length- 1216.12

1. Last date of Submission of bid is **28.10.2020 upto 17:30 hrs.**
2. Other details may be seen in the RFP document for (preparation of detailed project report for construction/ up-gradation of roads/CDs World Bank financed MPRCP–Nov. 2016. updated upto July 2020) on our Website : **https://www.mptenders.gov.in .**

M.P.M./98665/44524/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

वैध रेत ठेकेदारों को रेत खनन और परिवहन में न आए कोई परेशानी

अवैध रेत का खनन एवं परिवहन सख्ती से रोका जाए

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रेत ठेकेदारों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के दौरान निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के वैध रेत ठेकेदारों को रेत के खनन एवं परिवहन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन उनका पूरा सहयोग करें, इसके साथ ही अवैध रेत का खनन एवं परिवहन सख्ती से रोका जाए। श्री चौहान से प्रतिनिधि मंडल ने अनुबंध की समाप्ति तक इंस्टॉलमेंट में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को समाप्त करने तथा मानसून इंस्टॉलमेंट को समाप्त करने आदि की मांग की। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार ने ऐसा किया है। उन्होंने अपने कार्य व्यवसाय में आ रही प्रक्रियात्मक परेशानियों को दूर करने का भी मुख्यमंत्री श्री चौहान से आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रदेश में वैध खनिज ठेकेदारों को खनिज के खनन एवं परिवहन में कोई परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने विशेष रूप से कटनी, नरसिंहपुर और उमरिया जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनिज परिवहन एवं खनन रोकने के निर्देश दिए। यह भी निर्देशित किया गया कि वैध खनिज ठेकेदारों के वैध रॉयल्टी वाले रेत परिवहन वाहनों को पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी अनावश्यक रूप से परेशान न करें। मुख्यमंत्री ने खनिज मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह से कहा कि वे वैध रेत खनन ठेकेदारों के सुचारु व्यवसाय के लिए जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ समन्वय करें।

सड़क बत्ती के लिए सब्सिडी

भोपाल, मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि गत वर्षों की भांति वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में निकायों के निम्नदाब सड़क बत्ती विद्युत संयोजनों के लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा नियत लागत प्रभार पर 95 रुपये प्रति किलोवॉट प्रतिमाह सब्सिडी जारी रखी जायेगी।

वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 में निकायों के निम्नदाब सड़क बत्ती विद्युत संयोजनों के लिए नियत लागत प्रभार पर 95 रुपये प्रति किलोवॉट प्रतिमाह सब्सिडी प्रदान करने के लिए विभागीय बजट में पृथक मद प्रारंभ कर 11.85 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह 9 से 15 अक्टूबर

दुनिया का दूसरा सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय संगठन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन

भारतीय डाक व्यवस्था का समृद्ध इतिहास

डाक का हमारे जीवन में अहम योगदान रहा है। डाक सेवा को संचार का सबसे अहम और विश्वसनीय साधन माना जाता रहा है। आज भी कई जगह संचार के लिये डाक सेवा की ही मांग की जाती है। सरकार के तंत्र में इस सेवा का महत्वपूर्ण योगदान है। कोरोना महामारी के दौरान भी डाक विभाग ने अग्रणी होकर काम किया और जरूरतमंदों तक सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। दुनिया भर में डाक सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 09 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है। 09 अक्टूबर को ही इस दिवस को मनाने का कारण इसकी स्थापना है, दरअसल 1874 में 09 अक्टूबर के ही दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन हुआ था, 1969 में इस यूनियन का सम्मेलन जापान के टोक्यो में आयोजित किया गया था, जहां सर्वसम्मति से 09 अक्टूबर को डाक दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उसके बाद से यह दिवस दुनिया में हर वर्ष मनाया जाने लगा। भारत में इस पूरे सप्ताह डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाता है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। इस बार कोरोना महामारी के कारण बड़े आयोजन तो हो नहीं सकते ऐसे में विभाग ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU)

वन वर्ल्ड, वन पोस्टल नेटवर्क की अवधारणा पर काम करने वाले यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना 1874 में हुई थी। इस संगठन का मुख्यालय स्विट्जरलैंड की राजधानी वर्न (Berne) में स्थित है। इसे दुनिया का दूसरा सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी कहा जाता है। इसके सदस्य देशों की सूची में 192 सदस्य शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के गठन के बाद 1948 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी के तौर पर स्थापित हुआ। संयुक्त राष्ट्र का कोई सदस्य देश इस

संगठन का मेंबर बन सकता है। वहीं संयुक्त राष्ट्र से जो देश जुड़े नहीं उनको इस संगठन में शामिल होने के लिये 192 सदस्यों के 2 तिहाई बहुमत से अनुमति लेनी पड़ती है।

इंग्लैंड में सर रोलैंड हिल ने 1840 के दौरान एक पोस्टल सिस्टम विकसित किया था, जिससे लेटर्स में लगने वाले पोस्टेज प्रीपेड होते थे। वहां एक व्यवस्थित डाक सेवा शुरू हुई जिसे नेशनल पोस्टल रिफॉर्म्स भी कहा जाता है। दुनिया को पहले पोस्टेज स्टैम्प से परिचित कराने का श्रेय भी सर रोलैंड हिल को जाता है।

आधुनिक भारतीय डाक का विकास क्रम

प्राचीन दौर से ही भारत में डाक और संदेश भेजने के काम होते रहे हैं, कालीदास तो बादलों से भी संदेश भेजने की बात करते थे तभी तो उन्होंने मेघदूतम की रचना की। इसके अलावा कबूतर और बाज द्वारा संदेश भेजने की बातें कही गई हैं। देश के अलग-अगल राज घरानों में विभिन्न राजवंशों द्वारा संदेश और डाक भेजने की कई व्यवस्थाएं देखने और सुनने को मिलती हैं, लेकिन भारत में व्यवस्थित डाक का लिखित इतिहास अलाउद्दीन खिलजी (1296) के दौर से प्राप्त होता है, उसने पैदल और घुड़सवार डाक व्यवस्था कायम की थी। इसके बाद सिकंदर लोदी के शासनकाल (1488-1518) में छोटी-छोटी जगहों पर डाक तंत्र को मजबूत बनाया गया। ये क्रम आगे बढ़ता रहा और संचार तंत्र को अहमियत विभिन्न शासकों द्वारा मिलती रही। हुमायूं ने आगरा-काबुल के बीच तेज घुड़सवार संदेशवाहकों की सेवाएं लीं, तो शेरशाह सूरी ने (1540-1545) अपने शासनकाल में 2000 मील की ऐतिहासिक सड़क का निर्माण करवा दिया। इस सड़क से बंगाल-सिंध के बीच एक मजबूत डाक तंत्र स्थापित हो सका। इस सड़क के किनारे सराय का निर्माण कराया गया, जहां सूचनाओं को संकलित करने का काम होता था। शेरशाह सूरी का शासन काल संचार सुविधाओं के लिये स्वर्ण काल माना जाता है। उसके बाद मुगल शासन के दौरान भी डाक विभाग को काफी महत्व दिया गया, इस दौरान शाही डाक की व्यवस्था भी की गई थी।

अंग्रेजों के आगमन के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1688 में मुंबई में एक डाकघर प्रारंभ किया। 1766 में रॉबर्ट क्लाइव ने डाक के संबंध में काफी प्रयास किये और बंगाल में सबसे पहले नियमित डाक सेवा प्रारंभ की। 1774 में वारेन हेस्टिंग्ज ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण उन्हें आधुनिक डाक सेवा आरंभ करने का श्रेय दिया जाता है। 31 मार्च 1774 को कलकत्ता में देश का पहले जीपीओ का गठन किया गया और पोस्ट मास्टर जनरल की नियुक्ति की गई, इसी दौरान पहला डाकिया भी नियुक्त किया गया। 1 जून 1786 में मद्रास में जीपीओ शुरू किया गया और बॉम्बे जीपीओ की शुरुआत 1794 में की गई।

भारत में 1850 के दौरान पोस्ट ऑफिस कमीशन अपाइंट किया गया और 1854 में पोस्ट ऑफिस एक्ट XVII लाया गया। 1860 में पोस्टल मेन्युअल का प्रकाशन किया गया। 1876 में भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना। भारत में 1879-80 के दौरान पोस्ट कार्ड और रेलवे मेल सेवा/मनी ऑर्डर सेवा प्रारंभ की गई। 1882 में पोस्ट ऑफिस सेविंग बैंक खोले गये और 1884 में पोस्ट लाइफ इंश्योरेंस लॉन्च किया गया था। 1886 में एक आने (1 आना) के रेवेन्यू टिकट की बिक्री प्रारंभ की गई। एक जुलाई 1898 को पोस्ट ऑफिस एक्ट VI लाया गया, 1935 में इंडियन पोस्टल ऑर्डर की शुरुआत हुई और 1947 में तीन इंडीपेंडेंस पोस्टेज स्टैम्प्स जारी किये गये। 1954 में पोस्ट ऑफिस का शताब्दी वर्ष मनाया गया। देश में स्पीड पोस्ट की शुरुआत एक अगस्त 1986 में शुरू की गई। 1994 में एक्सप्रेस पार्सल/VSAT मनी ट्रांसफर सेवा प्रारंभ की गई। 2003 में 'मेघदूत' नामक सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया। 25 जून 2006 में ई-पेमेंट सुविधा प्रारंभ की गई। वर्ष 2008 में डाक घरों को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एरो (ARROW) प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया और 2012 में आईटी मॉर्डनाइजेशन प्रोजेक्ट-2012 शुरू किया गया। 1 सितंबर 2018 को इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक प्रारंभ किया गया।

कोरोना काल में डाक विभाग की भूमिका

देश में डाक विभाग द्वारा कोविड-19 से निपटने के लिए काफी प्रयास किये गये हैं, केंद्र सरकार द्वारा मई के अंत में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार देशभर में 2,000 टन से ज्यादा दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की बुकिंग की गई और उसका वितरण जरूरतमंदों तथा हॉस्पिटल्स में किया गया। आपूर्ति सिस्टम बेहतर हो सके इसलिये प्रतिदिन 25,000 किलोमीटर से ज्यादा सड़क परिवहन नेटवर्क चलाए गए और 75 टन से ज्यादा मेल और पार्सल ले जाये गये हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के द्वारा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) का उपयोग करते हुए, लगभग 85 लाख लाभार्थियों को उनके घर तक 1,500 करोड़ रुपये पहुंचाए गए। वहीं वित्तीय समावेशन वाली विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत, 760 करोड़ रुपये वाली 75 लाख इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डरों (ईएमओ) का भुगतान किया गया और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के द्वारा लाभार्थियों को 1,100 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया। लगभग 6 लाख भोजन और राशन के पैकेट, स्व-योगदान और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से मजदूरों, नगरपालिका श्रमिकों आदि में वितरित किए गए।

फाइव स्टार गांव

डाक विभाग द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख डाक योजनाओं का सार्वभौमिक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए फाइव स्टार गांव या 'पांच सितारा ग्राम' नामक योजना शुरू की गई है। यह योजना विशेष रूप से सुदूरवर्ती गांवों में जन जागरूकता, डाक उत्पादों और सेवाओं की पहुंच आसान कर सकती है।

इस योजना के तहत शाखा कार्यालय ग्रामीणों की सभी संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करेंगे। फाइव स्टार योजना के अंतर्गत आने वाली योजनाओं में बचत बैंक खाते, आवर्ती जमा खाते, एनएससी/केवीपी प्रमाण पत्र, सुकन्या समृद्धि खाते/ पीपीएफ खाते, वित्त पोषित डाक घर बचत खाता, भारतीय डाक पेमेंट बैंक खाते, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी/ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसी और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना खाता/प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना खाता जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है।

पिन कोड या जिप कोड

भारतीय डाक विभाग पिनकोड नंबर (PIN : पोस्टल इंडेक्स नंबर) के आधार पर देश में डाक वितरण का कार्य करता है। इसे जिप कोड भी कहा जाता है, 15 अगस्त 1972 से इस नंबर की शुरुआत हुई थी। पिनकोड में छह (6) अंक (डिजिट) होते हैं। हर अंक का अपना अलग महत्व होता है। पहला अंक भौगोलिक दशा को दर्शाता है, इस सिस्टम में देश को नौ भौगोलिक क्षेत्रों में बांटा गया है। 1 से 8 तक भौगोलिक क्षेत्र हैं तथा 9 संख्या सेना की डाक सेवा को आवंटित की गई है। पिन कोड की पहली संख्या क्षेत्र, दूसरी संख्या उपक्षेत्र और तीसरी संख्या जिले को दर्शाती है। वहीं आखिरी तीन संख्याएं उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दर्शाती हैं।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की स्थापना संचार मंत्रालय में डाक विभाग के अंतर्गत की गई है, इस बैंक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी पर भारत सरकार का स्वामित्व है। इसकी शुरुआत 1 सितंबर 2018 को की गई थी। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि इससे बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों के लिए बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर किया जाए और लगभग 1,55,000 डाकघरों और करीब 3,00,000 डाक कर्मचारियों से युक्त डाक नेटवर्क का लाभ उठाते हुए देश के सभी क्षेत्रों में इसकी सुविधा प्रदान की जाए। आईपीपीबी 13 भाषाओं में उपलब्ध सहज ज्ञान युक्त इंटरफेसों के माध्यम से सरल और सस्ते बैंकिंग समाधान प्रदान करता है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्ष 2019 में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन द्वारा 9 अक्टूबर को 50वां विश्व डाक दिवस मनाया गया था।
- स्पीति वैली में स्थित हिक्किम पोस्ट ऑफिस दुनिया का सबसे ऊंचाई पर स्थित डाक घर है। कश्मीर की डल झील में तैरता हुआ डाक घर है, जिसे फ्लोटिंग पोस्ट ऑफिस कहते हैं।
- वर्ष 1999 में EMS यानी एक्सप्रेस मेल सर्विल की शुरुआत हुई थी। इससे 180 से ज्यादा देश और टेरिटरीज जुड़ी हैं।
- 2005 में यूपीयू द्वारा खुद का इंटरनेट डोमेन Dot Post (.POST) लाया गया।
- सरकार द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार डाक विभाग अपने 1,55,000 डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रहा है। बचत खाता योजनाओं के रूप में डाक विभाग ने लाखों सुकन्या समृद्धि योजना खाते खोले हैं। 13,352 आधार केन्द्रों, 420 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्रों और डिजिटल एडवांसमेंट ऑफ रूरल पोस्ट ऑफिसेज (दर्पण) के माध्यम से डाक विभाग उपभोक्ताओं को गुणवत्ता सम्पन्न नागरिक केन्द्रित सेवाएं देने का प्रयास कर रहा है।
- पिछले वर्ष इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की पहली वर्षगांठ के मौके पर आईपीपीबी के एक करोड़ से ज्यादा ग्राहक हो गये थे।
- केंद्र सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) सहित सभी डाक कर्मचारियों को कर्तव्य निवर्हन के दौरान बीमारी से मृत्यु हो जाने पर 10 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा। ये दिशा-निर्देश कोविड-19 के संकट की समाप्ति तक पूरी अवधि तक के लिए लागू रहेंगे।
- जम्मू और कश्मीर ने जल्द ही पूरे देश में माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रसाद और कश्मीर के केसर का वितरण करने को अंतिम रूप दिया है। यह सेवा डाक विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।
- पंजाब द्वारा डाकघरों के माध्यम से और सीएससी के सहयोग से, भारतीय दवाओं की बुकिंग और वितरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- हरियाणा, कर्नाटक, केरल डाक सर्कलों ने जनता से सेवा का अनुरोध प्राप्त करने और उसे पूरा करने के लिए विशिष्ट एप विकसित किया है।
- 23 जनवरी से 14 मई 2020 के दौरान कोरोना महामारी के कारण अंतर्राष्ट्रीय पोस्टल सर्विस में बाधा आई है, जिससे इसमें 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।
- दुनिया का पहला ज्ञात पोस्टल दस्तावेज इजिप्ट में पाया गया जिसे 255 BC के दौरान का बताया गया है। यह राजाओं और शासकों से जुड़ी संदेश सेवा के थे।

■ रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)
(फोटो गूगल से साभार)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

प्राचीन इतिहास

1. भारतीय साहित्य में इतिहास शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है -
अ) ऋग्वेद ब) यजुर्वेद
स) सामवेद द) अथर्ववेद

2. भारत की प्राचीनतम मुद्रा कहलाती है -
अ) हिरण्य ब) आहत
स) मोहर द) निष्क

3. इंडिका के लेखक हैं -
अ) मैगस्थनीज ब) कौटिल्य
स) बाणभट्ट द) कल्हण

4. कौन सा साहित्यिक स्रोत बौद्ध धर्म से संबंधित नहीं है -
अ) पिटक ब) वेद
स) जातक ग्रंथ द) दीपवंश

5. महाभारत के रचयिता हैं -
अ) मनु ब) वाल्मीकि
स) वेदव्यास द) कौटिल्य

6. पुरा पाषाणकालीन अर्थव्यवस्था निम्नलिखित पर आधारित थी -
अ) आखेट और खाद्य संग्रहण
ब) कृषि
स) व्यापार
द) पशुपालन

7. शैल चित्र कला के सर्वोत्तम उदाहरण भारत के किस राज्य में मिलते हैं -
अ) मध्यप्रदेश
ब) पंजाब
स) राजस्थान
द) इनमें से कोई नहीं

8. भीम बेटका की खोज किसने की -
अ) व्ही.एस. वाकणकर
ब) आर.सी. मजूमदार
स) आर.के. शुक्ला
द) आर.के. अहिरवार

9. हड़प्पा सभ्यता की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशिष्टता क्या है -
अ) उन्नत कला
ब) विकसित व्यापार
स) उन्नत कृषि
द) नगर नियोजन तथा भवन निर्माण

10. हड़प्पा नगर किस नदी के तट पर था -
अ) रावी ब) सिंधु
स) सतलज द) सरस्वती

11. लोथल कहां स्थित है -
अ) मध्यप्रदेश ब) गुजरात
स) हरियाणा द) राजस्थान

12. हड़प्पा सभ्यता में सिन्डन किसे कहा जाता है -
अ) जौ ब) गेहूं
स) नदी द) कपास

13. हड़प्पाकालीन कौन सी नदी का अस्तित्व अब नहीं है -
अ) सिंधु
ब) सरस्वती
स) सतलज
द) इनमें से कोई नहीं

14. वेदों की संख्या है -
अ) एक ब) चार
स) तीन द) दो

15. निम्न में से कौन सा वेद सबसे प्राचीन है -
अ) यजुर्वेद ब) ऋग्वेद
स) सामवेद द) अथर्ववेद

16. संतान के जन्म के समय कौन सा संस्कार किया जाता है -
अ) नामकरण संस्कार
ब) जातकर्म संस्कार
स) निष्क्रमण संस्कार
द) उपनयन संस्कार

17. वैदिक युग के प्रमुख देवता कौन थे -
अ) शिव ब) वरुण
स) इन्द्र द) अग्नि

18. ऋग्वेद में किस नदी की स्तुति बार-बार की गई है -
अ) गंगा ब) सरयू
स) सिंधु द) सरस्वती

19. हिन्दू धर्म के अनुसार कितने संस्कार हैं -
अ) 16 ब) 14
स) 12 द) 8

20. छठवीं शताब्दी ई.पू. में कितनी महाजनपदों का उल्लेख मिलता है -
अ) 12 ब) 14
स) 16 द) 09

21. महावीर स्वामी का जन्म हुआ -
अ) 540 ई.पू. ब) 588 ई.पू.
स) 580 ई.पू. द) 599 ई.पू.

22. जैन तथा बौद्ध धर्म में कौन सी समानता है -
अ) अनात्मवादी
ब) अनीश्वरवादी
स) ईश्वर में आस्था
द) दुःखवाद

23. गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था -
अ) लुम्बिनी ब) अवंतिका
स) कौशाम्बी द) गया

24. बौद्ध धर्म के प्रसार में सर्वाधिक योगदान किस शासक ने दिया -
अ) हर्षवर्द्धन ब) अशोक
स) चन्द्रगुप्त द) समुद्रगुप्त

25. मौर्य सम्राटों की राजधानी का नाम था -
अ) श्रीनगर ब) पाटलिपुत्र
स) कन्नौज द) तक्षशिला

26. सम्राट अशोक ने किस भाषा को धर्म प्रचार का माध्यम बनाया -
अ) पाली ब) प्राकृत
स) संस्कृत
द) इनमें से कोई नहीं

27. पाटलिपुत्र नगर की स्थापना किसने की थी -
अ) अशोक ब) चन्द्रगुप्त
स) बिम्बिसार द) अजातशत्रु

28. सम्राट अशोक द्वारा श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार करने के लिये किसे भेजा गया -
अ) महेन्द्र ब) साण
स) शिशुनाग द) इनमें से कोई नहीं

29. मौर्य वंश का अंतिम शासक कौन था -
अ) देववर्मा ब) सम्प्रति
स) वृहद्रथ द) अशोक

30. चन्द्रगुप्त मौर्य ने किस यूनानी सेनापति को पराजित किया था -
अ) सेल्युकस ब) फिलिप्स
स) सिकन्दर द) इनमें से कोई नहीं

31. शुंग वंश का संस्थापक कौन था -
अ) पुष्यमित्र ब) अग्निमित्र
स) चन्द्रगुप्त द) कनिष्क

32. कनिष्क किस राजवंश का राजा था -
अ) मौर्य ब) नाग
स) शुंग द) कुषाण

33. चतुर्थ बौद्ध संगीति की अध्यक्षता किसके द्वारा की गई थी -
अ) अश्वघोष
ब) मोग्गलिपुत्र तिष्य
स) वसुमित्र
द) कुजल

34. नागार्जुन कौन थे -
अ) कलाकार ब) वैज्ञानिक
स) दार्शनिक द) इनमें से कोई नहीं

35. प्रयागराज में अशोक के स्तम्भ पर जिस सम्राट की विजयों का वर्णन है, उसका नाम था -
अ) समुद्रगुप्त ब) कुमारगुप्त
स) स्कन्दगुप्त द) चन्द्रगुप्त द्वितीय

36. कालिदास किस काल में हुये थे -
अ) मौर्य काल ब) गुप्त काल
स) बौद्ध काल
द) इनमें से कोई नहीं

37. भारतीय नेपोलियन कहा जाता है -
अ) समुद्रगुप्त ब) रामगुप्त
स) कुमारगुप्त द) चन्द्रगुप्त प्रथम

38. एलोरा के प्रसिद्ध कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किस शासक ने करवाया था -
अ) समुद्रगुप्त ब) कुमारगुप्त
स) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
द) कृष्ण प्रथम

39. भीतरी अभिलेख में किस गुप्त सम्राट का वर्णन है -
अ) कुमारगुप्त
ब) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
स) समुद्रगुप्त द) स्कन्दगुप्त

40. चीनी यात्री फाह्यान की भारत यात्रा के समय गुप्तवंश में शासक कौन था -
अ) स्कन्दगुप्त
ब) कुमारगुप्त प्रथम
स) चन्द्रगुप्त द्वितीय
द) समुद्रगुप्त

41. गौतम बुद्ध का सारथी कौन था -
अ) चन्ना ब) कंथक
स) देवदत्त द) इनमें से कोई नहीं

42. कादम्बरी नामक ग्रंथ के लेखक कौन थे -
अ) हर्ष ब) बाणभट्ट
स) नागार्जुन द) आर्यभट्ट

43. चीनी यात्री हेनसांग की भारत यात्रा के समय शासक कौन था -
अ) स्कन्दगुप्त ब) हर्षवर्द्धन
स) समुद्रगुप्त द) चन्द्रगुप्त द्वितीय

44. कोणार्क का सूर्य मन्दिर कहां स्थित है -
अ) ओडिशा ब) गुजरात
स) मध्यप्रदेश द) महाराष्ट्र

45. त्रिपुरी किसकी राजधानी थी -
अ) कलचुरी ब) चन्देल
स) परमार द) इनमें से कोई नहीं

46. चन्देलों की राजधानी थी -
अ) धारा नगरी ब) कन्नौज
स) खजुराहो द) त्रिपुरी

47. पृथ्वीराज रासो ग्रंथ के लेखक कौन हैं -
अ) राजेश्वर ब) हेमचन्द्र
स) कल्हण द) चन्दवरदायी

48. पल्लव वंश का संस्थापक कौन था -
अ) महेन्द्र वर्मन
ब) नरसिंह वर्मन
स) परमेश्वर वर्मन
द) विष्णु

उत्तरमाला

1.	अ	2.	द	3.	अ	4.	ब
5.	स	6.	अ	7.	अ	8.	अ
9.	द	10.	अ	11.	ब	12.	द
13.	ब	14.	ब	15.	ब	16.	ब
17.	ब	18.	द	19.	अ	20.	स
21.	द	22.	ब	23.	अ	24.	ब
25.	ब	26.	ब	27.	द	28.	अ
29.	स	30.	अ	31.	अ	32.	द
33.	स	34.	स	35.	अ	36.	ब
37.	अ	38.	द	39.	स	40.	स
41.	अ	42.	ब	43.	ब	44.	अ
45.	अ	46.	स	47.	द	48.	द।

-डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टॉकखुर्द, देवास में भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक हैं)

SWAMI VIVEKANAND GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by AICTE, Affiliated to RGPV, DAVV & PCI, Govt. of M.P.)
Khandwa Road, Near Old Toll Naka, Indore 452 020 (M.P.)
Ph.: 07324-405000

APPLICATIONS INVITED FROM CANDIDATE OF ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT

PROFESSOR | ASSOCIATE PROFESSOR
ASSISTANT PROFESSOR
CS, EC, EX, IT, ME, CE, MBA & Pharmacy
Qualification & Experience as per AICTE Norms.
Selection will be under DAVV college code 28 and RGPV college code 30

Workshop	Fitter, Welder, Machinist, Carpenter, Instructor, Foundry Man, Helper (ITI or II Division Diploma)

Note: Apply within 10 days at career@svceindore.ac.in
ANIL PUR.
R-44527/2020

मेयो कॉलेज ऑफ ग्रुप
सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462030
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्राप्त, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ सत्र 2020–21

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
3.	बी.एस.सी. इन एक्स–रे	3 वर्ष
4.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन (डी.एम.एल.टी.)	2 वर्ष
5.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियान	1 वर्ष
6.	ओ.टी. टेक्नीशियन (ऑपरेशन थ्रीएटर)	1 वर्ष

क्रमांक 1, 3 से क्रमांक 6 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।
R-44526/2020 संचालक
LAKECITY

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी2, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002
इंजीनियरिंग डिप्लोमा (Engineering Diploma) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु
(मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र के पोलीटेकनिक/इंजीनियरिंग संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2020-21

प्रथम चरण
अर्हकारी परीक्षा (हाईस्कूल 10वीं विज्ञान/गणित विषय सहित उत्तीर्ण) की मेरिट पर आधारित सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	05.10.2020 से 19.10.2020
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration)	20.10.2020 से 21.10.2020
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना **प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।**	07.10.2020 से 23.10.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता एवं बी.पी.एल./चतुर्थ श्रेणी कट ऑफ सूची।	24.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	29.10.2020 से 06.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	08.11.2020 से 13.11.2020 सायं 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

● प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें। ● काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। ● मध्यप्रदेश शासन के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी एवं मध्यप्रदेश राज्य के गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वालों के पाल्य वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का विस्तार पूर्वक अध्ययन कर लें। ● **फैशन टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों को विज्ञान (भौतिक एवं रसायन) तथा गणित मुख्य विषय का बंधन लागू नहीं होगा।**

(कोविड-19 के कारण, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को जाने की आवश्यकता नहीं)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष-काउंसलिंग समिति एवं
आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

म.प्र. माध्यम/98643/44519/2020

बड़ी सफलता प्राप्त करनी है तो अपना लक्ष्य भी बड़ा तय करो - प्रिया राठौर

हौसले की उड़ान

सुप्रसिद्ध कवि देवव्रत जोशी की एक कविता है - 'उम्मीद के कदम', इस कविता में जोशीजी ने उम्मीद से भरे युवाओं की सफलता की कामना करते हुए लिखा है - मंज़िल की जुस्तजूँ में हैं, उम्मीद के कदम। सफलता के शिखर पे, लहरायेंगे परचम। उनकी इस कविता में व्यक्त विचार के सादृष्य ही इस बार प्रदेश के कुछ युवाओं ने अपनी वार्षिक बोर्ड परीक्षा में उम्मीद के साथ तैयारियां कीं और अंततः सफलता प्राप्त की। ऐसी ही सफलता पाने वाली एक युवा छात्रा हैं - मन्दसौर के समीप गांव कनघट्टी की प्रिया राठौर, जिन्होंने मध्यप्रदेश राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बारहवीं कक्षा की हायर सेकेण्डरी बोर्ड की वर्ष 2019-2020 की परीक्षा में गणित विज्ञान संकाय में 99% अंक प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में पहला स्थान पाया। प्रिया राठौर से "रोज़गार और निर्माण" के लिये हुई बातचीत के सम्पादित अंश -

सवाल- हायर सेकेण्डरी बोर्ड की परीक्षा में गणित विज्ञान संकाय में समूचे प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की बहुत-बहुत बधाइयां प्रिया। आप इस सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगी?

जवाब- बधाई के लिये धन्यवाद सर। मैंने इस परीक्षा के लिये जमकर तैयारी की थी। मैंने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के उस कथन को ध्यान में रखा था कि यदि बड़ी सफलता प्राप्त करनी है तो लक्ष्य भी बड़ा रखो। मैंने आरम्भ से ही इस परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया था और उसी हिसाब से मैंने तैयारी भी की थी। मेरे माता-पिता, शिक्षकों, विद्यालय के प्राचार्य और मित्रों ने इस तैयारी में मेरी भरपूर मदद की। मैं इस सफलता का श्रेय इन सबको ही देना चाहूंगी। मैंने जिस हिसाब से परीक्षा की तैयारियां की थीं, मुझे पूरा विश्वास था कि मैं इस परीक्षा में प्रदेश में सबसे अव्वल आऊंगी और ऐसा हुआ भी। मैं इस सफलता से बहुत उत्साहित हूं।

सवाल- प्रिया, क्या आपको इस बड़ी सफलता की उम्मीद थी? आपको कब लगा कि आप इस लक्ष्य को पा सकती हैं?

जवाब- जैसा कि मैंने आपको पहले ही बताया कि मैंने जब परीक्षा की तैयारियां आरम्भ की थीं तभी मुझे लग गया था कि मैं परीक्षा के किसी भी प्रश्न को अनुत्तरित नहीं रखूंगी और शत-प्रतिशत सफलता हासिल करने में कोई कसर नहीं रखूंगी। यही मैंने सोचा था और यही मैंने किया भी और जब परिणाम सामने आया तो मैंने परीक्षा में 500 में से 495 यानी 99% अंक प्राप्त किये हैं और मैंने अपने ही स्कूल और अपनी ही कक्षा की छात्रा रिंकू वाथरा के साथ प्रवीणता सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट आने के बाद हम दोनों ने एक-दूसरे से यही सवाल किया कि यह पांच मार्क्स कैसे कट गये? सच तो यह है कि यह बड़ी सफलता हमारी कड़ी मेहनत और संकल्प का नतीजा है।

सवाल- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में कुछ बतायेंगी प्रिया?

जवाब- सर, मेरे पिता एक सीमांत किसान हैं और हम एक मध्यम आय वर्ग में आते हैं। हम लगातार आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं मगर मेरे पिता शम्भूलाल राठौर ने बच्चों को पढ़ाने में कभी पैसों की कमी नहीं आने दी। मेरी मां निर्मला राठौर एक गृहिणी हैं जो घर का काम करने के साथ खेती-किसानी में भी पिता की सहायता करती हैं। मैं अपने गांव कनघट्टी से पन्द्रह किलोमीटर की दूरी तय कर मन्दसौर पढ़ने आती थी। इस आवाजाही में थकान तो होती थी मगर मैं फिर भी नियमित स्कूल जाती थी और मेरे लिये यह किसी एक्सरसाइज से कम नहीं था।

सवाल- भविष्य में आपकी क्या योजना है प्रिया? क्या आप इस परीक्षा के विषयों में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहेंगी?

जवाब- अभी निकट भविष्य में तो मैंने अपनी स्नातक कक्षाओं की पढ़ाई के लिये आर्ट्स संकाय में दाखिला लेने का मन बना लिया है। वस्तुतः मेरा लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग की अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के लिये होने वाली प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेकर आई.ए.एस. (इंडियन एडमिनिस्ट्रेशन सर्विस) के लिये चयनित होना है। असल में, मैं इस एक कठिन परीक्षा में वैकल्पिक विषयों की इतनी त्रुटिरहित (फुलप्रूफ) तैयारी करना चाहती हूं कि पहले ही प्रयास में मेरा चयन हो जाये। मैं इस प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिये अथक प्रयास करूंगी। मुझे लगता है प्रशासनिक अधिकारी के रूप में, मैं जनसाधारण की ज्यादा मदद कर पाऊंगी।

सवाल- आपने अपनी इस सफलता के लिये कैसी और कितनी तैयारी की थी? आपकी रणनीति क्या थी?

जवाब- नियमित रूप से स्कूल जाना, सभी पीरियड्स अटैंड करना और स्कूल में जो कुछ पढ़ाया गया है उसे घर पर आकर दोहराना, इस क्रम ने मुझे परीक्षा की तैयारियों में काफी मदद की। मैं स्कूल समय के अलावा प्रतिदिन पांच से छः घण्टे पढ़ाई करती थी और यह क्रम परीक्षा के दिनों में भी जारी रखती थी। किसी भी परीक्षा की तैयारी की सबसे अच्छी रणनीति यह होती है कि पाठ्यक्रम को आधार मानकर परीक्षा की तैयारी की जाये। परीक्षा के लिये गेस पेपर्स अथवा ट्वेंटी-ट्वेंटी क्वेश्चन जैसे शॉर्टकट के फेर से तो बचना ही चाहिए। पाठ्यक्रम को आधार बनाकर तैयारी करना अतिरिक्त मेहनत का काम है मगर इससे परीक्षा में सफलता की सौ फीसदी गारंटी होती है अतः इसी रास्ते को मैंने अपनाया।

सवाल- कोचिंग और ट्यूशन - इन दिनों परीक्षा की तैयारी के लिये प्रमुख तरीके बन गये हैं, आपने अपनी परीक्षा के लिये इन तरीकों का इस्तेमाल कितना किया?

जवाब- मुझे लगता है केवल प्रतियोगी परीक्षा में ही कोचिंग और ट्यूशन का ज्यादा महत्व होता है। बोर्ड परीक्षा में कुछ सम्पन्न विद्यार्थी ही कुछ कठिन विषयों के लिये ट्यूशन करते हैं मगर ऐसी ट्यूशन स्थानीय विद्यार्थियों के लिये ही ठीक रहती है। आसपास के गांव से आने वाले मेरे जैसे बच्चों को यह सुविधा कम जमती है। हमारे स्कूल में तो हमारे सभी शिक्षक किसी भी विषय की पढ़ाई में यदि कोई समस्या आती थी तो उसे क्लास रूम में ही या फिर किसी भी खाली पीरियड में अच्छे से समझा दिया करते थे। मुझे और मेरे साथ पढ़ने वाले अधिकांश विद्यार्थी कोचिंग अथवा ट्यूशन से दूर ही रहते थे। आज भी हमारे कस्बे में ट्यूशन को अच्छा नहीं माना जाता है। कुछ विद्यार्थी कुछ विषयों की तैयारी को लेकर आशंकित होते हैं तब वे कोचिंग और ट्यूशन की राह चुनते हैं।

सवाल- आपकी इस सफलता पर आपके परिवार, आपके मित्रों, आपके शिक्षकों, आपके प्राचार्य और आपके शहर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की क्या प्रतिक्रिया थी?

जवाब- मेरी इस सफलता से सभी बेहद खुश थे। मेरे परिवार के लिये तो यह गर्व और उल्लास की बात थी। हमारे प्राचार्य परमार सर ने तो मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की शान कहा और यह भी कहा कि प्रदेश में अव्वल रहने के लिये बच्चों ने कड़ी मेहनत की और हमारे स्टाफ ने भी बच्चों को सबसे आगे रहने की सीख दी। हमारी इस उपलब्धि पर कलेक्टर और के जिले के एस.पी. सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने हमारा स्वागत कर हमें बधाई दी। भोपाल से माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी ट्विटर पर हमें बधाई दी और स्थानीय विधायक भी हमसे मिलने स्कूल में आये।

सवाल- आप हमारे समाचार साप्ताहिक- 'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारियों के बारे में क्या सलाह देना चाहेंगी?

जवाब- मैं अपने हम उम्र साथियों से यही कहना चाहूंगी कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का रास्ता आसान नहीं होता है मगर यदि आप अपनी क्षमता पर विश्वास रखेंगे और कड़ा परिश्रम करेंगे तो आप आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। हमेशा यह बात याद रखिये कि सफल वही होता है जो एकाग्रचित्त होता है और इन दिनों पढ़ाई से ध्यान बँटाने में मोबाइल की भूमिका बड़ी अहम् हो गई है। अतः यदि आप इसके जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से बच सको तो अच्छा होगा और एक बात, पढ़ने के दौरान कुछ भी कठिन लगे तो उसे छोड़कर आगे न बढ़ें, उसका समाधान तलाशें।

- भालचन्द पालीवाल

(साक्षात्कारकर्ता, सेवानिवृत्त शिक्षक और वरिष्ठ रचनाकार हैं।)

प्रिया राठौर - एक परिचय

उपलब्धि	:	मध्यप्रदेश राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2019-2020 की हायर सेकेण्डरी (बारहवीं कक्षा) की परीक्षा में गणित संकाय में 99% अंक प्राप्त कर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करना।
विद्यालय	:	लालबहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मन्दसौर।
निवास	:	नई आवादी, ग्राम - कनघट्टी (मन्दसौर)
जन्म दिनांक	:	08.01.2004
पिता का नाम	:	शम्भूलाल राठौर, सीमांत कृषक।
माता का नाम	:	निर्मला राठौर, गृहिणी।
शौक	:	अच्छा साहित्य पढ़ना (विशेष रूप से महापुरुषों की जीवनी और उनकी आत्मकथाओं को पढ़ना), बागवानी करना, पौधे रोपना और उनकी साज सम्भाल करना, खेलों में भाग लेना और संगीत सुनना।

AWADH PRABHA VIDYAPEETH

"An English Medium School"

Bina Road, Besra, Malthone Dist. Sagar (M.P.)
C.B.S.E. Affiliation No. 1030928
Email: apvp.bkp@gmail.com
Mobile 9754304501, 9754304513

TEACHERS REQUIRED

POST	SUBJECT	QUALIFIACATION
PGT	ENGLISH, HINDI, MATH, PHYSICS, CHEMISTRY, BIOLOGY ACCOUNTANCY, BUSSINESS STUDIES, ECONOMICS.	PG in related subject with B.Ed having good English communication skills.
TGT	ENGLISH, HINDI, SANSKRIT, MATH SCIENCE, SOCIAL STUDIES, IT.	UG in related subject with B.Ed having good English communication skills.

1). Interested candidates can send their detailed resume by Email to apvp.bkp@gmail.com **or** Whatsapp - 9826532466 within7 days.
2). T.A. will be given to an applicant who arrives to interview from more than 100 km.

R-44525/2020

मिलावटखोरी के 145 प्रकरणों में लगा अर्थदण्ड

भोपाल, मध्यप्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध संचालित अभियान में 21 अगस्त से 4 सितम्बर तक विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के 145 प्रकरणों में 13 लाख 43 हजार 9 रुपये का जुर्माना किया गया।

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि अपने क्षेत्र में खाद्य पदार्थों के नमूनों की कम जांच करने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से जवाब तलब भी किया गया है। इसके साथ ही ऐसे क्षेत्रों में जहां पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां प्राथमिकता से अधिक से अधिक नमूने लेकर उनका परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। 'ईट राइट चैलेंज' में शामिल जिलों को दिये गये लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दिये गये हैं। 'ईट राइट चैलेंज' में शामिल जिलों को लायसेंस, रजिस्ट्रेशन संख्या में वृद्धि, क्लीन स्ट्रीट फूड हब, ईट राइट स्कूल और जन-जागरूकता के कार्यक्रम शामिल हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध 21 अगस्त, 2020 से की गई कार्यवाही में जांच के लिये कुल 3 हजार 800 नमूनों का निरीक्षण किया गया। राज्य खाद्य प्रयोगशाला द्वारा जारी 2 हजार 224 नमूनों की रिपोर्ट में 1 हजार 903 मानक स्तर के पाये गये और 144 नमूने अवमानक पाये गये, जबकि मिथ्याछाप नमूनों की संख्या 145 और 14 नमूने असुरक्षित पाये गये।

अन्य धाराओं में प्रतिबंधित नमूनों की संख्या 18 है। न्याय निर्णयन अधिकारी के समक्ष दर्ज 147 प्रकरण और न्याय निर्णयन अधिकारी द्वारा 145 प्रकरणों में निर्णय लिया गया, जिनमें 13 लाख 43 हजार 9 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सीजेएम न्यायालय में 29 प्रकरण दर्ज हैं। कार्यवाही में 6 लाख 53 हजार रुपये के अर्थदण्ड की वसूली भी की जा चुकी है।

अमिताभ बच्चन

अंगदान करने का संकल्प लिया

लोकप्रिय अभिनेता 77 वर्षीय अमिताभ बच्चन ने नेक

पहल करते हुये अंगदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपना एक फोटो शेयर किया है, जहां उनके कोट पर हरे रंग का रिबन लगा है, जो अंगदान के संकल्प का प्रतीक है। बच्चन ने इसके साथ लिखा है कि वे अंगदान का संकल्प ले चुके हैं, इसकी पवित्रता दिखाने के लिये हरे रंग का रिबन लगाया है।

न्यू कैलेडोनिया

फ्रांस से अलग नहीं होगा

न्यू कैलेडोनिया, फ्रांस से अलग नहीं होगा। आजादी के

लिये हुये जनमत संग्रह में लोगों ने इसके विरोध में मतदान किया। अगर यहां के लोग आजादी का समर्थन करते तो न्यू कैलेडोनिया को फ्रांस से अलग करना पड़ सकता था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। न्यू कैलेडोनिया प्रशांत क्षेत्र में स्थित सबसे बड़ा आयात क्षेत्र माना जाता है। खास बात यह है कि इस क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ता जा रहा है। कैलेडोनिया के अलग होने के निर्णय से फ्रांस के औपनिवेशिक गौरव को भी चोट पहुंचती।

सऊदी अरब में

मुस्लिमों का पवित्र स्थल खुला

मार्च 2020 से लगे कोरोना प्रतिबंध हटने के बाद सऊदी

सरकार ने मक्का स्थित इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल खोल दिया है। इसके खुलने के पहले दिन ही कई लोगों ने काबा की परिक्रमा की। हालांकि सरकार ने देश के नागरिकों और यहां रहने वालों को ही परिक्रमा की इजाजत दी है। पहले चरण के तहत सरकार ने हर दिन 6 हजार तीर्थ यात्रियों को मस्जिद में प्रवेश की अनुमति दी है। हर व्यक्ति को 3 घंटे के अंदर अपनी तीर्थ यात्रा पूरी करनी होगी।

रोबोट 'सर्वी'

रेस्त्रां में भोजन सर्व करेगा

कोरोना के कारण जापान के होटल और रेस्त्रां में

कर्मचारियों की कमी और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के मद्देनजर सॉफ्ट बैंक रोबोटिक्स ग्रुप कॉर्प और कैलिफोर्निया की वीयर रोबोटिक्स ने भोजन परोसने वाले रोबोट 'सर्वी' को लॉन्च करने की घोषणा की है। सर्वी नाम का यह रोबोट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगा। खाने-पीने की चीजें परोसने वाले सर्वी में 3डी कैमरे लगे होंगे। सर्वी का प्रदर्शन टोक्यो में किया गया।

सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस'

ओडिशा में किया गया सफल परीक्षण

भारत ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के चांदीपुर स्थित

इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से इसे सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर दागा गया। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक यह मिसाइल ध्वनि की रफ्तार से तीन गुना तेजी से वार कर सकती है। इसकी रफ्तार करीब 3457 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह 400 किलोमीटर की रेंज तक निशाना लगा सकती है। मिसाइल के पहले एक्सटेंडेड वर्जन का परीक्षण 11 मार्च 2017 को किया गया था।

अमेजन ने

अपने सबसे बड़े वेयर हाउस पर लगाया सोलर सिस्टम

अमेजन ने एसेक्स स्थित यूरोप के अपने सबसे बड़े वेयर

हाउस पर नया सोलर सिस्टम लगाया है। इसके तहत इस फुलफिलमेंट सेंटर की 20 लाख वर्गफुट में फैली छत पर 11,500 सोलर पैनल लगाये गये हैं। ये पैनल एक साल में 2,700 मेगावॉट बिजली पैदा करने में सक्षम हैं, जो 700 घरों की बिजली की सालाना जरूरत को पूरा करने के लिये पर्याप्त है। अमेजन की यह पहल उसकी 2025 तक अक्षय ऊर्जा को अपनाने के लक्ष्य का हिस्सा है।

अमेरिका

सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस विमान के लिये भारत को देगा कलपुर्जे

अमेरिका रक्षा विभाग पेंटागन भारत के सी-130 जे सुपर

हरक्यूलिस मालवाहक विमान बेड़े के लिये कलपुर्जे और उपकरण मुहैया करायेगा। इसके लिये नौ करोड़ डॉलर (तकरीबन 660 करोड़ रुपये) की खरीद के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। अमेरिकी संसद को पेंटागन की डिफेंस सिक्यूरिटी कोऑपरेशन एजेंसी ने बताया कि प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का समर्थन करती है।

टेस्ला

अगले साल भारत में एंट्री करेगी

अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला 2021 में

भारत में प्रवेश (एंट्री) करेगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने इस आशय के संकेत दिये हैं। ट्विटर पर एक पोस्ट के जवाब में मस्क ने कहा 'निश्चित तौर पर अगले साल' इसके अलावा मस्क ने कहा 'इंतजार के लिये शुक्रिया'।

उमर अल-रज्जाज

जॉर्डन के प्रधानमंत्री का इस्तीफा मंजूर

जॉर्डन के शासक अब्दुल्ला द्वितीय ने प्रधानमंत्री उमर

अल-रज्जाज का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। उन्हें नवम्बर में होने वाले संसदीय चुनावों तक अपने पद पर बने रहने के लिये कहा गया है। अब्दुल्ला ने चार वर्ष के कार्यकाल के बाद संसद को भंग कर दिया था। नियमानुसार एक सप्ताह के भीतर सरकार को इस्तीफा देना होता है।

अमेरिकी सैन्य विमान ने

पहली बार रक्षा संधि के तहत भारतीय एयरबेस पर भरा ईंधन

अमेरिका के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान ने अंडमान और निकोबार द्वीप से ईंधन भरा। अमेरिकी पी-8 पोसिडॉन विमान 25 सितम्बर को रसद और ईंधन भरने के लिये कुछ घंटों के लिये पोर्ट ब्लेयर

उतरा। यह अमेरिकी विमान दुश्मन की पनडुब्बियों और युद्धपोतों को निशाना बनाने के लिये रडार और मिसाइल से लैस था। भारत और अमेरिका साल 2016 में पारस्परिक सैन्य रसद संधि, लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट के तहत एक-दूसरे के युद्धपोतों को ईंधन भरने और परिचालन की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

सोफिया बेरगारा

फोर्ब्स लिस्ट में कमाई में टॉप पर

फोर्ब्स की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली

अभिनेत्रियों की लिस्ट में 43 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ सोफिया वेरगारा टॉप पर हैं। उनकी कमाई 'मॉडर्न फैमिली' और अमेरिकाज गॉट टैलेंट प्रोग्राम से होती है। एंजलीना जोली 35.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ दूसरे नम्बर पर हैं।

गांधी जयंती पर

खादी इंडिया आउटलेट में हुई 1.02 करोड़ रुपये की बिक्री

लोगों का खादी प्रेम इस बार गांधी जयंती पर



दिखाई दिया। इस बार गांधी जयंती पर दिल्ली के खादी इंडिया आउटलेट से 1.02 करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोडक्ट्स बिके। पिछले साल भी खादी की बिक्री इसी जोश के साथ हुई थी, लेकिन इस साल कोरोना के कारण यह रिकॉर्ड रहा।

डेल्फाइन बोएल

बेल्जियम की प्रिंसेस को मिला हक

बेल्जियम के पूर्व सम्राट अल्बर्ट सेकेंड की सीक्रेट डॉटर

डेल्फाइन बोएल अब वैध संतान का हक पा चुकी हैं। साथ ही बेल्जियम देश की प्रिंसेस यानि राजकुमारी होने का हक भी पा चुकी हैं। उनके साथ उनके बच्चों को भी शाही पदवी मिलेगी। ब्रुसेल्स की कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया है। इस साल जनवरी में सम्राट ने उन्हें अपनी जैविक संतान स्वीकार कर लिया था। साल 2013 से कोर्ट में यह मामला चल रहा था।

डॉ. देवयानी उत्तम खोबरागडे

कंबोडिया में भारत की राजदूत होंगी

विदेश सेवा की अधिकारी डॉ. देवयानी उत्तम

खोबरागडे को कंबोडिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय विदेश सेवा की 1999 बैच की अधिकारी वर्तमान में दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त सचिव हैं। खोबरागडे अपने 21 साल के कॅरियर में बर्लिन, इस्लामाबाद, रोम और न्यूयॉर्क में भारतीय मिशनों में काम कर चुकी हैं।

सहगल फाउंडेशन

सिटीजन डिप्लोमेसी अवॉर्ड का उप-विजेता बना

भारत के सहगल फाउंडेशन को मानवाधिकारों और देश के ग्रामीण समुदायों में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये काम करने के लिये अमेरिका के बेहद प्रतिष्ठित सिटीजन डिप्लोमेसी अवॉर्ड के लिये संयुक्त रूप से उप-विजेता चुना गया है। सिटीजन डिप्लोमेसी अवॉर्ड एवरेज

मोहम्मद के संस्थापक और अध्यक्ष मोहम्मद अमीन अहमद को प्रदान किया जायेगा।

अलेक्जेंडर डी क्रू

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बने

बेल्जियम में सात सदस्यीय गठबंधन कैबिनेट के गठन

के बीच निवर्तमान वित्तमंत्री और उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। उदारवादी डच भाषी राजनेता क्रू ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अलेक्जेंडर बेल्जियम में एक लोकप्रिय राजनेता की छवि रखते हैं।

डॉ. स्वाति धींगरा

ब्रिटेन की विशेषज्ञ समिति में शामिल हुईं

लंदन की भारतीय मूल की अर्थशास्त्र की प्रोफेसर

को ब्रिटेन की सरकार की तरफ से गठित नयी विशेषज्ञ समिति में नियुक्त किया गया है। जो 'अत्याधुनिक' व्यापार मॉडल और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर सलाह देगी। स्वाति लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिक्स साइंस (एलएसई) में अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक और दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की छात्रा रही हैं। स्वाति अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग (डीआईटी) की तरफ से गठित पांच सदस्यीय समिति का हिस्सा हैं।

पुनीत अहलूवालिया

लेफ्टिनेंट गवर्नर पद की दौड़ में शामिल

भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति पुनीत

अहलूवालिया वर्जीनिया से लेफ्टिनेंट गवर्नर पद के लिये रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में शामिल हो गये हैं। 55 वर्षीय पुनीत अहलूवालिया ने कुछ दिनों पहले इस पद के लिये दावेदारी पुख्ता की है। दिल्ली में जन्में अहलूवालिया 1990 में अमेरिका चले गये थे। उनकी पत्नी नाडिया मूल रूप से अफगानिस्तान की हैं।

स्मृति शेष

अभिनेत्री मिष्ठी मुखर्जी का निधन

बॉलीवुड अभिनेत्री मिष्ठी मुखर्जी का 27 वर्ष की

उम्र में बीमारी से निधन हो गया। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 2012 में रणवीर शौरी की फिल्म 'लाइफ की तो लग गई' से की थी। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी अभिनय कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।

अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह का निधन

अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में हुये बम

विस्फोट में 36 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया। उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की है। इस हादसे में उनके परिवार के 7 सदस्यों की मौत हो गई है। नांगरहार के गवर्नर के प्रवक्ता अताउल्लाह खोगयानी ने उनके साथ हुये हादसे की पुष्टि की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

हमारे जीवन की गुणवत्ता इस बात का दर्पण है कि हम खुद को किस रूप में देखना चाहते हैं – टॉनी रॉबिन्स

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

हिन्दी

1. "वह तोड़ती पत्थर
देखा मैंने उसे इलाहाबाद के पथ पर।"
निराला की इस कविता को किस वर्ग में रखा जायेगा?
(A) छायावादी
(B) प्रगतिवादी
(C) प्रयोगवादी
(D) इनमें से कोई नहीं

2. इनमें से किस छायावादी कवि को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?
(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुमित्रानंदन 'पंत'
(D) डॉ. राम कुमार वर्मा

3. "बड़े-बड़े साहित्यकारों की भाषा कभी जनता की भाषा नहीं होती" यह विचार है?
(A) प्रसाद का (B) निराला का
(C) पंत का (D) दिनकर का

4. "विद्या का ले आश्रय इस मन को दो प्रबोध" यह राम की शक्ति पूजा में किस पात्र का कथन है और किससे है?
(A) जामवन्त का राम से
(B) शंकर जी का शक्ति से
(C) राम का विभीषण से
(D) अंजना का हनुमान से

5. "धूम धुंआरे काजर कारे, हम ही बिकरारे बादल" इस पंक्ति के रचयिता हैं?
(A) प्रसाद (B) पंत
(C) निराला (D) महादेवी वर्मा

6. "दया, माया, ममता लो आज, मधुरिमा लो, अगाध विश्वास" यह कथन किस तथ्य की पुष्टि करता है?
(A) नारी परम सुन्दर है
(B) नारी का हृदय भाव रत्नों का भण्डार है
(C) उपरोक्त सभी
(D) इनमें से कोई नहीं

7. "स्नेह स्वप्न मग्न अमल कोमल तनु तरुणी जूही की कली" में कौन-सा अलंकार है?
(A) उपमा (B) रूपक
(C) विभावना (D) मानवीकरण

8. भारत में उपन्यास लेखन का प्रारम्भ हुआ?
(A) 17वीं सदी (B) 18वीं सदी
(C) 19वीं सदी (D) 20वीं सदी

9. "जिस उपन्यास को समाप्त करने के बाद पाठक अपने अन्दर उत्कर्ष का अनुभव करे, उसके सद्भाव जाग उठे, वही सफल उपन्यास है।" यह कथन है?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का
(B) मुंशी प्रेमचन्द का
(C) चतुरसेन शास्त्री का
(D) बाबू देवकीनन्दन खत्री का

10. राग दरबारी के लेखक हैं?
(A) अमृतलाल नागर
(B) श्रीलाल शुक्ल
(C) भगवतीचरण वर्मा
(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

11. कौन-सा उपन्यास गोपाल राम गहमरी का है?
(A) सर कटी लाश
(B) जासूस की ऐयारी
(C) गुप्त भेद
(D) उपरोक्त सभी

12. इन भारतीय भाषाओं में किस भाषा में उपन्यास पहले लिखा गया?
(A) बांग्ला (B) तमिल
(C) हिन्दी (D) गुजराती

13. कमलेश्वर के किस उपन्यास में स्वाधीनता आंदोलन का चित्रण है?
(A) सुबह, दोपहर, शाम
(B) कितने पाकिस्तान
(C) तीसरा आदमी
(D) काली आंधी

14. अंग्रेजों के अत्याचार से भारतीय युवक किस प्रकार लोहा ले रहे थे? इसका चित्रण हुआ है?
(A) गोदान में
(B) प्रेमाश्रय में
(C) सुबह, दोपहर, शाम में
(D) देशद्रोही में

15. 'पहला गिरमिटिया' किस कथानक पर आधारित उपन्यास है?
(A) स्वाधीनता आंदोलन पर
(B) गांधीजी के सम्पूर्ण जीवन पर
(C) दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी द्वारा किये गये आंदोलन पर
(D) भारत में गांधीजी द्वारा किये गये आंदोलन पर

16. 'सूरज का सातवां घोड़ा' के रचनाकार हैं?
(A) अमृतलाल नागर
(B) धर्मवीर भारती
(C) मोहन राकेश
(D) मनोहर श्याम जोशी

17. कौन-सा पात्र गोदान उपन्यास का नहीं है?
(A) दातादीन
(B) सिलिया
(C) झुनिया
(D) मुंशी तोताराम

18. प्रेमचन्द के किस उपन्यास में नारी की आभूषण प्रियता के दुष्परिणाम दिखाये गये हैं?
(A) निर्मला (B) गोदान
(C) रंगभूमि (D) गबन

19. 'रुकोगी नहीं राधिका' किसकी रचना है?
(A) मन्नू भंडारी
(B) राजेन्द्र यादव
(C) उषा प्रियंवदा
(D) मैत्रेयी पुष्पा

20. 'शेखर एक जीवनी' का शेखर एक अहंवादी चरित्र है। यह मत किसका है?
(A) शिवदान सिंह चौहान
(B) इलाचन्द्र जोशी
(C) अज्ञेय
(D) रामविलास शर्मा

21. 'नारी शरीर देव मंदिर की भांति पवित्र है' यह किस उपन्यास का वाक्य है?
(A) गोदान
(B) शेखर एक जीवनी
(C) बाणभट्ट की आत्मकथा
(D) मैला आंचल

22. मैला आंचल किस प्रकार का उपन्यास है?
(A) सांस्कृतिक (B) आंचलिक
(C) सामाजिक (D) ऐतिहासिक

23. "फणीश्वरनाथ रेणु जिस भाषिक संरचना का प्रयोग करते हैं, वह मां के दूध की तरह है" यह विचार है?
(A) प्रेमचन्द का
(B) मार्कण्डेय का
(C) नामवर सिंह का
(D) कमलेश्वर का

24. "उन्हें उर्दू से घृणा नहीं, अंग्रेजी से परहेज नहीं, संस्कृत से दुराव नहीं" जैनेन्द्र की भाषा पर यह टिप्पणी की है?
(A) डॉ. इन्द्रनाथ मदान ने
(B) डॉ. देवराज ने
(C) डॉ. नामवर सिंह ने
(D) डॉ. नागेन्द्र ने

25. "अच्छी कहानी, कहानीकार और पाठक के अनुभव की साझेदारी है।" यह कथन है?
(A) कमलेश्वर का
(B) राजेन्द्र यादव का
(C) मोहन राकेश का
(D) रवीन्द्र कालिया का

26. 'वर्षा वशिष्ठ' किस उपन्यास की नायिका हैं?
(A) मैला आंचल
(B) मुझे चांद चाहिए
(C) बाणभट्ट की आत्मकथा
(D) शेखर एक जीवनी

27. 'उच्चाटन' किस प्रकार की कहानी है?
(A) आंचलिक
(B) दलित विमर्श
(C) स्त्री विमर्श
(D) ऐतिहासिक दलित

28. "तुम मेरे देवता हो, मैं तुम्हारा नाम जपने वाली अधम हूं" यह कथन है?
(A) भट्टिनी का
(B) निपुणिका का
(C) महामाया का
(D) इनमें से कोई नहीं

29. इनमें से प्रेमचन्द की कौन-सी कहानी यथार्थवादी है?
(A) नमक का दरोगा
(B) कफन
(C) पंच परमेश्वर
(D) बड़े भाई साहब

30. हिन्दी में जासूसी उपन्यास लिखने की परम्परा का श्री गणेश किसने किया?
(A) गोपालराम गहमरी
(B) ओम प्रकाश शर्मा
(C) मुंशी प्रेमचन्द
(D) बाबू देवकीनंदन खत्री

31. "विपन्नता के इस अथाह सागर में सोहाग ही वह तृण था, जिसे पकड़े हुये वह सागर को पार कर रही थी।" यह कथन गोदान के किस पात्र के लिये प्रेमचन्द ने प्रस्तुत किया है?
(A) धनिया (B) मालती
(C) सिलिया (D) झुनिया

32. "हम लोग दाने-दाने को मोहताज हैं, देह पर साबुत कपड़े नहीं हैं। चोटी का पसीना एड़ी तक आता है, तब भी नजर नहीं होता।" यह कथन गोदान के किस पात्र का है और किससे है?
(A) होरी का भोला से
(B) होरी का धनिया से
(C) भोला का होरी से
(D) गोबर का होरी से

33. "कर्ज वह मेहमान है, जो एक बार आया फिर जाने का नाम नहीं लेता" यह कथन किस उपन्यासकार का है?
(A) प्रेमचन्द
(B) वृन्दावन लाल वर्मा
(C) जैनेन्द्र
(D) कमलेश्वर

34. हजारी प्रसाद जी के किस उपन्यास में मदनोत्सव का वर्णन है?
(A) चारु चन्द्र लेख
(B) पुनर्नवा
(C) बाणभट्ट की आत्मकथा
(D) अनामदास का पोथा

35. प्रेमचन्द की 'कफन' कहानी में कौन-सा पात्र नहीं है?
(A) घीसू (B) माधव
(C) बुधिया (D) हरखू

36. "नई कहानी का सबसे बड़ा वैशिष्ट्य है - कथा का ह्रास" यह कथन है?
(A) भीष्म साहनी का
(B) मार्कण्डेय का
(C) गणपति चन्द्र गुप्त का
(D) नामवर सिंह का

37. काव्यालंकार की परिभाषा इनमें से किसने दी है ?
(A) कुन्तक (B) दण्डी
(C) भामह (D) मम्मट

38. "रस से पूर्ण वाक्य ही काव्य है।" परिभाषा किसकी है?
(A) विश्वनाथ (B) जगन्नाथ
(C) दण्डी (D) भामह

39. 'लिरिकल बैलाड्स' किसका संग्रह है?
(A) वर्ड्सवर्थ (B) क्रोचे
(C) रिचर्ड्स (D) भट्टनायक

40. 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' किसका वाक्य लक्षण है?
(A) पंडित जगन्नाथ
(B) आचार्य विश्वनाथ
(C) मम्मट
(D) दण्डी

41. 'रीतिरात्मा काव्यस्य' किसका कथन है?
(A) कुन्तक (B) भोज
(C) वामन (D) भरत

42. 'साहित्य सामाजिक मंगल का विधाता है' यह कथन किसका है?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) नन्ददुलारे वाजपेयी
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(D) बाबू श्याम सुन्दर दास

43. कौन-सा कथन असत्य है?
(A) कल्पना बुद्धि के नियन्त्रण से मुक्त होती है
(B) कल्पना का आलम्बन अप्रत्यक्ष होता है
(C) कल्पना इच्छा प्रेरित नहीं होती
(D) कल्पना की सामग्री बिम्बों के रूप में मस्तिष्क में संचित होती है

44. शान्त रस को महत्व देते हुये 'तत्व ज्ञान' को उसका स्थायी भाव किस आचार्य ने माना है?
(A) भरत मुनि (B) अभिनव गुप्त
(C) मम्मट (D) विश्वनाथ

45. भुक्तिवाद किस आचार्य का मत है?
(A) आचार्य मम्मट
(B) आचार्य विश्वनाथ
(C) अभिनवगुप्त
(D) भट्टनायक

46. सुमेलित करें?

सूची I (सम्प्रदाय)	सूची II (प्रवर्तक)
(A) अलंकार	1. भरतमुनि
(B) ध्वनि	2. वामन
(C) रस	3. आनन्द वर्धन
(D) रीति	4. भामह

कूट-	(A)	(B)	(C)	(D)
(A)	1	2	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	4	3	1	2
(D)	2	1	3	4

47. दशरूपक के रचयिता हैं?
(A) जगन्नाथ (B) विश्वनाथ
(C) धनंजय (D) वामन

48. "काव्य संसार के प्रति कवि की भाव प्रधान मानसिक प्रतिक्रियाओं की श्रेय को प्रेय देने वाली अभिव्यक्ति है" कथन किसका है?
(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) डॉ. नागेन्द्र
(D) डॉ. राम विलास शर्मा

49. "रूसो रूप वाद" पर अध्ययन एवं वाद-विवाद की परम्परा कहां उपलब्ध होती है?
(A) यूरोप (B) मध्य एशिया
(C) अमेरिका (D) ऑस्ट्रेलिया

उत्तरमाला

1. B	2. C	3. B	4. B
5. B	6. B	7. D	8. C
9. B	10. B	11. D	12. A
13. B	14. C	15. C	16. B
17. D	18. D	19. C	20. B
21. C	22. B	23. B	24. B
25. B	26. B	27. A	28. B
29. B	30. A	31. A	32. D
33. A	34. C	35. D	36. C
37. C	38. A	39. A	40. B
41. C	42. A	43. C	44. A
45. D	46. C	47. C	48. B
49. A			

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

कोविड-19 अनुकूल व्यवहार परिवर्तन सघन अभियान 30 नवम्बर तक चलेगा

भोपाल, कोविड-19 अनुकूल व्यवहार परिवर्तन सघन अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 30 नवम्बर, 2020 तक संचालित किया जायेगा। संचालक राज्य स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो ने अभियान से संबंधित निर्देशों को क्रियान्वित करने के लिये सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है। इसके साथ ही निर्देश दिये गये हैं कि विधानसभा उप निर्वाचन-2020 की आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभियान में गतिविधियां संचालित की जायें।

संचालक राज्य स्वास्थ्य सूचना शिक्षा ब्यूरो ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के बीच आर्थिक गतिविधियां आरंभ की गई हैं। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना प्रभावशील है। आगामी दिनों में त्योहार आदि के कारण लोगों के आपस में मिलने-जुलने और एकत्रित होने को ध्यान में रखते हुए कोरोना से बचाव के लिये दो गज की सामाजिक दूरी रखने, घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनने, साबुन-पानी से हाथ धोने अथवा सेनेटाइज करते रहने आदि जरूरी बचाव के उपायों को लोगों को बताया जायेगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सभी विभागों के अमले की भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चूंकि प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण के प्रकरण लगातार पाये जा रहे हैं और शीत ऋतु के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर अभियान की थीम 'सावधानी में ही सुरक्षा है' और पंच लाइन 'कोरोना से बचने के लिये है जरूरी, मास्क पहने, धोते रहें हाथ, रखें दो गज की दूरी' है।

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा गया है कि जिला-स्तर पर कलेक्टर अभियान के समन्वयक रहेंगे। जिले के अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख संबंधित विभाग के लिये नोडल अधिकारी होंगे। जिला-स्तर पर कलेक्टर के मार्गदर्शन और समन्वय से 'कोविड-19 अनुकूल व्यवहार परिवर्तन सघन अभियान' की गतिविधियों को संचालित किया जाना है। सीएमएचओ को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिये डीएचओ को जिला-स्तर पर और बीएमओ को विकासखण्ड-स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नोडल अधिकारी जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार अभियान का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के लक्षण एवं बचाव की रोकथाम के उपायों से आमजन को परिचित कराने के लिये प्रचार-प्रसार की उपयुक्त और व्यापक कार्य-योजना को बनाकर क्रियान्वित किया जाये। अभियान संचालन में सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी सहयोग प्राप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि अभियान की विस्तृत गाइडलाइन भी भेजी गई है।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Rajan is ..... M.A. in Marathi literature.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. He lost ..... pen which his father had gifted him.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. Heena bought ..... new dress for her daughter.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

4. Sanju is ..... man of few words.
(a) an (b) the
(c) no article (d) a

5. I like ..... both acting and dance.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. My family members drink milk ..... morning daily.
(a) in (b) with
(c) at (d) on

7. There was no vegetable in the market ..... lockdown.
(a) at (b) during
(c) above (d) from

8. The file was placed ..... the table.
(a) of (b) on
(c) with (d) from

9. Reema cannot live ..... mobile.
(a) at (b) of
(c) without (d) for

10. They have been working in garden ..... this morning.
(a) about (b) for
(c) on (d) since

11. Sunny left his documents ..... the car.
(a) in (b) on
(c) above (d) by

12. This is the policy ..... which we should make remarks.
(a) of (b) by
(c) in (d) on

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. I can never ..... others for my fault.
(a) have blaming
(b) was blamed
(c) blame
(d) has blamed

14. Ramesh ..... positive for Covid-19 yesterday.
(a) has tested
(b) is testing
(c) tested
(d) had tested

15. He is brutally ..... by his enemies.
(a) Kills (b) Kill
(c) had killed (d) Killed

16. We ..... our classes through online mode since august 2020.
(a) teaches
(b) teaching
(c) are teaching
(d) have been teaching

17. Time never ..... for anyone.
(a) is waited (b) waits
(c) is waiting (d) waited

18. WHO .... vaccines to the poor countries at low cost in future.
(a) is distribution
(b) will distribute
(c) Distributed
(d) would be distributed

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. He has penned three research papers in one month.
(a) Three research papers are being penned by him in one month.
(b) Research papers three were penned by him in one month.
(c) Three research papers have been penned by him in one month
(d) In one month, he has been penned three research papers.

20. The college conducted five webinars during lockdown.
(a) Five webinars were being conducted during lockdown by the college.
(b) Five webinars conduction was carried out during lockdown.
(c) During lockdown, the college was conducted five webinars.
(d) Five webinars were conducted by the college during lockdown.

21. Distributes the vaccines.
(a) You are requested to distribute vaccines.
(b) You are bound to distribute vaccines.
(c) Let the distribution be made up of vaccine.
(d) Let the vaccines be distributed.

22. Dr. Ram recommends him 14 days rest.
(a) 14 days rest is recommend by Dr. Ram.
(b) Dr. Ram rest for 14 days and recommends the same.
(c) He is recommended 14 days rest by Dr. Ram.
(d) He recommends 14 days rest to Dr. Ram.

23. New guidelines of Unlock-5 will be followed by the citizens.
(a) The citizens will follow new guidelines of Unlock-5.
(b) The citizens are ready to follow new guidelines of Unlock-5.
(c) Guidelines of Unlock-5 will follow the students.
(d) Unlock-5 will be followed by the citizens with new guidelines.

24. The college distributed masks among poor people.
(a) Masks distributed by the college among poor people.
(b) Poor people were distributed by the college with masks.
(c) Masks were distributed among poor people by the college.
(d) Masks to poor people were distributed.

25. They are sanitizing all the rooms in the college.
(a) The college is sanitizing all the rooms by them.
(b) All the rooms in the college are being sanitized by them.
(c) All the rooms were being sanitized in the college by them.
(d) The rooms were sanitized in the college by them.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. I will always remember that terrible accident on highway.
(Make it negative without changing the meaning)
(a) I will never forget that terrible accident on highway.
(b) I will ever forget that terrible accident on highway.
(c) will i ever forget that terrible accident on highway.
(d) I often remember that terrible accident on highway.

27. Hitesh was too busy to realize it. (Remove 'Too')
(a) Hitesh was very busy to realize it.
(b) Hitesh was busy that he don't realize it.
(c) Hitesh was so busy that he didn't realize it.
(d) Hitesh was busy and hence he didn't realize it.

28. It is very easy task. (Make it exclamatory)
(a) How easy it is a task!
(b) What a easy task is!
(c) What a easy task it is!
(d) How easy task it is !

29. Sanju was very happy with his result. (Make it exclamatory)
(a) What a Sanju happy man with his result !
(b) What a happy man Sanju is with his result !
(c) How Happy man Sanju is with his result !
(d) How happy Sanju was with his result !

30. What is wrong in this policy? (Make it assertive)
(a) There is everything wrong in this policy.
(b) Is there any wrong in this policy?
(c) There is nothing wrong in this policy.
(d) There is much wrong in this policy.

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Free
(a) Gratis (b) Forsake
(c) Captive (d) No cost

32. Parallel
(a) Similar
(b) Dissimilar
(c) Matching
(d) Analogous

33. Magnify
(a) Enlarge (b) Shrink
(c) Amplify (d) Expand

34. Proactive
(a) Positive (b) Upbeat
(c) Practical (d) Passive

35. Retreat
(a) Caution (b) Advance
(c) Base (d) Folly

Synonym (Question No. 36 to 40)

36. Jeopardy
(a) Danger (b) Safety
(c) Protect (d) Secure

37. Maze
(a) Terse (b) Soothe
(c) Labyrinth (d) Solvent

38. Taint
(a) Regard (b) Infect
(c) Stare (d) Gawk

39. Paragon
(a) Immoral
(b) Degenerate
(c) Ideal
(d) Dissolute

40. Approbation
(a) Disapproval
(b) Rebuff
(c) Rejection
(d) Consent

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. Yearning for past period.
(a) Catalyst (b) Traunt
(c) Desire (d) Nostalgia

42. Something very difficult to believe.
(a) Dumb
(b) Incredible
(c) Extrovert
(d) Absurd

43. A journey undertaken for religious purpose.
(a) Tour
(b) Travel
(c) Pilgrimage
(d) Voyage

44. A loss of memory
(a) Anatomy (b) Insomnia
(c) Amnesia (d) Corona

45. Objects having life.
(a) Non-living
(b) Animate
(c) Inanimate
(d) Morgue

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Patriacky
(b) Patriarchye
(c) Patrarchy
(d) Patriarchy

47. (a) Conferance
(b) Confarence
(c) Conforence
(d) Conference

48. (a) Curtan (b) Curtain
(c) Curten (d) Cartain

49. (a) Folklor (b) Folklore
(c) Foklore (d) Folkalore

50. (a) Imitation (b) Imitasion
(c) Imitastion (d) Emitation

Answers

1. a, 2. c, 3. c, 4. d, 5. d, 6. c, 7. b, 8. b, 9. c, 10. d, 11. a, 12. d, 13. c, 14. c, 15. d, 16. d, 17. b, 18. b, 19. c, 20. d, 21. d, 22. c, 23. a, 24. c, 25. b, 26. a, 27. c, 28. d, 29. d, 30. c, 31. c, 32. b, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. b, 39. c, 40. d, 41. d, 42. b, 43. c, 44. c, 45. b, 46. d, 47. d, 48. b, 49. b, 50. a.

Explanation

1. Article 'an' is used before a noun which begin with consonant but pronounced as a vowel. This is applicable to this example.
14. Simple past tense is used to indicate the action of past. As the time of past is mentioned in the sentence with the word 'yesterday', here simple past tense is applicable.
30. Positive interrogatives are made negative assertive and vice-versa. Hence positive interrogative sentence is changed into negative assertive sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

पेट्रोल-डीजल पंप के लिये सिंगल विंडो से मिलेगी एनओसी

भोपाल, प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री फैज अहमद किदवई ने पेट्रोल एवं डीजल पंप खोलने के लिये सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल पंप खोलने के लिये आवेदकों के लिये 8 विभागों से अलग-अलग एनओसी प्राप्त करना होती थी, जिसके कारण मेन्यूअली मिलने वाली इस अनुमति में आवेदकों को लंबा इंतजार करना पड़ता था।

ऑनलाइन मिलेगा क्लीयरेंस

श्री किदवई ने बताया कि इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। इसके प्रत्येक चरण में संबंधित विभाग को समय-सीमा के बारे में एसएमएस और ई-मेल के द्वारा रिमाइंडर भेजे जा सकेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर प्रत्येक विभाग पोर्टल में अपनी सहमति अपडेट करेगा। एक बार सभी विभागों की सहमति पोर्टल पर अपडेट होने के बाद कलेक्टर भी पोर्टल पर ही अपनी अंतिम रिपोर्ट सहमति/असहमति के रूप में दर्ज कराएंगे। एनओसी की हस्ताक्षरित प्रति उसके पश्चात सिस्टम में अपलोड की जायेगी। उन्होंने बताया कि डिजीटल सिग्नेचर से एनओसी जारी करने के लिये सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक रिटेल आउटलेट/रूरल रिटेल आउटलेट खोलने के लिये तेल कंपनियाँ आवेदन के साथ 8 प्रतियों में दस्तावेज आवेदक से प्राप्त कर एनओसी के लिये कलेक्टर के पास जमा कराती हैं।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-19 के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. संजय गोयल ने समस्त कलेक्टर्स, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन एवं अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालयों को कोरोना की गाइडलाइन के अनुरूप आवश्यक सतर्कताएं बरतने को कहा है।

निर्देशों में कहा गया है कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में कोरोना संक्रमण के बचाव संबंधी सभी कार्य किये जायें। आमजन को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं सेनेटाइजर का उपयोग सुनिश्चित किया जाये। आयोजन स्थलों का सीमांकन कर थर्मल स्क्रीनिंग, शारीरिक दूरी आदि के पालन के लिये विस्तृत नियोजन करें। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखते हुए आवश्यकतानुसार आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस की सुनिश्चितता भी की जाये।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य अध्ययन

1. राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत निम्नलिखित में से किस देश से हुई थी?
(A) इंग्लैंड (B) आस्ट्रेलिया
(C) कनाडा (D) भारत
उत्तर- (C) कनाडा

2. लार्ज कैप कंपनियों से तात्पर्य किससे है?
(A) जिसका बाजार पूंजीकरण 10,000 करोड़ रुपये या इससे अधिक हो।
(B) जिसका बाजार पूंजीकरण 10,000 करोड़ और 5000 करोड़ के बीच हो।
(C) जिसका बाजार पूंजीकरण 2500 करोड़ रुपये से अधिक हो।
(D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (A)

3. जारवा और प्रहरी जनजातियां कहां पाई जाती हैं?
(A) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(B) मध्यप्रदेश
(C) लक्षद्वीप
(D) अरुणाचल प्रदेश
उत्तर- (A) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

4. भारत में "जीरो आधारित बजट" की शुरुआत निम्नलिखित में से किस वर्ष हुई थी?
(A) 1983 (B) 1981
(C) 1984 (D) 1985
उत्तर- (A) 1983
व्याख्या- बजट की इस तकनीक को पीटर फायर द्वारा विकसित किया गया था।

5. इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर सिस्टम का सबसे पुराना और सबसे सामान्य रूप कौन-सा है?
(A) वायर ट्रांसफर
(B) स्वचालित टेलर मशीनें
(C) पॉइंट ऑफ सेल टर्मिनल
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A) वायर ट्रांसफर

6. पहली बार किसान क्रेडिट कार्ड किस बैंक द्वारा लॉन्च किया गया था?
(A) आरबीआई (B) नाबार्ड
(C) एसबीआई (D) सेबी
उत्तर- (B) नाबार्ड

7. श्रम के इनपुट के प्रति यूनिट आउटपुट को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?
(A) श्रम क्षमता
(B) क्षमता
(C) उत्पादकता
(D) उत्पादन क्षमता
उत्तर- (D) उत्पादन क्षमता

8. भारतीय अर्थव्यवस्था निम्नलिखित में से किस प्रकार की अर्थव्यवस्था है?
(A) मिश्रित
(B) समाजवादी
(C) पूंजीवादी
(D) मिश्रित तथा समाजवादी
उत्तर- (A) मिश्रित

9. बाजार की अर्थव्यवस्था में अदृश्य हाथ किसे माना जाता है?
(A) पैसा
(B) व्यापार
(C) प्रतियोगिता
(D) मांग और आपूर्ति
उत्तर- (C) प्रतियोगिता

10. संसद में नागरिकता अधिनियम निम्नलिखित में से कब पारित हुआ?
(A) 1955 (B) 1956
(C) 1951 (D) 1957
उत्तर- (A) 1955

11. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना निम्न में से किस वर्ष की गई थी?
(A) 1990 (B) 1992
(C) 1993 (D) 1991
उत्तर- (B) 1992

12. भारत के पहले गवर्नर जनरल निम्नलिखित में से कौन थे?
(A) वारेन हेस्टिंग्स
(B) लॉर्ड विलियम बेंटिक
(C) लॉर्ड क्लाइव
(D) लॉर्ड मैकाले
उत्तर- (B) लॉर्ड विलियम बेंटिक

13. मंडोवी जल विवाद किन-किन राज्यों के बीच है?
(A) महाराष्ट्र व कर्नाटक
(B) महाराष्ट्र व गोवा
(C) गोवा व कर्नाटक
(D) महाराष्ट्र, गोवा तथा कर्नाटक
उत्तर- (D) महाराष्ट्र, गोवा तथा कर्नाटक

14. सीमेंट बनाने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जाता है?
(A) कैल्शियम
(B) सिलिकॉन
(C) एल्यूमीनियम
(D) उपरोक्त सभी
उत्तर- (D) उपरोक्त सभी

15. कोंकण रेलवे निम्नलिखित में से किस शहर को किससे जोड़ता है?
(A) कन्याकुमारी - मंगलौर
(B) रोहा - मंगलौर
(C) गोवा - मंगलौर
(D) कन्याकुमारी - मुंबई
उत्तर- (B) रोहा - मंगलौर

16. अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय निम्नलिखित में से कौन थे?
(A) कल्पना चावला
(B) तेनजिंग नोर्गे
(C) राकेश शर्मा
(D) संजय थापर
उत्तर- (C) राकेश शर्मा

17. पवित्रता की दृष्टि से दक्षिण की गंगा किसे माना जाता है?
(A) कृष्णा (B) कावेरी
(C) वैगई (D) पेन्नार
उत्तर- (B) कावेरी

18. 73वां संविधान संशोधन निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) टाउनशिप (B) जिलाबोर्ड
(C) पंचायत (D) नगरपालिका
उत्तर- (C) पंचायत

19. किस राज्य में द्वि-सदनीय विधायिका नहीं है?
(A) महाराष्ट्र
(B) बिहार
(C) पश्चिम बंगाल
(D) उत्तरप्रदेश
उत्तर- (C) पश्चिम बंगाल

20. धन विधेयक पेश करने के लिए किसकी पूर्व सिफारिश की आवश्यकता होती है?
(A) मंत्रिपरिषद (B) राष्ट्रपति
(C) अध्यक्ष (D) उपराष्ट्रपति
उत्तर- (B) राष्ट्रपति

21. भारत के प्रधानमंत्री को शपथ निम्नलिखित में से कौन दिलाता है?
(A) राष्ट्रपति
(B) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(C) सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश
(D) लोकसभा अध्यक्ष
उत्तर- (A) राष्ट्रपति

22. एक प्रक्षेप्य किस कोण पर अधिकतम क्षैतिज सीमा प्राप्त करता है?
(A) 90° (B) 45°
(C) 60° (D) 30°
उत्तर- (B) 45°

23. यदि एक लिफ्ट नीचे की ओर बढ़ रही है तो व्यक्ति का स्पष्ट वजन क्या होगा?
(A) वास्तविक वजन के बराबर
(B) वास्तविक वजन से ज्यादा
(C) वास्तविक वजन से कम
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(C) वास्तविक वजन से कम

24. निम्नलिखित में से बल के अनुप्रयोग का उदाहरण है?
(A) जब आराम करने वाला शरीर हिलना शुरू कर देता है
(B) जब कोई चलती बॉडी रुक जाती है
(C) जब चलती बॉडी अपनी दिशा बदलती है
(D) उपरोक्त सभी
उत्तर-(D) उपरोक्त सभी

25. ओलिंपिक पदक पाने वाली पहली भारतीय महिला निम्नलिखित में से कौन हैं?
(A) अंजू बॉबी जार्ज
(B) कर्णम मल्लेश्वरी
(C) सायना नेहवाल
(D) पीटी उषा
उत्तर- (B) कर्णम मल्लेश्वरी

26. इनपुट डेटा को आउटपुट डेटा में कौन सी युक्ति द्वारा बदला जाता है?
(A) सीपीयू (B) रैम
(C) रोम (D) रजिस्टर
उत्तर- (A) सीपीयू

27. निम्नलिखित में से कौन-कौन कम्प्यूटर के हार्डवेयर घटक हैं?
(A) प्रिंटर (B) कीबोर्ड
(C) माउस (D) उपरोक्त सभी
उत्तर- (D) उपरोक्त सभी

28. निम्न में से कौन पहला वाणिज्यिक ट्रांजिस्टर कम्प्यूटर था?
(A) मेट्रोविक 950
(B) सीरैक
(C) परम
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (A) मेट्रोविक 950

29. एचवीडी का पूर्ण रूप क्या है?
(A) हाइड्रोलिक वीडियो डिस्क
(B) होलोग्राफिक वर्सटाइल डिस्क
(C) हैलोजनेटर्ड वर्सटाइड डिस्क
(D) हाइपर वीडियो डिस्क
उत्तर- (B) होलोग्राफिक वर्सटाइल डिस्क

30. ऑप्टिकल फाइबर केबल में फाइबर की निम्नलिखित में से क्या भूमिका होती है?
(A) संकेतों की हानि को रोकना
(B) विद्युत चुम्बकीय हस्तक्षेप के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करना
(C) A तथा B दोनों
(D) कोई नहीं
उत्तर- (C) A तथा B दोनों

31. गुरूमुखी लिपि की शुरुआत किस सिख गुरू ने की थी?
(A) गुरू अंगद
(B) गुरू गोविंद सिंह
(C) गुरू अर्जुन सिंह
(D) गुरू हरकिशन
उत्तर- (A) गुरू अंगद

32. चोल काल की सबसे प्रसिद्ध कांस्य छवि कौन सी है?
(A) मुरूगन जी
(B) नटराज जी
(C) वेंकटेश्वर जी
(D) विष्णु जी
उत्तर- (B) नटराज जी

33. राजहंस महोत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
(A) आंध्रप्रदेश (B) कर्नाटक
(C) केरल (D) बिहार
उत्तर- (A) आंध्रप्रदेश

34. करगम किस राज्य का लोक नृत्य है?
(A) कर्नाटक (B) आंध्रप्रदेश
(C) तमिलनाडु (D) केरल
उत्तर- (C) तमिलनाडु
व्याख्या- यह तमिलनाडु का पारंपरिक नृत्य है। जिसमें पुरुष नर्तक रहते हैं।

35. निम्नलिखित में से किसे शिव नटराज की मूल आकृति के चारों ओर वलय द्वारा इंगित किया गया है?
(A) ब्रह्मांड
(B) कॉस्मिक फायर
(C) जन्म और मृत्यु का चक्र
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (B) कॉस्मिक फायर

36. नटवरी नृत्य का संबंध किस शास्त्रीय नृत्य से है?
(A) कथक (B) कथकली
(C) कुचिपुड़ी (D) भरतनाट्यम
उत्तर- (A) कथक
व्याख्या- 'नटवरी नृत्य' को कृष्ण के नृत्य के रूप में भी जाना जाता है, नटवर कृष्ण का दूसरा नाम है।

37. कौन सा हिन्दू दर्शनशास्त्र नहीं है?
(A) योग (B) लोकायत
(C) सांख्य (D) वेदांत
उत्तर- (B) लोकायत

38. महेंद्र शैली, ममल्ला शैली और अपराजिता शैली निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(A) पल्लव वास्तुकला
(B) चालुक्य वास्तुकला
(C) चोल वास्तुकला
(D) राष्ट्रकूट वास्तुकला
उत्तर- (A) पल्लव वास्तुकला

39. स्वतंत्र भारत का पहला भारतीय निम्नलिखित में से कौन था, जिसने व्यक्तिगत ओलिंपिक स्पर्धा में पदक जीता हो?
(A) ध्यानचंद (B) केडी जाधव
(C) पृथ्वीपाल सिंह
(D) हरिश्चंद्र बंजार
उत्तर- (B) केडी जाधव
व्याख्या- केडी जाधव (1926-1984) ने 1952 के ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक में हेलसिंकी में कुश्ती में कांस्य पदक जीता था और ओलिंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले एथलीटों में से एक थे।

40. किस किक्रेट टीम द्वारा 2016-17 में विजय हजारे ट्रॉफी जीती गई थी?
(A) कर्नाटक (B) गुजरात
(C) झारखंड (D) तमिलनाडु
उत्तर- (D) तमिलनाडु

41. राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 29 अगस्त (B) 28 अगस्त
(C) 27 अगस्त (D) 24 अगस्त
उत्तर- (A) 29 अगस्त

42. ओलिंपिक ज्वाला का प्रतीक निम्नलिखित में से क्या है?
(A) खेल खेलने के लिए उत्साह
(B) निरंतरता
(C) अखंडता
(D) प्रतिस्पर्धा
उत्तर- (B) निरंतरता

43. वॉली और स्मैश शब्द का संबंध किससे है?
(A) लॉन टेनिस
(B) टेबल टेनिस
(C) बैडमिंटन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (A) लॉन टेनिस

44. ओमेगा मिशन हिल्स विश्व कप किस खेल से संबंधित है?
(A) टेनिस (B) हॉकी
(C) पोलो (D) गोल्फ
उत्तर- (D) गोल्फ

45. "क्रिकेट माई स्टाइल" पुस्तक के लेखक निम्नलिखित में से कौन है?
(A) कपिल देव
(B) सुनील गावस्कर
(C) अनिल कुंबले
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (A) कपिल देव

46. यूरो कप किस खेल से संबंधित है?
(A) फुटबॉल (B) बैडमिंटन
(C) टेबल टेनिस (D) हॉकी
उत्तर- (A) फुटबॉल

- पूर्वी जैन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी विषयों पर लेखन करती हैं)

डॉ. कलाम की स्मृति में स्कूलों में मनेगा राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह

भोपाल, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 'राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह' का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष के लिये 'पानी का लेखा-जोखा और कार्बन पदचिन्ह की गणना' विषय पर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को तीन समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं के प्रथम समूह का विषय- घरेलू प्रयोजनों के लिए पानी का लेखा-जोखा, बागबानी के लिए पानी का लेखा-जोखा तथा कक्षा 9वीं से 10वीं के द्वितीय समूह का विषय- कृषि फसलों के लिए पानी का लेखा-जोखा तथा कक्षा 11वीं से 12वीं के विद्यार्थियों का तृतीय समूह कार्बन पदचिन्ह की गणना निर्धारित करेगा। इस कार्य के लिये प्रत्येक विकासखण्ड से 3 से 5 विद्यालयों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यालयों में एक प्रभारी शिक्षक नियुक्त किया जाएगा जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। डाटा कलेक्शन का कार्य विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन ही किया जाएगा। इसके लिये एनसीईआरटी द्वारा गूगल शीट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए वेब लिंक http://bit.ly/2ZLeCZS है। साथ ही प्रश्न भी एनसीईआरटी के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

शासकीय विद्यालयों से कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस आयोजन में सहभागिता करेंगे। पानी का लेखा-जोखा सीखकर बच्चे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

बूथ लेवल एप से हो सकेगी मतदाता की पहचान

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उप चुनाव वाले 19 जिलों के निर्वाचन अधिकारियों को बूथ लेवल एप के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

बूथ लेवल एप से मतदाताओं द्वारा मतदान के समय उसकी पहचान डिजिटल तरीके से हो सकेगी। इसमें मतदाता को प्रदाय वोटर स्लिप को मतदान केन्द्र पर स्केन करते ही उस समय तक कितने मतदाताओं द्वारा मतदान किया जा चुका है, इसकी पूरी जानकारी सर्वर पर मिल जाएगी और रीयल टाइम में मतदान का प्रतिशत भी ज्ञात हो सकेगा।

यदि कोई मतदाता पुनः वोट डालने आ जाता है तो बूथ लेवल एप तत्काल उसकी पहचान कर लेगा। इससे फर्जी मतदान रोकने में सुविधा होगी। प्रशिक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के तकनीकी अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत में 25 साल का हुआ इंटरनेट

पूरी दुनिया में सूचना क्रांति लाने का श्रेय इंटरनेट को जाता है, जिन देशों में इंटरनेट का प्रयोग जितने जल्दी आरंभ हुआ। उन देशों की विकास दर में उतनी ही तेजी से वृद्धि होने लगी। 15 अगस्त 2020 को भारत में इंटरनेट के 25 साल पूरे हो गये हैं। भारत में आमजन के लिये इंटरनेट प्रयोग की शुरुआत 1995 से हुई थी। इसके बाद इंटरनेट की इन 25 वर्षों की यात्रा बेहद ही रोमांचकारी रही है। आईये यहाँ नजर डालते हैं इंटरनेट के 25 सालों के रोचक इतिहास पर...

भारत में इंटरनेट का आरंभ

दुनिया के विकसित देश जब इंटरनेट का इस्तेमाल कर अपने देश के विकास को नये आयाम देने में लगे थे तब भारत में पहली बार इंटरनेट की सुगबुगाहट सन् 1989 से आरंभ हुई। 80 के दशक में जब शिक्षा और शोध कार्यों को बढ़ावा देने हेतु नई-नई योजनायें संचालित की जा रही थीं तभी इंटरनेट का प्रयोग भारत में सरकार द्वारा आरंभ किया गया। पहले शिक्षा और शोध विषयों को इंटरनेट के प्रयोग हेतु प्राथमिकता दी गई। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के माध्यम से नेशनल रिसर्च नेटवर्क के अंतर्गत देश के विकास के लिये इंटरनेट के प्रयोग से शिक्षा और शोध संबंधी जानकारियां इकट्ठी की जाने लगीं। वित्तीय व्यय के रूप में इंटरनेट का प्रयोग तात्कालिक समय में बेहद ही खर्चीला कार्य था, किन्तु भारत सरकार के द्वारा देश के विकास के लिये यह वहन किये जाने लगा और इस तरह भारत में इंटरनेट की नींव पड़ी। यह दौर 6 वर्षों तक चला। इसके बाद मूल रूप से आमजन के लिये इंटरनेट की पहुंच 15 अगस्त 1995 से विदेश संचार निगम लिमिटेड के माध्यम से सुलभ हुई। इस तरह पहली बार इंटरनेट के महासागर के द्वार सभी के लिये खुल गये।

इस शुरुआती दौर में इंटरनेट को सिर्फ कम्प्यूटर के जरिए ही प्रयोग किया जा सकता था, जिसका लाभ सबसे पहले कोलकाता वासियों द्वारा लिया गया। भारत में यह एक नई संचार क्रांति का प्रस्फुटन था, जिसे एक लंबी दूरी तय करनी थी। 1995 में इंटरनेट क्रांति की यह शुरुआत हो तो गई थी, किन्तु आमजन तक इंटरनेट की पहुंच इतनी आसान न थी। इस आरंभिक दौर में इंटरनेट सुविधाओं के लिये उपलब्ध दरें इतनी ऊंची थीं कि कुछ चुनीं हुई संस्थायें ही इसका उपयोग कर सकती थीं।

इंटरनेट का विकास

भारत में विदेश संचार निगम लिमिटेड के द्वारा इंटरनेट की शुरुआत करने के बाद धीरे-धीरे देश में इसका प्रसार कार्य प्रारंभ हुआ। 1998 में सरकार ने निजी कंपनियों को भी इंटरनेट सेवा क्षेत्र में आने की अनुमति दे दी। इस कार्य ने भारत में इंटरनेट के प्रसार में अप्रतिम भूमिका अदा की। भारत में देश की पहली वेबसाइट इंडिया वर्ल्ड डॉट कॉम नाम से आरंभ हुई। इसी के साथ रेडिफ डॉट कॉम और इंडियाटाइम्स डॉट कॉम नामक वेबसाइट्स भी अस्तित्व में आईं। रेडिफ ने तो तत्कालीन समय की विश्व प्रसिद्ध तकनीकी कंपनी याहू से प्रतिस्पर्धा की। मोबाइल निर्माता कंपनी नोकिया ने 1996 में इंटरनेट एक्सेस वाला फोन पेश किया, जिसका नाम Nokia 9000 कम्यूनिकेटर रखा गया। इस तरह से धीमे-धीमे भारत में इंटरनेट का विकास होना आरंभ हुआ। इन शुरुआती पहलों के बावजूद 90 के दशक में इंटरनेट का उपयोग कर पाना सभी के लिये आसान नहीं था, क्योंकि इंटरनेट के उपयोग हेतु उस समय की दरें इतनी ज्यादा थीं कि अत्यधिक आय वाले ही इसका प्रयोग कर पाते थे।

शुरुआती दौर में इंटरनेट दरें

इंटरनेट के आरंभ में सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इंटरनेट सेवा देने के उद्देश्य से बीएसएनएल ने इंटरनेट दरों को पांच श्रेणियों के अंतर्गत विभाजित कर रखा था, जो प्रोफेशनल्स, कमर्शियल, नॉन-कमर्शियल, एक्सपोर्टर और सर्विस प्रोवाइडर्स के रूप में विभाजित थीं। इन सभी को अलग-अलग कीमत पर अलग-अलग गति वाले कनेक्शन उपलब्ध कराये जाते थे। यह अलग-अलग कनेक्शन और दरें इस प्रकार हुआ करती थीं।

- डायल-अप कनेक्शन पर नॉन कमर्शियल उपयोग हेतु 15,000 रुपये में एक साल के लिए 9.6 kbps गति प्राप्त होती थी।
- नॉन कमर्शियल कनेक्शन अगर लीज्ड लाइन पर दिये जाते थे तो 9.6 kbps की गति हेतु 2.40 लाख रुपये प्रतिवर्ष की दरें निर्धारित हुआ करती थीं। वहीं 128 kbps के लिए 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष देने होते थे।
- प्रोफेशनल उपयोग के लिये डायल-अप कनेक्शन पर 9.6 kbps की गति हेतु 5,000 रुपये प्रतिवर्ष दरें ली जाती थीं।
- डायल-अप कनेक्शन पर एक्सपोर्टर को 9.6 kbps की गति से इंटरनेट के उपयोग हेतु 20,000 रुपये सालाना देने पड़ते थे।
- डायल-अप कनेक्शन का उपयोग करने की भी एक सीमा थी। इसमें एक साल तक सिर्फ 250 घंटे या 512 kb डिस्क स्पेस तक ही इंटरनेट का उपयोग किया जा सकता था।

90 के दशक में इंटरनेट की इन शुरुआती दरों से अनुमान लगाया जा सकता है कि आरंभ में इंटरनेट तक आमजन की पहुंच कितनी सीमित थी। हर कोई इतनी राशि व्यय करने की स्थिति में नहीं था। इंटरनेट तत्कालीन समय में सूचना का अमूल्य माध्यम हुआ करता था। शिक्षा और शोध कार्यों में ही इसका प्रयोग विशेष रूप से हो पाता था।

21वीं सदी और इंटरनेट क्रांति

20वीं सदी के अंत में इंटरनेट का आरंभ जिस तरह से हुआ था तब यह कल्पना करना भी मुश्किल था कि भारत में आने वाले समय में इंटरनेट क्रांति का विस्फोट होगा। 21वीं सदी भारत में इंटरनेट के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन कर रही है। भारत सरकार के द्वारा किये गये द्रुतगामी प्रयासों और निजी कंपनियों की भागीदारी ने आज भारत के घर-घर तक इंटरनेट की निर्बाध पहुंच बना दी है। विगत दशक में इंटरनेट के क्षेत्र में इस तरह से परिवर्तन हुये हैं कि इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं में भारत का नाम दुनिया के शीर्ष पांच देशों के अंतर्गत आने लगा है। भारत में प्रदान किया जाने वाला इंटरनेट डाटा अब दुनिया की सबसे सस्ती दरों में उपलब्ध कराया जा रहा है। भारत अब इंटरनेट सेवा की 2जी, 3जी, 4जी सेवा से होते हुये 5जी सेवा के दौर में प्रवेश करने जा रहा है। भारत की लगभग 70 करोड़ की जनसंख्या किसी न किसी माध्यम से इंटरनेट का प्रयोग दैनिक रूप से कर रही है। आंकड़ों के अनुसार भारत में 2005 तक 6500 पंजीकृत वेबसाइट थीं जो इंटरनेट सेवा के माध्यम से ऑनलाइन सूचनाओं का प्रसार कर रही थीं। किन्तु अब 2020 तक लाखों वेबसाइट पंजीकृत हो गई हैं।

हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा यह अवगत कराया गया है कि भारत में इंटरनेट की स्थिति बेहतर करने और गांव-गांव तक इंटरनेट पहुंचाने के लिए देश के सभी छह लाख गांवों को इंटरनेट सुविधा जोड़ने हेतु ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क पर कार्य कर रही है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह सूचना दी कि विगत पांच वर्ष में डेढ़ लाख ग्राम पंचायतों को तीव्र इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने वाली ऑप्टिकल फाइबर सुविधा से जोड़ा गया है। इसके अलावा एक लाख और ग्राम पंचायतों में यह सुविधा पहुंचाने की दिशा में कार्य तेजी से किया जा रहा है।

15 अगस्त 2020 को इंटरनेट ने भारत में अपनी जनसेवा के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिये हैं। लेख में दर्शाये गये आंकड़े यह बताते हैं कि भारत में इंटरनेट ने धीमी शुरुआत अवश्य की, लेकिन जिस गति से यह भारत में रचा बसा है उसकी परिकल्पना की जाना भी असंभव था। वर्ष 2000 तक देश में जहां 55 लाख इंटरनेट यूजर थे, वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर 70 करोड़ से भी अधिक हो गई है। आने वाले समय में इसकी संख्या में और भी द्रुतगति से विकास होना है, क्योंकि भारत में इंटरनेट की दरें पहले के मुकाबले काफी अधिक सस्ती हो चुकी हैं। 21वीं सदी में भारत ने जिस तेजी से स्वयं का विकास किया है, इसमें इंटरनेट ने भी अपनी अभूतपूर्व भूमिका निभाई है।

रोचक तथ्य

- वेब दुनिया मातृभाषा हिन्दी में इंटरनेट पर जानकारियां उपलब्ध कराने वाला पहला वेब पोर्टल है जिसने 23 सितम्बर 1999 से अपनी सेवायें देना प्रारंभ किया। आज यह वेब पोर्टल भारत की विविध भाषाओं में सूचना और शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। अपनी उत्कृष्टता के लिये यह भारत सहित विदेश में भी लोकप्रिय है।
- इंटरनेट के शुरुआती दौर में 1 MB डाउनलोड करने में सात मिनट तक का समय लग जाता था।
- भारत में इंटरनेट की शुरुआत में कुछ kbps की ही गति मिलती थी।
- आज के दौर में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 70 करोड़ से अधिक हो गई है।
- आज हर भारतीय हर महीने औसतन 11 जीबी डाटा खर्च कर रहा है।
- 1995 के दौर में सिर्फ सत्यम इंफोवे एकमात्र इंटरनेट सर्विस प्रोटोकॉल प्रोवाइडर कंपनी हुआ करती थी।

- मनीष श्रीवास्तव
(लेखक, समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - खेल

1. टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं?
(अ) राहुल द्रविड़
(ब) वीवीएस लक्ष्मण
(स) चेतेश्वर पुजारा
(द) सुनील गावस्कर

2. इस वर्ष यूएस ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?
(अ) डोमिनिक थिएम
(ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(स) केविन एंडरसन
(द) स्टेन वावरिंका

3. बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किस खेल से संबंधित है?
(अ) फुटबॉल (ब) क्रिकेट
(स) एथेलेटिक्स
(द) इनमें से कोई नहीं

4. युवा साइक्लिस्ट जोओ अल्मेडा किस देश से संबंधित हैं?
(अ) पुर्तगाल (ब) फ्रांस
(स) इथोपिया (द) दक्षिण अफ्रीका

5. वर्ष 1960 में ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किये गए थे?
(अ) ब्रुसेल्स (बेल्जियम)
(ब) बुडापेस्ट (हंगरी)
(स) टोक्यो (जापान)
(द) रोम (इटली)

6. क्लेयर टेलर किस देश की दिग्गज महिला क्रिकेटर रही हैं?
(अ) इंग्लैंड (ब) न्यूजीलैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) श्रीलंका

7. वर्ष 2019 में इंडियन सुपर लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है?
(अ) चेन्नइयन एफसी
(ब) एटलेटिको डी कोलकाता
(स) बेंगलुरु एफसी
(द) एफसी गोवा

8. इनमें से कौन सा खिलाड़ी एथेलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व नहीं करता है?
(अ) विकास गौड़ा
(ब) रंजीत माहेश्वरी
(स) नीरज चोपड़ा
(द) विश्वनाथन आनंद

9. डस्टिन जॉनसन किस खेल में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) गोल्फ (ब) रग्बी
(स) टेनिस (द) जिम्नास्टिक

10. इनमें से किस क्रिकेटर को एशिया का ब्रैडमैन भी कहा जाता है?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) सनथ जयसूर्या
(स) जहीर अब्बास
(द) सुनील गावस्कर

11. इनमें से कौन-सा फुटबॉलर स्पेन की राष्ट्रीय टीम से नहीं खेला है?
(अ) सर्जियो रामोस
(ब) पॉल पोग्बा
(स) डैनी ओल्मो
(द) फेरेन टोरेस

12. तेंजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड जीतने वाले मध्यप्रदेश के खिलाड़ी सत्येंद्र सिंह लोहिया किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) पैरा बैडमिंटन
(ब) पैरा एथेलेटिक्स
(स) पैरा तैराकी (द) पैरा क्रिकेट

13. भारत अब तक कितनी बार आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्डकप की मेजबानी कर चुका है?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) इनमें से कोई नहीं

14. इनमें से कौन सा खिलाड़ी वर्ष 2019 में आईसीसी वन-डे प्लेयर ऑफ द ईयर बना था?
(अ) मिशेल स्टार्क
(ब) केन विलियम्सन
(स) हाशिम आमला
(द) रोहित शर्मा

15. ओलिवियर गिरॉड किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं?
(अ) नीदरलैंड्स (ब) इटली
(स) फ्रांस (द) स्पेन

16. वर्ष 2022 में महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट किस देश में आयोजित होगा?
(अ) भारत (ब) चीन
(स) ईरान (द) जापान

17. इस वर्ष फोर्ब्स की सूची में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) लियोनेल मेसी
(ब) रोजर फेडरर
(स) टाइगर वुड्स
(द) लुईस हैमिल्टन

18. इनमें से किसे स्वीडन की क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया है?
(अ) रिकी पोंटिंग
(ब) कुमार संगाकारा
(स) जोंटी रोड्स
(द) शाहिद अफरीदी

19. इस वर्ष इनमें से किस खिलाड़ी को यूएस ओपन से डिसक्वालिफाई किया गया था?
(अ) स्टेफानोस सितसिपास
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) जॉन इस्नर
(द) डेनिल मेदवेदेव

20. इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष रशियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस जीती है?
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) सबेस्टियन वेटल
(स) एस्टाबेन ओकेन
(द) वाल्टेरी बोटास

21. हरभजन सिंह ने टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक किस देश के खिलाफ बनाई थी?
(अ) श्रीलंका (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) इंग्लैंड

22. इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा स्टंपिंग करने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?
(अ) कुमार संगाकारा
(ब) महेंद्र सिंह धोनी
(स) मार्क वाउचर
(द) एडम गिलक्रिस्ट

23. लंदन ओलिंपिक-2012 में भारतीय दल के ध्वजवाहक थे?
(अ) सुशील कुमार
(ब) गगन नारंग
(स) लिएंडर पेस
(द) अभिनव बिंद्रा

24. वर्ष 2002 के फीफा वर्ल्डकप में गोल्डन बूट अवॉर्ड किस खिलाड़ी ने जीता था?
(अ) सोल कैम्पबेल
(ब) ओलिवर कॉन
(स) माइकल बलाक
(द) रोनाल्डो

25. क्रिकेट की प्रतिष्ठित बिग-बैश लीग किस देश में खेली जाती है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) वेस्ट इंडीज
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) अमेरिका

उत्तर

1. (स), 2. (अ), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (अ), 7. (ब), 8. (द), 9. (अ), 10. (स), 11. (ब), 12. (स), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (ब), 20. (द), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

तर्कशक्ति

प्र. (1) दिये गये विकल्पों में से संबंधित वर्णों का चयन करें -
BEH : KNQ :: FIL : ?
(a) ONM (b) NLJ
(c) ORU (d) OMK
उत्तर - (c) ORU
व्याख्या - B E H
↓+9 ↓+9 ↓+9
K N Q
उसी प्रकार
F I L
↓+9 ↓+9 ↓+9
O R U

प्र. (2) एक निश्चित कूट भाषा में, '+' का अर्थ 'x', '-' का अर्थ '+', 'x' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '-' है, तो बताइये -
80×16÷4+2-8=?
(a) 11 (b) 64
(c) 30 (d) 5
उत्तर - (d) 5
व्याख्या - प्रश्नानुसार,
80×16÷4+2-8
=80÷16−4×2+8
=5−8+8=5

प्र. (3) यदि 35 % 31 = 12, 92 % 30 = 14 है, तो 15 % 24 = ?
(a) 12 (b) 25
(c) 15 (d) 28
उत्तर - (a) 12
व्याख्या - (3+5) + (3+1) = 12
(9+2) + (3+0) = 14
∴ (1+5) + (2+4) = 12

प्र. (4) श्रृंखला को पूरा करें -
K, J, L, I, M, ?
(a) G (b) H
(c) F (d) N
उत्तर - (b) H
व्याख्या - -1 -1
K J L I M H
+1 +1

प्र. (5) एक लड़की का परिचय देते हुये, एक व्यक्ति कहता है, "वह मेरी पत्नी की पुत्री की पुत्री है।" तो व्यक्ति, लड़की से किस प्रकार संबंधित है -
(a) अंकल (b) पुत्र
(c) ग्रैंडफादर (d) पिता
उत्तर - (c) ग्रैंडफादर
व्याख्या - व्यक्ति = पत्नी
↓
पुत्री
↓
मैटरनल ग्रैंडफादर → पुत्री

प्र. (6) उस वेन आरेख का चयन कीजिये, जो निम्नवर्गों के बीच संबंध का उचित प्रतिनिधित्व करता है -
ओलिंपिक खेल, टेनिस, कुश्ती, लूडो
(a)
(b)
(c)
(d)
उत्तर - (a)

प्र. (7) दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिये -
आगरा : यमुना :: वाराणसी :?
(a) दामोदर (b) बेतवा
(c) गंगा (d) सोन
उत्तर - (c) गंगा

प्र. (8) सही संख्या चुनिये -
12 : 72 : : 14 : ?
(a) 98 (b) 91
(c) 42 (d) 60
उत्तर - (a) 98
व्याख्या - $\frac{12}{2}\times12=72$
$\frac{14}{2}\times14=(98)$

प्र. (9) सही वर्ण चुनिये -
ASK : KAS :: SAW :?
(a) WAS (b) ASW
(c) PQR (d) WSA
उत्तर - (d) WSA
व्याख्या - A S K उसी प्रकार S A W
K A S W S A

प्र. (10) सही संख्या चुनिये -
36 : 3 :: 108 = ?
(a) 9 (b) 13
(c) 12 (d) 8
उत्तर - (a) 9
व्याख्या - $\frac{36}{3}=12 \quad \therefore \frac{108}{(9)}=12$

प्र. (11) विषम पद ज्ञात कीजिये -
(a) 236 (b) 327
(c) 248 (d) 177
उत्तर - (b) 327
व्याख्या - 236→2×3→6
248→2×4→8
177→1×7→7

प्र. (12) श्रृंखला को पूरा करें -
LOR, PSV, TWZ, ?
(a) YBE (b) XAD
(c) XAB (d) YBD
उत्तर - (b) XAD
व्याख्या -
+3 +3 +3 +3 +3 +3 +3 +3
L O R → P S V → T W Z → X A D
-2 -2 -2

प्र. (13) दिये गये चित्रों में से कौन सा चित्र दिये गये शब्दों के मध्य सबसे बेहतर संबंध दर्शाता है - गणित, अंकगणित, बीजगणित
(a)
(b)
(c)
(d)
उत्तर - (d)

प्र. (14) LK : OP : : ? : UV
(a) ML (b) TU
(c) NQ (d) FE
उत्तर - (d) FE
व्याख्या - L K :: F E
विपरीत ↓ ↓ ↓ ↓ विपरीत
O P U V

प्र. (15) विषम पद ज्ञात कीजिये?
(a) 101-90
(b) 201-190
(c) 301-291
(d) 401-390
उत्तर - (c) 301-291
व्याख्या - 101 - 90 = 11
201 - 190 = 11
401 - 390 = 11
301 - 291 = 10

प्र. (16) 11*7*9*2 बताइये कौन सा विकल्प सही होगा?
(a) -×÷ (b) +=×
(c) ×÷= (d) +=−
उत्तर - (b) +=×
व्याख्या - विकल्प (b) के अनुसार,
11+7=9×2
18=18
अतः (b) सही है।

प्र. (17) दिये गये शब्दों को उस क्रम में व्यवस्थित करें, जैसे वे शब्दकोश में होते हैं -
(1) Noble
(2) Nobilitary
(3) Noblesse
(4) Nobility
(5) Nobble
(a) 1, 4, 3, 2, 5
(b) 3, 4, 1, 2, 5
(c) 5, 2, 4, 1, 3
उत्तर - (c) 5, 2, 4, 1, 3
व्याख्या - Nobble → Nobilitary → Nobility
↓
Noblesse ← Noble

प्र. (18) A, B के 40 मीटर दक्षिण-पश्चिम में है। C, B के 40 मीटर दक्षिण-पूर्व में है। तो C, A से किस दिशा में है?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण
उत्तर - (a) पूर्व
व्याख्या - प्रश्नानुसार,
B
40 40
A पूर्व C

प्र. (19) सही शब्द चुनिये -
वी.वी.एस. लक्ष्मण : क्रिकेट :: ध्यानचंद : ?
(a) हॉकी (b) फुटबॉल
(c) वॉलीबॉल (d) टेनिस
उत्तर - (a) हॉकी

प्र. (20) प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आयेगा -
TN : WQ :: BV : ?
(a) QT (b) LK
(c) EY (d) EZ
उत्तर - (c) EY
व्याख्या -
+3 +3
T N W Q ∴ B V E Y
+3 +3

प्र. (21) सही संख्या का चयन करें -
6 : 108 :: 11 : ?
(a) 363 (b) 333
(c) 253 (d) 423
उत्तर - (a) 363
व्याख्या - 6→(6)²×3=108
11→(11)²×3=363

प्र. (22) विषम पद ज्ञात करें -
(a) 176 (b) 263
(c) 132 (d) 297
उत्तर - (b) 263
व्याख्या - 1+6→7
1+2→3
2+7→9

प्र. (23) विषम पद का चयन करें -
(a) 2437 (b) 9118
(c) 8548 (d) 7649
उत्तर - (a) 2437
व्याख्या - 9118→ 9 x (1+1)→18
8548→ 8 x (5+1)→48
7649→ 7 x (6+1)→49

प्र. (24) सही शब्द का चयन करें -
स्नूकर : छड़ी :: क्रिकेट : ?
(a) गेंद (b) बल्ला
(c) पैड (d) हेलमेट
उत्तर - (b) बल्ला

प्र. (25) विषम पद ज्ञात करें -
(a) 222 (b) 2222
(c) 2332 (d) 10648
उत्तर - (a) 222
व्याख्या - अन्य सभी 11 से विभाजित होते हैं।

प्र. (26) लुप्त पद ज्ञात करें -

5	8	32
9	6	48
7	9	?

(a) 45 (b) 48
(c) 54 (d) 64
उत्तर - (c) 54
व्याख्या - Row(1) →(5−1)×8=32
Row(2)→(9−1)×6=48
Row(3)→(7−1)×9=54

प्र. (27) C, A से 2 वर्ष बड़ा है, लेकिन S से 1 वर्ष छोटा है। A, K से दोगुना है। यदि K की आयु 25 वर्ष है, तो S की आयु कितनी है -
(a) 51 (b) 53
(c) 52 (d) 55
उत्तर - (b) 53
व्याख्या - प्रश्नानुसार,
C = A + 2
C = S -1
A = 2 K
A = 2 x 25
A = 50
C = 50 + 2
C = 52

प्र. (28) कथन -
कुछ ऑथर, टीचर हैं।
कोई टीचर, लेडी नहीं है।
निष्कर्ष -
(i) कुछ टीचर, लेडीज नहीं हैं।
(ii) कुछ लेडीज, टीचर हैं।
उत्तर - (a) केवल (i) निष्कर्ष अनुसरण करता है।
व्याख्या - कथनानुसार,
ऑथर टीचर लेडी
अतः (i) ✓
(ii) x

प्र. (29) श्रृंखला को पूर्ण कीजिये -
5, 8, 12, 17, 23, ?
(a) 30 (b) 72
(c) 65 (d) 48
उत्तर - (a) 30
व्याख्या - 5 8 12 17 23 30
+3 +4 +5 +6 +7

प्र. (30) विषम पद ज्ञात करें -
(a) 5306 (b) 2147
(c) 4205 (d) 4308
उत्तर - (d) 4308
व्याख्या - 5306→5×6→30
2147→2×7→14
4205→4×5→20

प्र. (31) Book : Author :: Statue : ?
(a) Painter (b) Mason
(c) Sculptor (d) Teacher
उत्तर - (c) Sculptor (मूर्तिकार)

प्र. (32) घड़ी : समय :: थर्मामीटर : ?
(a) तापमान (b) ऊर्जा
(c) विकिरण (d) ऊष्मा
उत्तर - (a) तापमान

प्र. (33) अखबार : संपादक :: प्ले : ?
(a) एक्टर (b) थियेटर
(c) लेखक (d) निर्देशक
उत्तर - (d) निर्देशक

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

रासायनिक रोगाणु-नाशक द्रव्यों का उपयोग निर्जीव वस्तुओं को डिसइन्फेक्ट करने के लिये होगा

भोपाल, कोविड-19 प्रबंधन के लिये व्यक्तियों पर किसी भी परिस्थिति में डिसइन्फेक्टेड, रोगाणु-नाशक द्रव्यों का छिड़काव नहीं किया जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में पारित आदेश के तारतम्य में स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा सभी कलेक्टर, आयुक्त नगरीय प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक को निर्देश प्रसारित किये गये हैं, जिसमें निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि रासायनिक रोगाणु-नाशक द्रव्यों का उपयोग कोविड-19 के संदिग्ध अथवा पुष्ट रोगियों के उपयोग और बार-बार सम्पर्क में आने वाले स्थलों और सतहों पर ही किये जाने की अनुशंसा की गई है। किसी भी परिस्थिति में व्यक्तियों अथवा समूहों पर रोगाणु-नाशक द्रव्यों के छिड़काव की अनुशंसा नहीं की गई है।

रोग उत्पन्न करने वाले कीटाणु और अन्य हानिकारक सूक्ष्म विषाणुओं को नष्ट करने की क्षमता रोगाणु-नाशक रासायनिक द्रव्यों में होती है। रोगाणु-नाशक रासायनिक द्रव्यों के तीव्र रासायनिक गुण-धर्म को ध्यान में रखते हुए इन द्रव्यों और रसायनों का प्रयोग निर्जीव वस्तुओं को डिसइन्फेक्ट करने के लिये किया जाता है। कोविड-19 के संदिग्ध अथवा पॉजिटिव व्यक्तियों की बाहरी त्वचा पर रोगाणु-नाशक छिड़काव करने का कोई लाभ नहीं होता, क्योंकि शरीर में प्रवेश कर चुके वायरस पर इन द्रव्यों का कोई प्रभाव नहीं होता। इसके साथ ही इसके भी वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। क्लोरीन के छिड़काव के दौरान सम्पर्क में आने से आंखों अथवा त्वचा में जलन हो सकती है। पाचन प्रक्रिया पर दुष्प्रभाव और सोडियम हाइपोक्लोराइट रसायन के इन्हेल करने से नाक, गला और श्वसन तंत्र में जलन हो सकती है। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी किये गये हैं।

मंडियों का सुगम संचालन किसानों और व्यापारियों के लिए आवश्यक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मध्यप्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंत्रालय में भेंट की।

मुख्यमंत्री ने समिति के सदस्यगण को जानकारी दी कि मंडियों को स्मार्ट स्वरूप दिया जा रहा है। मंडी परिसर मल्टीपरपज़ कैंपस के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। केंद्र द्वारा द फार्मर प्रोड्यूसर ट्रेड एंड कॉमर्स अध्यादेश लागू होने के बाद किसानों और व्यापारियों को मंडी परिसर में निरंतर बेहतर सुविधा मिलती रहे, इसके लिए आवश्यक संरचना और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य गणित

1. $(\sec^4A - \tan^2A) - (\tan^4A + \sec^2A)$ का सरलीकृत मान क्या है?
(A) -1 (B) -1/2
(C) 0 (D) 1

उत्तर (C) 0

व्याख्या - A = 0° रखने पर
⇒ sec A = 1 और tan A = 0
अब इसे आवश्यक व्यंजन में रखने पर
⇒ $(\sec^4A - \tan^2A) - (\tan^4A + \sec^2A)$ का सरलीकृत मान 0 है।

2. अमन की वर्तमान आयु 46 वर्ष है। 10 वर्षों के बाद अमन और सुमित की आयु 8:11 के अनुपात में होगी। सुमित की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?
(A) 77 (B) 67
(C) 63 (D) 73

उत्तर (B) 67

व्याख्या - दिया गया है कि :
अमन की वर्तमान आयु 46 वर्ष है।
⇒ 10 वर्ष के पश्चात् अमन की आयु 56 वर्ष हो जायेगी, 10 वर्षों के बाद अमन और सुमित की आयु 8:11 के अनुपात में होगी।
$56 = 8 \times 7$
इसलिये, 10 वर्षों के बाद सुमित की आयु होगी $= 11 \times 7 = 77$ वर्ष।
अतः सुमित की वर्तमान आयु = (77 - 10) = 67 वर्ष

3. अमित वर्तमान में वैभव से 5 वर्ष बड़ा है। चार वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 5:4 होगा, तो वर्तमान में अमित की आयु (वर्ष में) कितनी है?
(A) 12 वर्ष (B) 16 वर्ष
(C) 18 वर्ष (D) 21 वर्ष

उत्तर (D) 21 वर्ष

व्याख्या - माना कि वैभव की आयु = a और अमित की आयु = 5 + a
(4 वर्ष बाद अमित की आयु)/(4 वर्ष बाद वैभव की आयु) = 5/4
⇒ (5 + a + 4)/(a + 4) = 5/4
⇒ 20 + 4a + 16 = 5a + 20
⇒ 5a - 4a = 16
a = 16
∴ अमित की आयु = 5+ a = 5+16 = 21

4. 800 मीटर लंबी एक ट्रेन 450 मीटर लंबे एक पुल को 50 सेकेंड में पार करती है। ट्रेन की गति (किमी/घंटा) में कितनी है?
(A) 90 (B) 100
(C) 80 (D) 95

उत्तर (A) 90

व्याख्या - हम जानते हैं कि, गति = दूरी/समय
⇒ ट्रेन की गति = (800 + 450)/50 = 1250/50 = 25 मी./सेकेंड = $25 \times (18/5)$ = 90 किमी/घंटा
(∴1 मीटर/सेकेंड = (18/5) किमी/घंटा)
∴ ट्रेन की गति = 90 किमी/घंटा

5. एक संख्या में पहले 20% की वृद्धि की जाती है और फिर उसे 10% घटाया जाता है। तो संख्या में प्रतिशत बदलाव क्या है?
(A) 8% की कमी
(B) 10% की कमी
(C) 10% की वृद्धि
(D) 8% की वृद्धि

उत्तर (D) 8% की वृद्धि

व्याख्या - माना की संख्या x है।
20% की वृद्धि के बाद, $x' = x + 0.2x = 1.2x$
10% की कमी के बाद, $x'' = 1.2x - 0.1 \times 1.2x = 1.08x$
स्पष्ट रूप से यहाँ % बढ़ता है।
⇒ % वृद्धि = $[(1.08x - x)/x] \times 100 = 8\%$ की वृद्धि

6. एक व्यापारी 540 रुपये में एक घड़ी खरीदता है और इसका अंकित मूल्य इस प्रकार से तय करता है कि, 10% की छूट देने के बाद भी वह 35% का लाभ कमाता है। घड़ी का अंकित मूल्य (रुपये में) क्या है?
(A) 790 (B) 810
(C) 850 (D) 750

उत्तर (B) 810

व्याख्या - माना अंकित मूल्य = x
⇒ क्रय मूल्य = 540
विक्रय मूल्य = $x - 0.1x = 0.9x$
लाभ = 35%
⇒ (विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य)/क्रय मूल्य = 0.35
⇒ $(0.9x - 540)/540 = 0.35$
⇒ $0.9x - 540 = 189$
⇒ $0.9x = 729$
⇒ $x = 729/0.9 = 810$
∴ अंकित मूल्य = 810 रुपये

7. $\sqrt{\dfrac{(0.04)^2 + (0.21)^2 - 0.0084}{(0.04)^3 + (0.21)^3}}$ का सरलतम मान क्या है?
(A) 0.5 (B) 2
(C) (1/0.25) (D) (1/03)

उत्तर (B) 2

व्याख्या -
$$\therefore \sqrt{\frac{(0.04)^2 + (0.21)^2 - 0.0084}{(0.04)^3 + (0.21)^3}}$$
$$= \sqrt{\frac{(0.04)^2 + (0.21)^2 - (0.04 \times 0.21)}{(0.04 + 0.21)(0.04^2 + 0.21^2 - (0.04 \times 0.21))}}$$
$$= \sqrt{\frac{1}{0.25}} = \frac{1}{0.5} = 2$$

8. 16 और 20 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिये?
(A) 24 (B) 25
(C) 32 (D) 40

उत्तर (B) 25

व्याख्या - माना की तृतीयानुपाती x है।
16 : 20 : : 20 : x
4/5 = 20/x, x = 100/4 = 25

9. यदि दो अंकीय संख्या का योग 9 है और दहाई स्थान और इकाई स्थान वाले अंकों के बीच का अंतर 1 है, तो दो अंकीय संख्या क्या है?
(A) 18 (B) 63
(C) 54 (D) 72

उत्तर (C) 54

व्याख्या - माना कि दो अंकीय संख्या $(10x + y)$ है
प्रश्नानुसार
$x + y = 9$ .....(1)
$x - y = 1$ .....(2)
समीकरण (1) और (2) को हल करने पर, हमें प्राप्त होता है, $x = 5$ और $y = 4$
इसलिये, दो अंकीय संख्या = $10x + y = 50 + 4 = 54$

10. एक कोण उसके पूरक कोण का दोगुना है। कोण का माप क्या है?
(A) 30° (B) 90°
(C) 60° (D) 120°

उत्तर (C) 60°

व्याख्या - माना कि कोण $x°$ है
तो इसका पूरक कोण $(90-x)°$ होगा
दिया हुआ है कि कोण उसके पूरक कोण का दोगुना है।
∴ $2(90 - x) = x$
$3x = 180$
$x = 60°$

11. 10000 रुपये को 18% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर (वार्षिक संयोजित) पर रखा जाता है। यदि ब्याज छमाही संयोजित हो, तो कितना अधिक ब्याज (रुपये में) प्राप्त होगा?
(A) 243 (B) 324
(C) 81 (D) 163

उत्तर (C) 81

व्याख्या - जब वार्षिक संयोजित हो,
संयोजित धनराशि = मूलधन $\{1 + (\text{दर}/100)\}$
$= 10000\{1 + (18/100)\}$
$= 11800 - 10000 = 1800$ रुपये
जब छमाही संयोजित हो,
⇒ दर = 18/2 = 9%
⇒ समय = $2 \times 1 = 2$
⇒ संयोजित धनराशि = मूलधन $\{1 + (\text{दर}/100)\}$
समय = $10000\{1 + (9/100)\}^2 = 11881$
⇒ चक्रवृद्धि ब्याज = मिश्रधन - मूलधन
= 11881 - 10000
= 1881 रुपये
∴ अभीष्ट अंतर = 1881 - 1800 = 81 रुपये

12. 1 और 150 तक के बीच (दोनों शामिल) सभी प्राकृतिक संख्याओं का योग क्या है, जो 3 के गुणनफल हैं?
(A) 3825 (B) 4235
(C) 4135 (D) 4415

उत्तर (A) 3825

व्याख्या - संख्याएं 3, 6, 9 - - - - - - - 150 हैं
एक समांतर श्रेणी का Nवां पद = a + (n-1)d
150 = 3 + (n-1)3
n = 50

एक समांतर श्रेणी के n पदों का योग $= \dfrac{n}{2}[29 + (n-1)d]$
जहां a पहला पद है, n पदों की संख्या है और d उभयनिष्ठ अंतर है। a = 3, n = 50 और d = 3
योग = $50/2 \times (6+49 \times 3) = 3825$

13. निम्नलिखित प्रश्न में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?
480 का 36% + 560 का ?% = 400
(A) 40.57 (B) 45.6
(C) 43.3 (D) 34.67

उत्तर (A) 40.57

व्याख्या - 480 का 36% + 560 का ?% = 400
⇒ $36/100 \times 480 + ?/100 \times 560 = 400$
⇒ $172.8 + 5.6 \times ? = 400$
⇒ $5.6 \times ? = 400 - 172.8$
⇒ $5.6 \times ? = 227.2$
⇒ $? = 227.2/5.6 = 40.57$
∴ ? = 40.57

14. सबसे छोटी संख्या जिसे 23 बढ़ाने पर 42, 36 और 45 प्रत्येक से विभाज्य हो जाती है?
(A) 1273 (B) 1237
(C) 1207 (D) 2507

उत्तर (B) 1237

व्याख्या - $42 = 2 \times 3 \times 7$
$36 = 2 \times 2 \times 3 \times 3$
$45 = 3 \times 3 \times 5$
42, 36 का 45 ल.स. = 1260
यह सबसे छोटी संख्या है, जो 42, 36 और 45 से विभाज्य है।
∴ अभीष्ट संख्या = 1260 - 23 = 1237

15. 1 रुपये में 4 वस्तुयें बेचकर, एक आदमी 50% हानि उठाता है। यदि वह 1 रुपये में 2 वस्तुएं बेचता है, तो लाभ का प्रतिशत क्या होता?
(A) 20 (B) 30
(C) 25 (D) 0

उत्तर (D) 0

व्याख्या - पहली स्थिति के लिये, विक्रय मूल्य = 1/4 प्रति वस्तु
CP = SP + हानि = 1/4 + 50% (CP) = 1/4 + CP/2
⇒ CP/2 =1/4
⇒ CP = 1/2 रुपये
अब, दूसरे भाग के लिये, SP = 1/2 रुपये/वस्तु
लाभ = SP - CP = 1/2 -1/2 = 0

16. एक व्यक्ति अपनी आय का 80% व्यय करता है और शेष बचत करता है। यदि उसकी आय और व्यय दोनों 10% बढ़ जाते हैं, तो उसके बचत में प्रतिशत परिवर्तन क्या है?
(A) 10% वृद्धि (B) 5% वृद्धि
(C) 5% कमी (D) 15% कमी

उत्तर (A) 10% वृद्धि

व्याख्या - माना, माना व्यक्ति की आय = x रु.
वह 80% व्यय करता है।
∴रु. में व्यय की राशि = $0.80x$
∴रु. में बचत की राशि = $x - 0.80x = 0.20x$
यदि उसकी आय और व्यय दोनों 10% बढ़ जाते हैं,
आय की नई राशि = $1.10x$
रु. में व्यय की नई राशि = $(1.10) \times (0.80x)$
$= 0.88x$
∴ रु. में बचत की नई राशि = $1.10x - 0.88x$
$= 0.22x$
∴ बचत में प्रतिशत वृद्धि = $[(0.22x - 0.20x)/0.20x] \times 100 = 10\%$
∴ 10% वृद्धि बचत में

17. 960 रुपये को M, N और O के बीच ऐसे बांटा जाता है, जिससे M को N के हिस्से का (3/9) गुना प्राप्त होता है और O को M के हिस्से का (4/7) भाग प्राप्त होता है। तो O का हिस्सा (रुपयों में) क्या है?
(A) 120 (B) 360
(C) 390 (D) 480

उत्तर (A) 120

व्याख्या - माना कि M, N और O के हिस्से को क्रमशः M, N और O द्वारा दर्शाया जाता है।
दी गई जानकारी के अनुसार,
M का हिस्सा = M = 3n/9 = n/3
O का हिस्सा = O = 4M/7 = (4/7) × (n/3) = 4n/21
उनके हिस्से का अनुपात = M : N :O = (1/3) : 1 : (4/21) = 7 : 21 : 4
O का हिस्सा = $960 \times [4/(7 + 21 + 4)] = 120$ रुपये
∴ O का हिस्सा = 120 रुपये

18. A एक कार्य के 12.5% भाग को 1 दिन में पूरा करता है, जबकि B कार्य के 37.5% भाग को 6 दिनों में पूरा करता है। एक साथ वे कार्य के 62.5% भाग को कितने दिनों में पूरा करेंगे?
(A) $3\frac{1}{3}$ दिन (B) 1/3 दिन
(C) $1\frac{1}{3}$ दिन (D) $2\frac{1}{3}$ दिन

उत्तर (A) $3\frac{1}{3}$ दिन

व्याख्या - जैसा कि हम जानते हैं, 12.5% = 1/8 और 37.5% = 3/8
A द्वारा एक कार्य के 12.5% भाग को पूरा करने में लिया गया समय = 1 दिन
A संपूर्ण कार्य पूरा करता है = $1 \times 8 = 8$दिन
B द्वारा एक कार्य के 37.5% भाग को पूरा करने में लिया गया समय = 6 दिन
B संपूर्ण कार्य को पूरा करता है = $6 \times 8/3 = 16$ दिन
जैसा कि हम जानते हैं,
दक्षता समय के व्युत्क्रमानुपाती होती है
A से B का दक्षता अनुपात = 16 : 8 = 2 : 1
कुल कार्य = $2 \times 8 = 16$
कुल कार्य का 62.5% भाग = $16 \times 5/8 = 10$
कार्य का 62.5% कार्य A और B द्वारा पूरा किया जाता है = $10/(2+1) = 10/3 = 3\frac{1}{3}$ दिन

19. P, Q की तुलना में चार गुना कुशल है। P किसी कार्य को Q की तुलना में 45 दिन कम में पूरा कर सकता है, यदि वे दोनों एक साथ काम करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?
(A) 10 (B) 12
(C) 15 (D) 30

उत्तर (B) 12

व्याख्या - माना कि Q की कुशलता q है
P की कुशलता = 4q
Q द्वारा लिया गया समय = 1/q
P द्वारा लिया गया समय = 1/4q
P किसी कार्य को Q की तुलना में 45 दिन कम में पूरा कर सकता है
1/4q = 1/q - 45
-3/4q = -45
q= $3/(45 \times 4) = 1/60$
संयुक्त कुशलता = q + 4q = 5q
उनके द्वारा लिया गया समय = $1/5q = 1/(5 \times 1/60)$ 12 दिन

20. दो प्रवेशिका पाइप एक टंकी को क्रमशः 20 और 24 घंटे में भर सकते हैं और एक निकास पाइप प्रति घंटे 160 गैलन पानी खाली कर सकता है। सभी तीन पाइप एक साथ काम करते हुये एक खाली टंकी को 40 घंटे में भर सकते हैं। टंकी की क्षमता (गैलन में) क्या है?
(A) 1200 (B) 2400
(C) 3600 (D) 1800

उत्तर (B) 2400

व्याख्या - माना कि निकास पाइप टंकी को x घंटे में खाली कर सकता है। दिया गया है कि,
$$\frac{1}{20} + \frac{1}{24} - \frac{1}{x} = \frac{1}{40}$$
$$\frac{1}{x} = \frac{1}{20} + \frac{1}{24} - \frac{1}{40} = \frac{6+5-3}{120} = \frac{1}{15}$$
निकास पाइप टंकी को 15 घंटे में खाली कर सकता है। दिया हुआ है कि, निकास पाइप प्रति घंटे 160 गैलन पानी खाली कर सकता है।
टंकी की कुल क्षमता = $160 \times 15 = 2400$ गैलन

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

जेल प्रहरी एवं प्राथमिक शाला शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान

1. सुधारवादी खुली जेल व्यवस्था पर आधारित भारतीय फिल्म है?
अ. नया दौर
ब. दो आंखें बारह हाथ
स. परिन्दे
द. अंकुश।

2. शराब की लत छुड़ाने हेतु केरल में प्रारंभ की गई योजना का नाम है?
अ. नई रोशनी ब. शुभ संकेतम्
स. सुबोधम द. नवज्ञानम।

3. निम्न में से किस सिन्धु घाटी स्थल से नाम पट्टिका अभिलेख मिला है?
अ. राखीगढ़ ब. धोलावीरा
स. कालीबंगा द. लोथल।

4. गोपाल कृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरु थे?
अ. एम.जी. रानाडे
ब. दादाभाई नौरोजी
स. लोकमान्य तिलक
द. नाना फड़नवीस।

5. 'विधि की उचित प्रक्रिया' का सिद्धांत किस संविधान की विशेषता है?
अ. अमेरिकन ब. कनाडियन
स. स्विस द. जापानी।

6. रानी लक्ष्मीबाई किस नाम से भी जानी जाती थीं?
अ. मनु
ब. मणिकर्णिका
स. उक्त सभी
द. इनमें से कोई नहीं।

7. इनमें सही युग्म नहीं है?
अ. राष्ट्रीय युवा दिवस-12 जनवरी
ब. विश्व स्वास्थ्य दिवस-07 अप्रैल
स. विश्व खाद्य दिवस-16 जुलाई
द. विश्व रक्तदान दिवस-14 जून

8. प्राचीनकालीन भारत की शासन व्यवस्था कितने महाजनपदों में विभक्त थी?
अ. 12 ब. 14
स. 16 द. 18

9. एक भारतीय नागरिक के मूल कर्तव्यों में शामिल हैं?
1. संविधान, राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करना।
2. सार्वजनिक सम्पत्ति और पर्यावरण की रक्षा करना।
3. सत्ताधारी दल के प्रति निष्ठा रखना।
4. वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर जीवन जीना।
अ. 1, 2 एवं 4
ब. 1, 2 एवं 3
स. मात्र 1 एवं 2
द. उक्त सभी।

10. 2019 का साहित्य के क्षेत्र में दिया जाने वाला नोबल पुरस्कार पीटर हंडके को प्रदान किया गया है। वे मूलतः निवासी हैं?
अ. ऑस्ट्रिया के ब. ब्राजील के
स. तजाकिस्तान के
द. जापान के।

11. माधव मेनन समिति का संबंध है?
अ. चुनाव सुधार से
ब. सरकारी विज्ञापनों के दुरुपयोग से
स. जेल नीति की समीक्षा से
द. साइबर अपराध रोकथाम से।

12. दण्ड व्यवस्था व जेल सुधार संबंधी 'पेन ऑप्टिकन योजना' प्रस्तुत की थी?
अ. रूसो ने ब. टालस्टाय ने
स. बेंथम ने द. मिल ने।

13. संविधान के किस भाग में 'आपातकालीन उपबंध' वर्णित हैं?
अ. भाग-16 में ब. भाग-18 में
स. भाग-19 में द. भाग-20 में

14. भारत में सूचना का अधिकार लागू हुआ है?
अ. 2005 में ब. 2007 में
स. 2009 में द. 2010 में।

15. शरद अरविंद बोबडे वर्तमान में किस पद पर पदस्थ हैं?
अ. मुख्य चुनाव आयुक्त
ब. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश
स. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश
द. कैबिनेट सेक्रेटरी।

16. मध्यप्रदेश की खुली जेल स्थित है?
अ. ईटखेडी में ब. मुंगावली में
स. बुधनी द. डबरा में।

17. किस राष्ट्रीय उद्यान को मोगली लैण्ड के रूप में विकसित किया गया है?
अ. पेंच, सिवनी-छिंदवाड़ा
ब. फासिल्स, मंडला
स. माधव, शिवपुरी
द. सतपुड़ा, होशंगाबाद।

18. सबसे कम आयु में किसने प्रधानमंत्री बनकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है?
अ. किम मैरिना
ब. मारिया ओहिसालो
स. सना मरिन
द. कात्री कुलमुनी ने।

19. अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन का मुख्यालय स्थित है?
अ. रोम में ब. जेनेवा में
स. लियोन में द. न्यूयार्क में।

20. सोयाबीन उत्पादन में देश में मध्यप्रदेश का स्थान है?
अ. प्रथम ब. द्वितीय
स. तृतीय द. चतुर्थ।

21. विश्व दृष्टि दिवस मनाया जाता है?
अ. अप्रैल के प्रथम सोमवार को।
ब. मई के प्रथम बुधवार को।
स. सितम्बर के द्वितीय सोमवार को।
द. अक्टूबर के द्वितीय गुरुवार को।

22. पीली क्रांति का संबंध है?
अ. दलहन उत्पादन से।
ब. स्वर्ण भंडार से।
स. तिलहन उत्पादन से।
द. उक्त सभी से।

23. फलों को पकाने में सहायक है?
अ. एथिलीन ब. फ्लोरीन
स. क्लोरीन द. ब्रोमीन।

24. एक नैनो मीटर होता है?
अ. 10^{6} मीटर ब. 10^{-7} मीटर
स. 10^{-8} मीटर द. 10^{-9} मीटर

25. प्रकाश की चाल सर्वाधिक होती है?
अ. जल में
ब. धातु चालक में
स. निर्वात में
द. प्रकाशित तंतु में

26. प्रकाशित तंतु (ऑप्टिकल फाइबर) का कार्य सिद्धांत आधारित है?
अ. पूर्ण आंतरिक परावर्तन पर
ब. परावर्तन पर
स. अपवर्तन
द. प्रकाश विद्युत प्रभाव पर

27. टेलीविजन सिग्नल का प्रसारण होता है?
अ. माइक्रो तरंगों द्वारा
ब. रेडियो तरंगों द्वारा
स. एक्स किरणों द्वारा
द. गामा विकरण द्वारा

28. ओस की बूंदें गोल होती हैं कारण?
अ. पृष्ठ तनाव ब. प्रत्यास्थता
स. गुरुत्वाकर्षण
द. इनमें से कोई नहीं

29. पौधों के भोजन बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं?
अ. संवहन
ब. क्लोरोफिल
स. प्रकाश संश्लेषण
द. जैथोफिल

30. ग्रहों की गति का अध्ययन किसने किया?
अ. न्यूटन ने ब. हाइगन ने
स. गैलिलियो ने द. केपलर ने

31. टिटनेस का कारण है?
अ. वाइरस ब. बैक्टीरिया
स. प्रोटोजोआ द. कवक।

32. पायरिया से प्रभावित होने वाला अंग है?
अ. नेत्र ब. गुर्दा
स. दांत द. फेफड़ा।

33. पानी की अपेक्षा पारा कितना गुना भारी होता है?
अ. 6 (लगभग) ब. 8 (लगभग)
स. 13 (लगभग) द. 18 (लगभग)

34. सबसे लम्बी अस्थि है?
अ. फीमर ब. स्टेपीज
स. रीढ़ द. इनमें से कोई।

35. मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा अभ्यारण्य है?
अ. सैलाना ब. नौरादेही
स. रातापानी द. सरदारपुर।

36. बर्फ का टुकड़ा पानी पर तैरता है, क्योंकि?
अ. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व से कम होता है।
ब. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व से अधिक होता है।
स. बर्फ का घनत्व पानी के घनत्व के बराबर होता है।
द. इनमें से कोई नहीं।

37. नारियल का खाने योग्य भाग कहलाता है?
अ. फल भित्ती ब. पुष्पासन
स. एरिल द. भ्रूणपोष।

38. हाल ही में किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी ने कल्पना चावला के नाम से सिग्नस स्पेसशिप को लॉन्च किया है?
अ. रूस ब. चीन
स. फ्रांस द. अमेरिका।

हल

1. ब, 2. स, 3. ब, 4. अ, 5. अ, 6. स, 7. स, 8. स, 9. अ, 10. अ, 11. ब, 12. स, 13. ब, 14. अ, 15. स, 16. ब, 17. अ, 18. स, 19. स, 20. अ, 21. द, 22. स, 23. अ, 24. द, 25. स, 26. अ, 27. अ, 28. अ, 29. स, 30. द, 31. ब, 32. स, 33. स, 34. अ, 35. ब, 36. अ, 37. द, 38. द।

व्याख्यात्मक हल

4. अ. गोपाल कृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरु महादेव गोविंद रानाडे थे, जबकि गोखले जी महात्मा गांधी जी के राजनीतिक गुरु थे।

7. स. विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है।

16. ब. म.प्र. की पहली खुली जेल मुंगावली में स्थापित की गई है।

18. स. फिनलैंड की 34 वर्षीय सना मरिन ने सबसे कम आयु में प्रधानमंत्री बनकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

मानवीय स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है औद्योगिक कचरा

हमारी दैनिक एवं विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति की प्रक्रिया से उत्पन्न, ऐसे पदार्थ जिनका हमारे लिये कोई तात्कालिक उपयोग नहीं होता, वह अपशिष्ट या कचरा कहलाता है। उचित प्रबंधन के अभाव में यह हमारे लिये विभिन्न प्रकार की पर्यावरणीय समस्यायें उत्पन्न करता है एवं हमारे जनजीवन तथा स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है।

देश में बढ़ते औद्योगिकीकरण एवं उद्योगों के निर्माण की तकनीकी प्रक्रिया में विभिन्न तरह का कचरा बड़ी मात्रा में पैदा होता है। अधिकांश औद्योगिक कचरे में खतरनाक तत्व होते हैं, जो पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं तथा मनुष्य के लिये हानिकारक होते हैं। वर्तमान औद्योगिकीकरण के युग में विद्युत उत्पादन, धातु उत्पादन, रासायनिक उद्योग तथा अन्य औद्योगिक इकाइयों से औद्योगिक कचरे की मात्रा, तेजी से बढ़ी है। इस कचरे के प्रति आम लोगों में जागरूकता की कमी है तथा इसके निपटान एवं प्रबंधन की जानकारी भी काफी सीमित है। ऐसी स्थिति में इसकी बढ़ती मात्रा एक विकराल रूप धारण कर रही है।

उद्योगों से निकलने वाला कचरा होता है जहरीला

ठोस कचरा मूलतः दो प्रकार का होता है, पहला शहरी रहन-सहन से उत्पन्न तथा दूसरा औद्योगिक गतिविधियों से। आज औद्योगिक कचरे से उत्पन्न पर्यावरणीय समस्याओं की ओर हम सबको ध्यान देना पड़ेगा, तभी हम इस बढ़ती समस्या से निजात पा सकेंगे। औद्योगिक गतिविधियों से मशीन तथा कच्चे माल को उत्पादन प्रक्रिया द्वारा उत्पादों में बदलते हैं, इससे उत्पाद बनने के बाद काफी मात्रा में औद्योगिक कचरा उत्पन्न होता है। प्रबंधन का ध्यान अधिकतर उत्पादकता पर रहता है, अपशिष्ट के निपटान पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। अधिकांश कचरे से खतरनाक विषैले तत्व जैसे कि हैवी मेटल इत्यादि होते हैं जो पर्यावरण के लिये हानिकारक होते हैं। इनका हमारे जीवन पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के तौर पर ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों से उत्पन्न फ्लाई एश में भारी धातुयें जैसे जिंक, मर्करी इत्यादि होती हैं। कीटनाशक औद्योगिक इकाईयों से उत्पन्न अपशिष्टों में बहुत से खतरनाक रसायन होते हैं, जिनसे कैंसर तथा अन्य जानलेवा बीमारियां होती हैं।

उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट अपेक्षाकृत जहरीले और खतरनाक होते हैं। ऐसे कचरे की आसपास की भूमि, जल एवं वायु सभी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साधारण अपशिष्ट के साथ खतरनाक औद्योगिक अपशिष्ट भी मिल जाते हैं। ऐसे में औद्योगिक कचरे का उपचार और भी कठिन हो जाता है। इस प्रकार के कचरे में कारखानों से निकला कचरा, पैकिंग के डिब्बे, कागज, अम्ल, क्षार व कई अन्य घातक रसायन हो सकते हैं। कई औद्योगिक प्रक्रियाओं में भारी मात्रा में हानिकारक रसायनों का उत्पादन होता है। औद्योगिक कचरे में पाये जाने वाले कई पदार्थ अनियंत्रित होने से डायक्सीन एवं फ्यूरान जैसी घातक गैसें पैदा कर सकते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों को जन्म दे सकती हैं।

जल, वायु और भूमि को दूषित करता है औद्योगिक कचरा

औद्योगिक संयंत्रों से भारी मात्रा में कचरा निस्तारित किया जाता है। जिनमें चीनी कारखाने से भारी मात्रा में खोई (बगास), तापीय ऊर्जा संयंत्रों से उत्पादित राख, एल्युमीनियम उद्योगों से रेडमड, औषधि निर्माण उद्योग से सूक्ष्म जीव, कार्बनिक रसायन, फास्फेट उर्वरक उद्योगों से फॉस्फोजिप्सम, जिसमें फ्लोराइड की मात्रा होती है। स्टील उद्योगों से स्टील स्लेग, स्पंज आयरन उद्योगों से धार और डोलोचार नामक कचरा उत्पन्न होता है। इसी तरह रबर तथा रबर उत्पाद, तापीय ऊर्जा संयंत्र, रासायनिक उद्योगों, चावल उद्योग इत्यादि लगभग सभी उद्योगों से कुछ न कुछ मात्रा में ठोस कचरा निकलता है जिसका यदि ठीक से निपटान न किया जाये तो ये जल, वायु एवं भूमि को प्रदूषित करते हैं।

औद्योगिक कच्चे माल एवं अन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिये प्रकृति से अनेक खनिजों का खनन किया जा रहा है। खनन के उपरांत भूमि को खुला ही छोड़ दिया जाता है। जिससे काफी मात्रा में उपजाऊ भूमि वीहड़ों में बदल जाती है। खनिज खनन कई प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करता है। विभिन्न खदानों से न केवल वायु एवं जल प्रदूषण होता है, बल्कि अव्यवहारिक खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न व्यर्थ कचरे से कई तरह के विषैले एवं खतरनाक पदार्थ भी पैदा होते हैं, जो हमें नुकसान पहुचाते हैं। औद्योगिक कचरे के अनियंत्रित निपटान से एक प्रमुख समस्या होती है, मिट्टी का रासायनिक प्रदूषण। उद्योगों द्वारा भूमि पर यूं ही फेंक दिये गये व्यर्थ में अनेक प्रकार के रासायनिक एवं विषैले पदार्थ होते हैं, जो भू-प्रदूषण करते हैं। कभी-कभी दुर्घटनावश या अनभिज्ञतावश कई रासायनिक पदार्थ मृदा में जा मिलते हैं। ये प्रदूषण तत्व जल स्रोतों में मिलकर खेतों या सब्जियों के बगीचों की सिंचाई के कारण फूल, सब्जियों तथा विभिन्न प्रकार के अन्न, दालों के साथ मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर हानि पहुंचाते हैं।

कचरे का हो सकता है सार्थक उपयोग

वास्तविक तौर पर देखें तो हम पायेंगे कि व्यर्थ कुछ भी नहीं है। अधिकांश ठोस कचरे का उपयोग किया जा सकता है। इस कचरे से बहुत सी बहुमूल्य धातुयें और रसायन प्राप्त किया जा सकता है। कई कचरे स्वयं ऊर्जा के बेहतर स्रोत हैं। देश के आसवानी उद्योगों से उत्पन्न औद्योगिक कचरे से बायोगैस बनाई जा सकती है। यह एक अच्छा ईंधन है और इसके समुचित उपयोग से इन उद्योगों द्वारा लगभग 3 लाख टन कोयले की खपत में प्रतिवर्ष कमी की जा रही है। लुगदी उद्योग के कचरे से भी बायोगैस बनाई जा सकती है। विशिष्ट प्रकार के औद्योगिक कचरे को कई उद्योगों में कच्चे माल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। एल्युमीनियम के उत्पादन की प्रक्रिया में रेडमड नामक कचरा उत्पन्न होता है, जो क्षारीय होता है। पर यदि हम प्रयत्न करें तो इससे स्पंज आयरन, एल्युमीनियम, वेनेडियम,

(शेष अगले पृष्ठ पर)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तमिलनाडु राज्य से संबंधित प्रश्न

1. भारत की मुख्य भूमि का सबसे दक्षिणतम बिन्दु किस राज्य में स्थित है -
(अ) केरल
(ब) तमिलनाडु
(स) गुजरात
(द) अरुणाचल प्रदेश

2. तमिलनाडु की सबसे प्रमुख नदी है -
(अ) कावेरी नदी
(ब) थामीरावारानी नदी
(स) वैगई नदी
(द) चित्तर नदी

3. अन्नामलाई राष्ट्रीय उद्यान किस प्रदेश में स्थित है -
(अ) कर्नाटक (ब) आंध्रप्रदेश
(स) तमिलनाडु (द) तेलंगाना

4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार तमिलनाडु में लिंगानुपात है -
(अ) 995 (ब) 982
(स) 790 (द) 955

5. अमरावती किसकी सहायक नदी है-
(अ) कावेरी नदी
(ब) वैगई नदी
(स) गुन्नार नदी
(द) चित्तर नदी

6. नीलगिरी पर्वत का सबसे ऊंचा शिखर है -
(अ) अन्नामुडी शिखर
(ब) डोड्डाबेट्टा शिखर
(स) कुद्रेमुख शिखर
(द) कलसुबाई शिखर

7. कौन सा एटॉमिक पावर स्टेशन तमिलनाडु राज्य में स्थित है -
(अ) कुंडनकुलम एटॉमिक पावर स्टेशन
(ब) तारापुर एटॉमिक पावर स्टेशन
(स) कलपक्कम एटॉमिक पावर स्टेशन
(द) अ एवं स दोनों

8. कौन सा नेशनल पार्क तमिलनाडु में स्थित है -
(अ) गल्फ ऑफ मन्नार मरीन नेशनल पार्क
(ब) अन्नामलाई नेशनल पार्क
(स) गिंडी नेशनल पार्क
(द) उपरोक्त सभी

9. श्रीलंका और भारत के मध्य कौन सी गल्फ है -
(अ) गल्फ ऑफ मन्नार
(ब) बंगाल की खाड़ी
(स) कच्छ की खाड़ी
(द) खम्भात की खाड़ी

10. निम्न में से किस राज्य में जाड़े के मौसम में वर्षा होती है -
(अ) केरल (ब) तमिलनाडु
(स) कर्नाटक (द) गोवा

11. तमिलनाडु में आयरन एण्ड स्टील कम्पनी कहां स्थित है -
(अ) सलेम
(ब) भद्रावती
(स) विशाखापट्टनम
(द) विजयनगरम

12. जहां पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट मिलते हैं, वहां निम्नलिखित में से कौन सी पहाड़ियां अवस्थित हैं -
(अ) नीलगिरी पहाड़ियां
(ब) शेवरॉय पहाड़ियां
(स) अन्नामलाई पहाड़ियां
(द) इनमें से कोई नहीं

13. कार्डमम पहाड़ियां किन राज्यों की सीमा पर स्थित हैं -
(अ) कर्नाटक - तमिलनाडु
(ब) केरल - तमिलनाडु
(स) तमिलनाडु - तेलंगाना
(द) केरल - कर्नाटक

14. तमिलनाडु का प्रसिद्ध हिल स्टेशन 'यारकॉड' किस पहाड़ी पर स्थित है-
(अ) सर्वरायन पहाड़ी
(ब) अन्नामलाई पहाड़ी
(स) अरावली पहाड़ी
(द) महेन्द्र गिरी पहाड़ी

15. पालघाट निम्नलिखित में से किनके मध्य स्थित है -
(अ) नीलगिरी और कार्डमम पहाड़ियां
(ब) नीलगिरी और अन्नामलाई पहाड़ियां
(स) अन्नामलाई और कार्डमम पहाड़ियां
(द) कार्डमम और पालिनी पहाड़ियां

16. तमिलनाडु में कौन सा सागरीय पुलिन (बीच) है -
(अ) मरीना बीच
(ब) कलांगुट बीच
(स) गोपालपुर बीच
(द) दीघा बीच

17. तमिलनाडु व आंध्रप्रदेश के सागरीय तट का नाम है -
(अ) कोरोमण्डल
(ब) कोंकण
(स) उत्तरी सरकार
(द) मालाबार

18. निम्नलिखित भारतीय द्वीपों में से कौन सा द्वीप भारत एवं श्रीलंका के मध्य स्थित है -
(अ) एलीफैन्टा (ब) निकोबार
(स) सालसेत (द) रामेश्वरम

19. तमिलनाडु राज्य में कौन सी जनजाति पाई जाती है -
(अ) वीरहोर (ब) भूटिया
(स) टोडा (द) सेंटिनेलीज

20. कावेरी नदी किस राज्य में सर्वाधिक लम्बाई में प्रवाहित होती है -
(अ) केरल (ब) कर्नाटक
(स) तमिलनाडु (द) तेलंगाना

21. पुलिकट झील किन दो राज्यों के मध्य स्थित है -
(अ) कर्नाटक और केरल
(ब) केरल और तमिलनाडु
(स) तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश
(द) इनमें से कोई नहीं

22. निम्न में से कौन सा जलाशय तमिलनाडु राज्य में स्थित है -
(अ) गांधी सागर
(ब) भवानी सागर
(स) नागार्जुन सागर
(द) भद्रा सागर

23. गन्ना प्रजनन संस्थान स्थित है -
(अ) बेल्लारी (ब) बेंगलुरु
(स) कोयम्बटूर (द) सलेम

24. तमिलनाडु का प्रमुख कोयला क्षेत्र है-
(अ) कोरवा (ब) नेवेली
(स) करनपुरा (द) सिंगरेनी

25. निम्न में से कौन सा तेलशोधन कारखाना तमिलनाडु में स्थित है -
(अ) नागापटनम
(ब) नुमालीगढ़
(स) कोयली
(द) तटिपाका

26. तमिलनाडु की सबसे प्रसिद्ध कला है-
(अ) तंजौर पेंटिंग
(ब) संजा
(स) रंगीन छपाई
(द) इनमें से कोई नहीं

27. तमिलनाडु के किस शहर को मंदिरों का शहर कहा जाता है -
(अ) महाबलीपुरम
(ब) चेन्नई
(स) कोयंबटूर
(द) उकई

28. तमिलनाडु के किस शहर को दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है-
(अ) चेन्नई (ब) सलेम
(स) मदुरई (द) कोयंबटूर

29. एयरफोर्स एडमिनिस्ट्रेटिव कॉलेज कहां है -
(अ) कोयंबटूर (ब) चेन्नई
(स) सलेम (द) माहे

30. सेण्ट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट कहां स्थित है -
(अ) चेन्नई
(ब) विशाखापट्टनम
(स) पुदुचेरी
(द) इनमें से कोई नहीं

31. केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान कहां स्थित है -
(अ) मैसूर (ब) हुबली
(स) सलेम (द) चेन्नई

32. तमिलनाडु राज्य के प्रमुख बन्दरगाह हैं -
(अ) चेन्नई
(ब) तूतीकोरिन
(स) इनमें से कोई नहीं
(द) अ और ब दोनों

33. संगम साहित्य किस राज्य से संबंधित है -
(अ) तमिलनाडु
(ब) महाराष्ट्र
(स) ओडिशा
(द) इनमें से कोई नहीं

34. निम्न में से कौन सा तमिलनाडु का पड़ोसी राज्य नहीं है -
(अ) तेलंगाना (ब) कर्नाटक
(स) केरल (द) आंध्रप्रदेश

35. तमिलनाडु के किस जिले की सीमा कर्नाटक एवं केरल से स्पर्श होती है -
(अ) कोयंबटूर (ब) नीलगिरी
(स) वेल्लूर (द) कांचीपुरम

36. तमिलनाडु का कांचीपुरम जाना जाता है -
(अ) साड़ियों के लिए
(ब) मसालों के लिए
(स) सोने के लिए
(द) इनमें से कोई नहीं

37. तमिलनाडु की सांस्कृतिक राजधानी किसे कहा जाता है -
(अ) मदुरई
(ब) महाबलीपुरम
(स) कोयंबटूर
(द) चेन्नई

38. कृत्रिम बंदरगाह का उदाहरण है -
(अ) मुम्बई
(ब) चेन्नई
(स) कोच्चि
(द) विशाखापट्टनम

39. एम.ए. चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में स्थित है -
(अ) हासन (ब) चेन्नई
(स) कोयंबटूर (द) वेल्लारी

40. हेल्थ कैपिटल ऑफ इंडिया के नाम से किस शहर को पुकारा जाता है -
(अ) चेन्नई (ब) कोलकाता
(स) सलेम (द) मदुराई

41. तमिलनाडु का कौन सा जिला मन्नार की खाड़ी पर स्थित है -
(अ) तूतुकुडी (ब) रामनाथपुरम
(स) तिरुनेलवेली (द) उपरोक्त सभी

42. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में तमिलनाडु का कौन सा स्थान है -
(अ) 10वाँ (ब) 5वाँ
(स) 14वाँ (द) तीसरा

43. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार तमिलनाडु का जनसंख्या की दृष्टि से भारत में स्थान है -
(अ) तीसरा (ब) 5वाँ
(स) 6वाँ (द) 9वाँ

44. तमिलनाडु के समुद्र तटीय भाग की लम्बाई है -
(अ) 510 किमी
(ब) 283 किमी
(स) 1076 किमी
(द) 1700 किमी

45. यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में निम्न में से कौन शामिल हैं -
(अ) महाबलीपुरम के स्मारक समूह
(ब) चोल मंदिर
(स) अ एवं ब दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. कौन सा लोक नृत्य तमिलनाडु से संबंधित नहीं है -
(अ) भरतनाट्यम
(ब) कुमी
(स) कोलट्टम
(द) माण्डी

उत्तरमाला

1. ब, 2. अ, 3. स, 4. अ, 5. अ, 6. ब, 7. द, 8. द, 9. अ, 10. ब, 11. अ, 12. अ, 13. ब, 14 अ, 15. ब, 16. अ, 17. अ, 18. द, 19. स, 20. स, 21. स, 22. ब, 23. स, 24. ब, 25. अ, 26. अ, 27. अ, 28. द, 29. अ, 30. अ, 31. द, 32. द, 33. अ, 34. अ, 35. ब, 36. अ, 37. अ, 38. ब, 39. ब, 40. अ, 41. द, 42. अ, 43. स, 44. स, 45. स, 46. द।

- डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द देवास में भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

टाइटेनियम जैसी धातुयें प्राप्त कर सकते हैं। पावर प्लांट से निकले फ्लाई एश का उपयोग ईंट बनाने, पोर्टलैण्ड सीमेंट, पोजलाना सीमेंट, टाईल्स, निर्माण कार्यों इत्यादि में किया जा रहा है। चर्म शोधन कारखानों से बहुत मात्रा में क्रोमियम नामक खतरनाक पदार्थ निकलता है, जिसकी अधिक मात्रा जीवित पदार्थों के लिये बहुत नुकसानदायक है। कचरे से क्रोमियम अलग करने की तकनीक विकसित हो चुकी है, जो इस महंगे धातु के यौगिकों को अलग कर पुनः उपयोग के लायक बना सकती है। इसी प्रकार रसायन, दवा, पेट्रो रसायन और कीटनाशक आदि उद्योगों के कचरे से भी अनेक बहुमूल्य रसायन बनाये जा सकते हैं। औद्योगिक कचरे के वैज्ञानिक उपयोग से अनेक आर्थिक और सामाजिक फायदा लिया जा सकता है, जिसका हमें भरपूर उपयोग करना चाहिये।

विकसित देशों से विकासशील देशों में भेजा जा रहा है अपशिष्ट

कुछ समय से विदेशों से भी कचरे का आयात औद्योगिक प्रयोजनों के लिय किया जा रहा है। विकसित देशों में खतरनाक अपशिष्ट कम विकसित देशों को भेजे जा रहे हैं, क्योंकि इनके उपचार की विधि वहां महंगी पड़ती है तथा पर्यावरण कानून काफी सख्त हैं। विकासशील देशों में अभी इस तरह के खतरनाक कचरे के दुष्परिणामों की जानकारी कम है तथा उद्योग ऐसे कचरे जिसमें लेड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट इत्यादि विदेशों से मंगाकर इसमें से कुछ उपयोगी तत्व निकालकर शेष को इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जो हमारे लिये हानिकारक होते हैं।

आज हम औद्योगिक प्रदूषण की एक और समस्या से भी जूझ रहे हैं, इलेक्ट्रॉनिक कचरा। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से बाजार भरे पड़े हैं। तकनीक में हो रहे लगातार बदलाव के कारण हम नये-नये इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से घर भर रहे हैं। ऐसे में पुराने उत्पादों को कबाड़ में बेचा जाता है और इसे आग में जलाकर इसमें से आवश्यक धातुयें जैसे कॉपर, क्रोमियम, सोना, लेड इत्यादि निकाली जाती हैं। इसे जलाने के दौरान जहरीला धुंआ निकलता है जो काफी घातक होता है। इसके अलावा अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक कचरे को इधर-उधर फेंक देने से यह हवा, भूमि, सतही और भूमिगत जल को भी प्रदूषित करता है।

अस्पताल से निकलता है बायो मेडिकल वेस्ट

अस्पतालों से निकलने वाला कचरा संक्रमित होने के कारण काफी खतरनाक होता है। इसे मेडिकल वेस्ट कहते हैं। इस कचरे में उपयोग की गई पट्टियां, बची हुई दवाईयां एवं कई बार मानव अथवा पशुओं के कटे हुये अंग भी शामिल होते हैं। इसके स्रोत पर ही रोगाणुमुक्त करना एवं जलाना सबसे सुरक्षित प्रबंधन व्यवस्था है किन्तु प्रत्येक छोटे - बड़े अस्पताल, डिस्पेंसरी एवं डॉक्टरों के पास इसकी व्यवस्था न होने के कारण इसका निपटारा सामूहिक रूप से किया जा सकता है। यह आवश्यक है कि वे संस्थान जहां यह उत्पन्न होता है। इसके उचित एवं सुरक्षित निष्पादन की व्यवस्था करें।

नागरिकों के सहयोग से किसी भी अपशिष्ट से निपटा जा सकता है

औद्योगिक कचरे से निपटने के लिये एक दीर्घगामी प्रयास करने की आवश्यकता है। जिसमें कचरे का पुनर्उपयोग, पुनर्चक्रण और अपशिष्ट की मात्रा में कमी करके हम काफी हद तक इस पर नियंत्रण पा सकते हैं। इसके अलावा कच्चे माल की खपत में कमी, निश्चित रूप से कचरे की मात्रा को कम करेगी।

औद्योगिक कचरे के शोधन की कई वैज्ञानिक विधियां हमें ज्ञात हैं। जिसमें इस कचरे से हो रहे नुकसान पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सकता है। जिसमें वैज्ञानिक ढंग से विकसित लैण्ड फीलिंग, प्लास्मा टेक्नोलॉजी इत्यादि प्रमुख हैं। इस दिशा में वैज्ञानिक द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं तथा नित नयी विधियां कचरे के निपटान के लिये विकसित हो रही हैं।

किसी भी तरह के प्रदूषण नियंत्रण में जिसमें औद्योगिक कचरे का निपटान भी सम्मिलित है, नागरिकों की भूमिका अहम है और यह कदम पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण भी है। आवश्यक है कि हमारी जीवनशैली पर्यावरण के हित में हो, जिसके लिये जरूरी है कि :-

- कचरे के प्रदूषण नियंत्रण की अपेक्षा, प्रदूषण की कमी लाने पर जोर हो।
- कचरे के मुक्त उत्पादन पर जोर दिया जाये।
- जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जाये।
- गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का उपयोग किया जाये।
- कचरे का पुनर्उपयोग और पुनर्चक्रण किया जाये।
- अपेक्षाकृत कम हानिकारक रसायनों का प्रयोग हो इत्यादि।

औद्योगिक कचरे से निपटने के लिये सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिये टिकाऊ विकास की अवधारणा को ध्यान में रखते हुये समय-समय पर आवश्यकतानुसार कानून बनाये गये हैं। इनमें जल, वायु एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम मुख्य हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत् फ्लाई एश, प्लास्टिक, नगरीय ठोस अपशिष्ट, बैटरी वेस्ट, खतरनाक अपशिष्ट, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट इत्यादि के लिये पृथक नियम बनाये गये हैं। जिनके क्रियान्वयन से पर्यावरण पर इसका अच्छा प्रभाव परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है और इसके लिये हम सबको मिलकर कार्य करना पड़ेगा। सरकार अपने स्तर पर विभिन्न पर्यावरणीय योजनाओं का क्रियान्वयन करती है, किन्तु योजनाओं की सफलता जनसामान्य के सहयोग पर ही निर्भर है।

अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

इटली और फ्रांस में प्रशिक्षण लेंगे भारतीय मुक्केबाज

नई दिल्ली, भारत के पुरुष और महिला मुक्केबाज विदेश में प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अक्टूबर से दिसंबर तक 52 दिनों की अवधि के लिए इटली और फ्रांस की यात्रा करेंगे। सरकार ने विदेशी प्रशिक्षण और प्रदर्शन के लिये लगभग 1.31 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

भारतीय दल में 28 सदस्य हैं, इनमें 10 पुरुष और 6 महिला मुक्केबाजों के साथ सहायक कर्मचारी भी शामिल होंगे। भाग लेने वाले मुक्केबाजों में अमित पंघाल, आशीष कुमार, सतीश कुमार, सिमरनजीत कौर, लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी शामिल हैं। इन सभी ने टोक्यो ओलिंपिक के लिए कोटा स्थान अर्जित किया है। भारत को अभी चार स्पर्धाओं (57 किलोग्राम, 81 किलोग्राम और 91 किलोग्राम पुरुष भारवर्ग और 57 किलोग्राम महिला भारवर्ग) में कोटा जीतना बाकी है। इन वर्गों के मुक्केबाज भी यात्रा दल का हिस्सा होंगे। इस दल में पुरुष टीम के 8 कोच और महिला टीम के 4 कोच भी शामिल होंगे।

महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग की मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन फिर से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा की भावना के

साथ प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत अच्छा है, हम फिर से इसका अनुभव प्राप्त करेंगे। मैं इसके बारे में बहुत उत्साहित हूं। ओलिंपिक से पहले हमारे पास अभी 10 महीने हैं, यूरोपीय खिलाड़ियों से मुकाबला करना वास्तव में मददगार साबित होगा।

पुरुषों और महिलाओं की मुक्केबाजी टीम इटली के अस्सीसी में 15 अक्टूबर से 5 दिसंबर तक 52 दिनों की अवधि के लिए प्रशिक्षण लेगी। इस दल के 13 मुक्केबाज 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक फ्रांस के नांतेस में आयोजित होने वाले 'एलेक्सिस वास्टाइन' अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे। पुरुषों के 75 किलोग्राम भार वर्ग के मुक्केबाज आशीष कुमार ने कहा कि यह अच्छी तैयारी है, क्योंकि ये मुक्केबाज उन खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं, जिनका सामना वे ओलिंपिक में कर सकते हैं। आशीष ने कहा कि इसमें खेलना हमारे लिए बहुत उपयोगी होगा। हम पहले से ही पटियाला में शिविर में हैं और हमने अपनी फिटनेस को फिर से हासिल कर लिया।

खेल चर्चा

ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलेंगे सेरेना और फेडरर

मेलबर्न, स्विट्जरलैंड के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर और अमेरिका की महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स अगले वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रैग टिले ने कहा कि हम टूर्नामेंट के लिये खिलाड़ियों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि 25 से 50 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम आने की मंजूरी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि सेरेना चोट के कारण फ्रेंच ओपन में बीच से ही हट गई थीं, जबकि फेडरर चोट के कारण यूएस ओपन और फ्रेंच ओपन दोनों से नाम वापस ले चुके हैं।

ईसीबी ने बेयरस्टो को टेस्ट कॉन्ट्रैक्ट से किया बाहर

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अनुभवी विकेट कीपर और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टेस्ट क्रिकेट की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर कर दिया है। इस लिस्ट में युवा खिलाड़ी जैक क्राउली, ओली पोप और डोम सिबली को शामिल किया गया है। ईसीबी ने टेस्ट और वन-डे के लिये 12-12 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया है। बेयरस्टो पिछले काफी समय से वन-डे और ट्वेंटी-20 क्रिकेट ज्यादा खेल रहे हैं। हालांकि बेयरस्टो को वन-डे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में बरकरार रखा है।

लंका प्रीमियर लीग का पहला सत्र आगे बढ़ा

कोलंबो, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने लंका प्रीमियर लीग का पहला सत्र 21 नवम्बर तक स्थगित कर दिया है। लीग के निदेशक रेविन विक्रमारत्ने ने कहा कि यह टूर्नामेंट पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 नवम्बर को शुरू होना था, लेकिन अब ये 21 नवम्बर से शुरू होगा। इससे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को श्रीलंकाई सरकार के पृथकवास नियमों को पूरा करने के लिये पर्याप्त समय मिलेगा। विक्रमारत्ने ने कहा कि आईपीएल 10 नवम्बर तक चलेगा, ऐसे में उन खिलाड़ियों को समय मिलेगा, जो आईपीएल के बाद लंका प्रीमियर लीग में खेलना चाहते हैं।

जोनाथन ने जीती गिरो डी इटालिया रेस की तीसरी स्टेज

रोम, इक्वाडोर के युवा साइक्लिस्ट जोनाथन कैइडो ने इटली की प्रतिष्ठित साइकिल रेस गिरो डी इटालिया के तीसरे चरण की रेस अपने नाम की है। जोनाथन ने 150 किलोमीटर की इस माउंटेन स्टेज को 4 घंटे 2 मिनट और 33 सेकेंड में पूरा किया। उल्लेखनीय है कि गिरो डी इटालिया रेस में कुल 21 चरण हैं। इस रेस में साइक्लिस्ट कुल 3 हजार 497.9 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

होंडा ने फॉर्मूला-वन से तोड़ा नाता

टोक्यो, जापान की कार निर्माता कंपनी होंडा ने फॉर्मूला-वन से नाता तोड़ने का निर्णय लिया है। होंडा ने कहा कि फॉर्मूला-वन का 2021 सत्र खत्म होने के बाद वह इस रेस में नहीं दिखेगी। होंडा कंपनी वर्ष 2015 से फॉर्मूला-वन का हिस्सा रही है। फॉर्मूला-वन की टीम रेडबुल और अल्फातौरी को होंडा इंजन सप्लाई करती है।

प्रशिक्षकों का वर्ष में दो बार फिटनेस टेस्ट लेगा साई

नई दिल्ली, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने अपने सभी प्रशिक्षकों (कोच) को वर्ष में दो बार फिटनेस टेस्ट कराने के निर्देश दिये हैं। साई ने सभी प्रशिक्षकों को फिटनेस टेस्ट के रिकॉर्ड की निजी फाइल तैयार करने को भी कहा है। साई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि फिटनेस टेस्ट आयु से जुड़े फिटनेस प्रोटोकॉल के दिशा-निर्देशों के अनुसार होना चाहिये। फिटनेस प्रोटोकॉल के तहत सभी प्रशिक्षक को बीएमआई, बैलेंस टेस्ट, फ्लेमिंगो बैलेंस, मस्कुलर स्ट्रैंथ टेस्ट, पुश-अप के साथ 2.4 किलोमीटर वॉक या रेस में भी शामिल होना होगा। साई ने कहा कि ये फिटनेस टेस्ट प्रोटोकॉल विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा तैयार किये गये हैं।

इथोपिया के शुरा किताता ने जीती लंदन मैराथन रेस

लंदन, इथोपिया के युवा मैराथन धावक शुरा किताता ने लंदन मैराथन रेस में जीत दर्ज की है। किताता ने रेस में विश्व रिकॉर्डधारी इलियुड किपचोगे को हराया। किताता ने यह रेस 2 घंटे 5 मिनट 41 सेकेंड में पूरी की। इस रेस में किपचोगे आठवें स्थान पर रहे। किताता वर्ष 2018 की लंदन मैराथन में किपचोगे से हार गये थे। इस वर्ष महिला वर्ग का खिताब केन्या की ब्रिगिड कोसगेई ने जीता। कोसगेई ने 2 घंटे 18 मिनट 58 सेकेंड में यह रेस पूरी की। रेस में कोसगेई ने अपनी हमवतन रूथ चेपनगेटिक को हराया।

कर्टनी वॉल्श बने वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच

किंग्स्टन, पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श को वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने वॉल्श के नाम का ऐलान किया। वॉल्श वर्ष 2022 तक टीम के साथ रहेंगे। वे महिला वन-डे विश्व कप तथा महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्व कप में कैरेबियाई महिला टीम का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य कोच बनाये जाने के बाद वॉल्श ने कहा कि मैं वेस्टइंडीज में खेल के विकास में मदद करना चाहता हूं। मैंने इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित हुये ट्वेंटी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की महिला टीम के साथ काम किया है। मुझे टीम के सभी पहलुओं की जानकारी है। कर्टनी वॉल्श वेस्टइंडीज के सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नवम्बर 1984 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले वॉल्श ने वेस्टइंडीज के लिये 132 टेस्ट मैचों में 519 विकेट लिये हैं। वॉल्श ने 205 वन-डे मैच भी खेले हैं। उन्होंने वन-डे क्रिकेट में 227 विकेट हासिल किये हैं।

- **वॉल्श टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं।**
- **वॉल्श को वर्ष 2010 में आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।**

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने जीती वन-डे सीरीज

ब्रिसबेन, ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुये न्यूजीलैंड को ट्वेंटी-20 सीरीज के बाद वन-डे सीरीज में भी क्लीन स्वीप किया है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में 232 रनों से हराया।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 325 रन बनाये। रशेल हायनेस (96) और एलिसा हीली (87) ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाते हुये पहले विकेट के लिये 144 रनों की साझेदारी की। इसके बाद एनाबेल सदरलैंड और एश्ले गार्नर ने भी उपयोगी पारी खेली।

जीत के लिये मिले विशाल लक्ष्य के सामने न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पूरी तरह दबाव में नजर आई। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 27 ओवरों में महज 93 रनों पर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिये एमी सदरवेट ने सर्वाधिक 41 रन बनाये। न्यूजीलैंड के 9 खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाये। ऑस्ट्रेलिया की रशेल हायनेस को प्लेयर ऑफ द मैच तथा प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

- **ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की वन-डे क्रिकेट में यह लगातार 21वीं जीत है।**
- **ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम के नाम भी लगातार 21 वन-डे मैच जीतने का रिकॉर्ड है।**
- **रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की यह पांचवीं बड़ी जीत है।**
- **महिला वन-डे क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है (408 रन)।**

जर्मन सुपर कप

बायर्न म्यूनिख ने जीता खिताब

म्यूनिख, जर्मनी के फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख का विजयरथ लगातार आगे बढ़ रहा है। बायर्न म्यूनिख ने यूएफा सुपर कप के बाद अब जर्मन सुपर कप का खिताब भी अपने नाम किया है। बायर्न ने टूर्नामेंट के फाइनल में अपने चिरप्रतिद्वंद्वी बोरूसिया डोर्टमंड को 3-2 से हराया।

फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। बायर्न म्यूनिख ने शुरुआत में डिफेंसिव रणनीति अपनाई, लेकिन टीम जल्द ही बोरूसिया डोर्टमंड पर दबाव बनाने में कामयाब रही। बायर्न म्यूनिख के कोरेंटिन टोलिसो ने 18वें मिनट में गोलकर टीम को बढ़त दिलाई। बायर्न म्यूनिख ने इसके बाद अटैकिंग खेल जारी रखा। टीम के स्टार खिलाड़ी थॉमस मुलर ने 32वें मिनट में डोर्टमंड के डिफेंस को भेदते हुये गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। मैच में पिछड़ने के बाद डोर्टमंड के खिलाड़ियों ने रणनीति में बदलाव किया। 39वें मिनट में

डोर्टमंड के जूलियन ब्रांड ने शानदार गोल दागा। पहले हाफ में म्यूनिख 2-1 से आगे था।

दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला रहा। मैच के 55वें मिनट में इर्लिंग ब्राट हालैंड ने गोल कर डोर्टमंड को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच में बढ़त हासिल करने के लिये दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बहुत कोशिश की।

मैच में 82वें मिनट में जोशुआ किमिच ने निर्णायक गोल दागकर बायर्न म्यूनिख की जीत तय कर दी। बायर्न म्यूनिख की जीत में गोलकीपर मैनुएल न्यूएर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

- **बायर्न म्यूनिख का यह इस वर्ष का पांचवां खिताब है।**
- **बायर्न म्यूनिख ने जर्मन कप, बुंदेस लीगा, चैंपियंस लीग और यूएफा सुपर कप का खिताब भी जीता है।**

लेवानडोवस्की बने यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर

ज्यूरिख, बायर्न म्यूनिख फुटबॉल क्लब के दिग्गज खिलाड़ी रॉबर्ट लेवानडोवस्की को इस वर्ष यूएफा मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया है। लेवानडोवस्की के लिये यह वर्ष लाजवाब रहा है। बायर्न म्यूनिख की जीत में लेवानडोवस्की का अहम योगदान रहा है। लेवानडोवस्की ने बुंदेस लीगा के पिछले सत्र में 34 गोल किये थे। लेवानडोवस्की ने यूएफा चैंपियन लीग में भी 15 गोल कर अपनी टीम को खिताब दिलाया था। इस वर्ष यूएफा अवॉर्ड्स में लेवानडोवस्की को मेंस फॉरवर्ड ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी मिला है। लेवानडोवस्की के टीममेट मैनुएल न्यूएर को गोल कीपर ऑफ द ईयर तथा जोशुआ किमिच को डिफेंडर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। बायर्न म्यूनिख के कोच हैंसी फ्लिक को कोच ऑफ द ईयर के पुरस्कार से नवाजा गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का निधन

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री रामविलास पासवान का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे श्री पासवान अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनका दिल की बीमारी से संबंधित इलाज चल रहा था। श्री पासवान के निधन पर देशभर के राजनेताओं ने शोक जताया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर दुःख जताते हुये अपने एक ट्वीट में लिखा कि रामविलास पासवान जी का निधन एक व्यक्तिगत क्षति है। मैंने एक दोस्त, मूल्यवान सहयोगी और ऐसे व्यक्ति को खो दिया है, जो हर गरीब की गरिमापूर्ण जिंदगी को सुनिश्चित करने के लिए बेहद उत्सुक था।

अटल टनल

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मनाली में दुनिया की सबसे लम्बी राजमार्ग टनल "अटल टनल" राष्ट्र को समर्पित की गई। यह टनल 9.02 किलोमीटर लंबी है, जो पूरे साल मनाली को लाहौल-स्पीति घाटी से जोड़ती है। इससे पहले, यह घाटी भारी बर्फबारी के कारण लगभग 6 महीने तक अलग-थलग रहती थी। यह सुरंग सेमी ट्रांसवर्स वेंटिलेशन सिस्टम, एससीएडीए नियंत्रित अग्निशमन, रोशनी और निगरानी प्रणालियों सहित अति-आधुनिक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल प्रणालियों से युक्त है। इसमें पर्याप्त सुरक्षा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

- **यह टनल हिमालय की पीरपंजाल पर्वतमाला में औसत समुद्र तल (एमएसएल) से 3000 मीटर (10,000 फीट) की ऊंचाई पर अति-आधुनिक सुविधाओं के साथ बनाई गई है।**
- **यह टनल मनाली और लेह के बीच सड़क की दूरी 46 किलोमीटर कम करती है और लगभग 4 से 5 घंटे समय की बचत करती है।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जी ने वर्ष 2002 में इस टनल की पहुंच सड़क की आधारशिला रखी थी।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस टनल में यात्रा की और मुख्य टनल में ही बनाई गई आपातकालीन टनल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर 'द मेकिंग ऑफ अटल टनल' पर एक चित्रात्मक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस दिन को ऐतिहासिक बताया, क्योंकि इससे न केवल भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का विजन पूरा हुआ है, बल्कि इस क्षेत्र के करोड़ों लोगों की दशकों पुरानी इच्छा और सपना भी पूरा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल टनल हिमाचल प्रदेश के बड़े हिस्से के साथ-साथ नये केन्द्र शासित प्रदेश लेह-लद्दाख के लिए भी एक जीवन रेखा बनने जा रही है। इससे मनाली और केलांग के बीच की दूरी 3 से 4 घंटे कम हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश और लेह-लद्दाख के हिस्से देश के बाकी हिस्सों से सदैव जुड़े रहेंगे और इन क्षेत्रों का तेजी से आर्थिक विकास होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अब यहां के किसान, बागवानी विशेषज्ञ और युवा राजधानी दिल्ली तथा देश के अन्य बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

यह परियोजना सुरक्षावलों की भी मदद करेगी, क्योंकि इससे सुरक्षावलों के लिए नियमित आपूर्ति सुनिश्चित होगी और उन्हें गश्त करने में भी मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने इस सपने को साकार करने में अपने जीवन को जोखिम में डालने वाले इंजीनियरों, तकनीशियनों और श्रमिकों के साहस और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अटल टनल भारत के सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देने जा रही है। यह विश्वस्तरीय संपर्क का जीता-जागता सबूत होगी।

सिग्नस कार्गो स्पेसक्राॅफ्ट

अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की याद में लॉन्च हुआ

नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री स्वर्गीय कल्पना चावला के नाम पर सिग्नस कार्गो स्पेसक्राॅफ्ट को लॉन्च कर दिया है। अमेरिका के नार्थरोप ग्रूमैन कॉर्पोरेशन के इस स्पेसक्राॅफ्ट को नासा वॉलॉप्स फ्लाइट फैसिलिटी से लॉन्च कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक कार्गो और आपूर्ति ले जा रहा है। नासा हेडक्वार्टर के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के एक्टिंग डायरेक्टर रॉबिन गेटेन्स का कहना है कि लगभग 8,000 पाउंड कार्गो अंतरिक्ष में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन के अलावा भविष्य के अन्वेषण मिशन को सक्षम करने वाली चीजें हैं, जिसमें चांद और मंगल ग्रह पर जाना शामिल है।

रूस ने हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया

रूस ने अपनी सबसे घातक हाइपरसोनिक मिसाइल जिरकॉन का बैरेंट सागर में सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल ने ध्वनि से आठ गुना अधिक (मैक आठ) गति से 450 किलोमीटर दूर लक्ष्य को तबाह किया। मिसाइल ने यह दूरी 4.5 मिनट में तय की। नाटो देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच माना जा रहा है कि रूस ने हाइपरसोनिक के जरिए मिसाइल का परीक्षण कर अपने वर्चस्व को प्रस्तुत किया है।

भारत ने किया 'स्मार्ट' का सफल परीक्षण

भारत ने सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) का सफलतापूर्वक परीक्षण कर एक नयी मिसाल कायम की है। यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसमें टॉरपीडो के साथ मिसाइल भी होती है। इस मिसाइल की रेंज, एल्टीट्यूड, नोज कोन के अलग होने की प्रक्रिया, टॉरपीडो को छोड़ने की क्षमता और वीआरएम पर स्थापित करने की क्षमता और वीआरएम पर स्थापित करने की प्रक्रिया सहित सभी पैमाने सही पाये गये।

गूगल ने

गोंडी भाषा का यूनीकोड फॉन्ट बनाया

आदिवासी भाषा गोंडी को लिपिबद्ध कर लिया गया है। गूगल ने इसका यूनीकोड फॉन्ट भी बना दिया है। इसके साथ ही गोंडी अब उन अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में शामिल हो गई है जिनका यूनीकोड मौजूद है।

- **अब यह भाषा मोबाइल और इंटरनेट पर सीधे टाइप कर सकेंगे।**
- **न्यूजीलैंड की कंपनी के साथ मिलकर बनाया गया है इसका यूनीकोड फॉन्ट।**

अब गोंडी भाषा मोबाइल और इंटरनेट पर आसानी से टाइप की जा सकेगी। इस काम में सहयोग देने वाले शुभ्रांशु चौधरी के अनुसार गोंडी यूनीकोड फॉन्ट के ऑनलाइन इनोग्रेशन के दौरान तेलंगाना के सिदाम अरजु, न्यूजीलैंड के मार्क पैनी, गूगल से क्रेक कोरनेलियस और देवांश मेहता मौजूद थे। शुभ्रांशु के मुताबिक यूनीकोड फॉन्ट आ जाने से गोंडी भाषा का विस्तार होगा। ज्ञात रहे कि गोंडी भाषा अब तक सिर्फ बोली जाती थी, लेकिन अब इसे लिखा भी जा सकेगा। खासतौर पर यूनीकोड फॉन्ट के जरिये इसका उपयोग युवा कर पायेंगे।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 के लिए नामांकन आमंत्रित

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को पहचानने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। योजना की जानकारी www.dst.gov.in पर देखें। अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2020 है।

नोबेल पुरस्कार 2020

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों की हुई घोषणा

साल 2020 के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कारों का ऐलान हो गया है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष फिजिक्स, केमिस्ट्री, मेडिसिन, साहित्य, शांति एवं अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उत्कृष्ट और विशिष्ट कार्य करने वालों को दिए जाते हैं। अभी तक पांच क्षेत्रों के पुरस्कार घोषित कर दिए गए हैं।

मेडिसिन

2020 के लिए चिकित्सा (मेडिसिन) क्षेत्र का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकन वैज्ञानिक हार्वे जे ऑल्टर और माइकल हॉफटन तथा ब्रिटिश वैज्ञानिक चार्ल्स एम राइस को संयुक्त रूप से दिया गया है।

उन्हें यह सम्मान हेपेटाइटिस सी वायरस की खोज के लिए मिला है। अमेरिकी शोधकर्ता जे ऑल्टर अमेरिका में नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ से संबद्ध हैं। अमेरिकी वायरोलॉजिस्ट राइस, रॉकफेलर यूनिवर्सिटी से संबद्ध हैं, जबकि ह्यूटन कनाडा की ऐल्बर्टा यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं।

केमिस्ट्री

साल 2020 के लिए रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) का नोबेल पुरस्कार जीनोम एडिटिंग की प्रक्रिया विकसित करने के लिए फ्रेंच शोधकर्ता इमेनुएल शार्पेंटियर और अमेरिकी बायोकेमिस्ट जेनिफर ए. डूडना को दिया गया है।

दोनों ने मिलकर जीन टेक्नोलॉजी का सबसे तेज़ टूल CRISPR/Cas9 जेनेटिक सिज़र्स बनाया था। जेनिफर ए. डूडना कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं, जबकि इमेनुएल जर्मनी के मैक्स प्लैंक यूनिट फॉर द साइंस ऑफ पाथोजेंस से संबद्ध हैं।

फिजिक्स

2020 के लिए भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार रॉजर पेनरोस, रेनहार्ड गेंजेल और ऐंड्रिया गेज को दिया गया है। इस बार आधा नोबल पुरस्कार रॉजर पेनरोस और आधा संयुक्त रूप से रेनहार्ड गेंज़ेल और ऐंड्रिया गेज़ को दिया गया। पेनरोस ने यह सम्मान 'ब्लैक होल का निर्माण सापेक्षता के सिद्धांत की ठोस भविष्यवाणी है' खोज के लिए, जबकि गेंजेल और गेज ने 'हमारी आकाशगंगा के मध्य में एक विशालकाय सघन वस्तु की खोज' के लिए जीता है। रॉजर, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तथा गेंजेल और गेज कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से संबद्ध हैं।

साहित्य

अमेरिकी कवयित्री लुइस ग्लक को वर्ष 2020 के लिए साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लुइस को उनकी काव्यात्मक आवाज के लिए यह सम्मान दिया गया है। वर्ष 1943 में न्यूयॉर्क में जन्मीं 77 वर्षीय लुइस ग्लक येल यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी की प्रोफेसर हैं। ग्लक ने 1968 में 'फर्स्टबोर्न' के साथ अपनी शुरुआत की और अमेरिकी साहित्य के प्रमुख कवियों में शामिल हो गईं। उनके बारह कविताओं का संग्रह और कुछ निबंध प्रकाशित हुए हैं। लुइस का 'द वाइल्ड आइरिस' संग्रह काफी प्रसिद्ध है, यह 1992 में प्रकाशित हुआ था।

शांति

वर्ष 2020 का नोबेल शांति पुरस्कार किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि एक संस्था 'वर्ल्ड फूड प्रोग्राम' (डब्ल्यूएफपी) को प्रदान किया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में भुखमरी से लड़ने और शांति कायम करने से जुड़े सराहनीय कार्यों के चलते 'वर्ल्ड फूड प्रोग्राम' को यह पुरस्कार दिया गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम भुखमरी मिटाने और खाद्य सुरक्षा पर केन्द्रित संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है। नोबेल समिति के अनुसार वर्ल्ड फूड प्रोग्राम दुनिया की सबसे बड़ी मानवतावादी संस्थाओं में से एक है, जो कि खाने की मदद देती है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।